राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 327
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 08 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 21 अगस्त को गिराए जाएंगे सुपरटेक के ट्विन टावर, प्राधिकरण की बैठक में फाइनल हुआ प्लान
पेज 5 बरेली में सड़क हादसा : रोडवेज बस हुई अनियंत्रित, मॉर्निंग वॉक कर रहे बुजुर्ग की मौत
पेज 7 नूपुर शर्मा को मिला नीदरलैंड के सांसद का साथ, बोले- कुछ भी गलत नहीं कहा, माफी मांगने की जरूरत नहीं

## बारातियों से भरी एसयूवी पर ट्रक चढ़ा, 8 की मौत

### दुल्हन का घर 8 किमी दूर था, बारात की जगह रुलाने वाली खबर पहुंची

बाड़मेर। राजस्थान के बाड़मेर में भीषण सड़क हादसे में सोमवार देर रात 8 बारातियों की मौत हो गई। कार में सेडिया (जालोर) के रहने वाले एक परिवार के 9 लोग सवार थे। इनमें से 8 की जान चली गई। हादसा बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी थाने के बाटा फाटे के पास हुआ। वहां से दुल्हन का घर सिर्फ 8 किलोमीटर रह गया था। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

#### मंजिल पर पहुंचने वाले थे कि हादसा हो गया

बारात में शामिल लोग कांधी की ढाणी जा रहे थे। बारात में शामिल अन्य वाहन से बाराती उतरे और गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। हादसा इतना भीषण था कि फंसे लोगों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। कई लाशें एक दूसरे से चिपकी हुई थीं।



#### कार में फंस गए थे बारातियों के शव

पुलिस ने बताया कि बारात बाड़मेर जिले के कांधी की ढाणी गुड़ामालानी जा रही थी। इसी दौरान रामजी की गोल से गुड़ामालानी हाईवे पर बाटा फाटे के पास कार और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो गाड़ी बुरी तरह से पिचक गई। कार में सवार सभी लोग फंस गए। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शवों को निकाला जा सका। इस हादसे में पूनमाराम



(45) पुत्र ढीमाराम, प्रकाश (28) पुत्र पेमाराम, मनीष (12) पुत्र पूनमाराम, प्रिंस (5) पुत्र मांगीलाल, भागीरथराम (38) पुत्र पोकराराम और पूनमाराम (48) पुत्र भगवानाराम निवासी खारा जालोर समेत 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मांगीलाल (35) पुत्र नैनाराम और बुद्धराम (40) पुत्र कानाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रकाश (20) पुत्र हरजीराम विश्नोई गंभीर घायल है, जिसका सांचौर के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी

### आतंकी संगठन अल कायदा ने दिल्ली, महाराष्ट्र समेत 4 राज्यों में आत्मघाती हमले की धमकी दी

नई दिल्ली। आतंकवादी समूह अलकायदा ने भारत में आत्मघाती हमलों की धमकी दी है। अलकायदा ने 6 जून को जारी अपने आधिकारिक लेटर में धमकी देते हुए कहा है कि वह गुजरात, यूपी, मुंबई और दिल्ली में आत्मघाती हमने करने के लिए तैयार है। एक टीबी डिबेट के दौरान भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर अलकायदा ने यह धमकी दी है।

अलकायदा ने कहा कि वह पैगंबर के सम्मान के लिए लड़ने के लिए दिल्ली, मुंबई, उत्तर प्रदेश और गुजरात में आत्मघाती हमले शुरू करेगा। अलकायदा के पत्र में कहा गया, हम उन लोगों को मार देंगे जो हमारे पैगंबर का अपमान करते हैं और हम अपने शरीर और अपने बच्चों के शरीर पर विस्फोटक बांधेंगे ताकि उन लोगों को उड़ाया जा सके जो हमारे पैगंबर का अपमान करने की हिम्मत करते हैं...



भगवा आतंकवादियों को अब दिल्ली, बॉम्बे, यूपी और गुजरात में अपने अंत का इंतजार करना चाहिए।

अपने लेटर में आतंकी संगठन ने कहा, कुछ दिन पहले हिंदुत्व के प्रचारक ने टीबी डिबेट के दौरान इस्लाम धर्म और पैगंबर मोहम्मद का अपमान किया था। उनके बयानों से दुनिया भर के मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंची। [उन्हें] कोई माफी या क्षमादान नहीं मिलेगा। यह मामला निंदा या दुख के किसी भी शब्द के साथ बंद नहीं होगा। अलकायदा ने आगे कहा कि हम पैगंबर के अपमान का बदला लेंगे। हम दूसरों से इस लड़ाई में शामिल होने के लिए कहेंगे।

#### दिल्ली पुलिस ने नुपूर शर्मा, उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई

दिल्ली पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादित टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निष्कासित की गई नूपुर शर्मा और उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता शर्मा को पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के बाद जान से मारने की धमकियां मिलने की शिकायतों के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की थी। शर्मा ने उन्हें मिल रही धमकियों का हवाला देते हुए पुलिस से सुरक्षा मुहैया कराने का अनुरोध किया था। एक अधिकारी ने कहा, ''शर्मा ने आरोप लगाया था कि उन्हें धमकियां मिल रही हैं और उनकी टिप्पणियों को लेकर उन्हें परेशान किया जा रहा है, जिसके बाद उन्हें एवं उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई गई है।''

#### मुस्लिम देशों ने कड़ी आलोचना की

पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भाजपा नेताओं की विवादास्पद टिप्पणियों की कई मुस्लिम देशों ने कड़ी आलोचना की है। इस बीच, भाजपा ने शर्मा को रविवार को निलंबित कर दिया था और दिल्ली के अपने मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल को निष्कासित कर दिया था। मुस्लिम संगठनों के प्रदर्शनों और कुवैत, कतर एवं ईरान जैसे देशों की तीखी प्रतिक्रिया के बीच भाजपा ने एक बयान जारी कर कहा था कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती है और किसी भी धर्म के पूजनीय लोगों के अपमान की कड़ी निंदा करती है।

लगभग 10 दिन पहले टीवी पर एक बहस में शर्मा की टिप्पणियों और जिंदल के आपत्तिजनक ट्वीट के खिलाफ ट्विटर पर एक अभियान चलाकर कुछ देशों में भारतीय उत्पादों के बहिष्कार का आह्वान किया गया था। कार्रवाई के बाद नुपूर शर्मा ने टीवी बहस में दिए गए अपने विवादास्पद बयान को बिना शर्त वापस ले लिया था और दावा किया था कि उनकी टिप्पणी ''उनके आराध्य महादेव के निरंतर अपमान और तिरस्कार'' की प्रतिक्रिया में आई थी।

### आप मंत्री का मनी लॉन्ड्रिंग केस : सत्येंद्र जैन के करीबी के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

## सोने के 133 सिक्के, 2.82 करोड़ रुपए मिले

नई दिल्ली। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन के करीबी के यहां ईडी ने छापेमारी की है। छापेमारी में 2.82 करोड़ रुपए नकद और 133 सोने के सिक्के बरामद हुए। इनका वजन 1.80 किलोग्राम है।

ईडी ने सत्येंद्र जैन और उनके सहयोगी के दिल्ली गुरुग्राम में बने 7 ठिकानों पर 6 जून को छापा मारा था। सुबह 7 बजे से लेकर देर रात तक चली छापेमारी में यह कैश और सोना मिला। जैन को पिछले दिनों ईडी ने गिरफ्तार किया था, वो 9 जून तक हिरासत में हैं।

दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर सत्येंद्र जैन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन, उनकी पत्नी पूनम और अन्य पर



मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि जैन ने कथित तौर पर दिल्ली में कई शेल कंपनियां बनाई या खरीदी थीं। उन्होंने कोलकाता के तीन हवाला ऑपरेटर्स से 54 शेल कंपनियों के जरिए 16.39 करोड़ रुपए का काला धन भी ट्रांसफर किया।

पिछले महीने ईडी ने जैन परिवार



और उनसे जुड़ी कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। 2018 में भी इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन से पूछताछ की थी।

#### भगवान हमारे साथ है : सीएम केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मामले में पीएम मोदी पर निशाना साधा है। ट्वीट में केजरीवाल ने कहा इस वक्त प्रधान मंत्री जी पूरी ताकत के साथ आम आदमी पार्टी के पीछे पड़े हैं। खासकर दिल्ली और पंजाब सरकारों के। उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि आपके पास सारी एजेंसीज की ताकत है, पर भगवान हमारे साथ है।

#### सांसद संजय सिंह ने बीजेपी पर साधा निशाना

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने ईडी की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सत्येंद्र जैन के घर से कुछ नहीं मिला है।

सत्येंद्र को फंसाने के लिए किसी भी आदमी को उनका करीबी बताया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब जैन के घर से कुछ नहीं मिला तो भाजपा बौखलाकर कुछ भी आरोप लगा रही है। सत्येंद्र के घर से 2 लाख 79 हजार रुपए मिले हैं बस। बाकी सब झूठ है।

## कोविड-19 : देश में 24 घंटे में कोरोना के 1,194 सक्रिय मामले बढ़े

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के नये मामलों में लगातार हो रही वृद्धि के बीच बीते 24 घंटे में 1,194 सक्रिय मामले बढ़कर 26,976 हो गये हैं।

इस दौरान महाराष्ट्र में सबसे अधिक 662, उसके बाद केरल में 570 उत्तर प्रदेश में 76 सक्रिय मामले बढ़े है। इसके अलावा 16 अन्य राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों में भी सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। इस दौरान कोविड संक्रमण के 3714 नये मरीज सामने आयें हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 194 करोड़ 27 लाख 16 हजार 543



टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण से 2,513 मरीज ठीक हुये हैं। इसी के साथ अभी तक कुल चार करोड़ 26 लाख 33 हजार 365 मरीज कोविड से उबर चुके हैं। इन नये आंकड़ों के साथ देश में दैनिक संक्रमण दर 0.06 प्रतिशत, स्वस्थ होने वालों की दर 98.72 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख सात हजार 716 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 85 करोड़ 32 लाख नौ हजार 262 कोविड परीक्षण किए हैं। केरल में कोरोना वायरस के 570 सक्रिय मामले बढ़कर 9,405 हो गये हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 807 बढ़कर 6486092 हो गयी है, जबकि मृतकों की संख्या छह बढ़कर 69796 है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 662 बढ़कर 7,429 हो गयी है। वहीं, 374 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 7738938 तक पहुंच गया है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 1,47,866 हो गया है।

## केन्द्रीय एजेंसी नष्ट करेगी 42 हजार किग्रा मादक द्रव्य

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय की एजेंसी केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) बुधवार को लखनऊ, पटना और मुंबई समेत देश भर में 14 जगह कुल करीब 42,000 किलोग्राम मादक द्रव्य नष्ट करेगी। वित्त मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार सीबीआईसी वित्त मंत्रालय के विशिष्ट सप्ताह के कार्यक्रमों के सिलसिले में कल मादक औषधि विध्वंस दिवस का आयोजन किया है। इसके तहत देश भर में 14 जगहों पर 42 हजार किलोग्राम के करीब जब्त मादक द्रव्यों को नष्ट किया जाएगा। विज्ञप्ति के अनुसार लखनऊ, मुंबई,




मुंद्रा/कांडला, पटना और सिलीगुड़ी में मादक द्रव्य नष्ट करने की कार्रवाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण डिजिटल माध्यम से देखेंगी। सीतारमण इस अवसर पर सीबीआईसी के अधिकारियों को संबोधित भी करेंगी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वित्त मंत्रालय इस समय विशिष्ट सप्ताह मना रहा है।

### कश्मीर में आतंकी मंसूबे नाकाम : कनाचक में ड्रोन गिराकर टिफिन बम बरामद

## कुपवाड़ा-सोपोर में 4 दहशतगर्द ढेर, इनमें 3 पाकिस्तानी

कनाचक। BSF ने जिस ड्रोन को मार गिराया उसमें बच्चों वाले लंच बॉक्स मिले हैं। इनके अंदर विस्फोटक था।

जम्मू-कश्मीर में सोमवार रात से चल रहे दो एनकाउंटर्स में 4 आतंकी ढेर हुए। सोपोर जिले के जालूरा इलाके में रात 10 बजे लश्कर-ए-तैयबा का एक और कुपवाड़ा में सुबह 3 आतंकी मारे गए। 4 में से 3 आतंकी पाकिस्तानी थे, जबकि एक लोकल। दूसरी ओर BSF ने सोमवार रात ही कनाचक के दयारान में नजर आए एक ड्रोन पर गोलियां चलाईं।

रात करीब 11 बजे हुई फायरिंग के बाद ड्रोन से जुड़े पेलोड को नीचे लाया गया। पेलोड में बच्चों के टिफिन बॉक्स के अंदर 3 मैग्नेट IED थे। जिनमें टाइमर सेट था।

#### 4 में से 3 पाकिस्तानी और एक लोकल आतंकी

कुपवाड़ा में सुबह 6 बजे सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुए एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए। कश्मीर के IGP विजय कुमार ने बताया कि मारे गए पाकिस्तानी आतंकियों के नाम तुफैल और नदीम अहमद थे। यह जानकारी आतंकियों के पास जब्त दस्तावेजों से मिली है।



मौके से दो ऐके-56 रायफल जब्त की गई हैं।

सोपोर में मारे गए आतंकी का नाम हंजला है, वह भी पाकिस्तानी था। उसके दो साथी भाग गए, लेकिन अपने बैग वहीं छोड़ गए, जिनमें मिले दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस ने हंजला के पास से एक ऐके-47 और 5 मैगजीन भी जब्त कीं। एक स्थानीय आतंकी भी मारा गया।

#### टारगेट किलिंग में शामिल आतंकियों का सफाया जारी

IGP कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि टारगेट किलिंग में शामिल आतंकियों की पहचान और खात्मे का सिलसिला जारी है। राहुल भट की हत्या में 2 आतंकवादी शामिल थे। जिसमें से एक मारा गया और एक बचा है। उसकी तलाश जारी है। अमरीन भट की हत्या में शामिल 2 आतंकवादियों को मारा जा चुका है। बैंक मैनेजर विजय कुमार हत्याकांड के आतंकियों की पहचान कर ली गई है। उन्हें जल्द ही या तो गिरफ्तार किया जाएगा, या खात्मा कर दिया जाएगा।

#### 26 दिन में टारगेट किलिंग की 10 घटनाएं

घाटी में इन दिनों दहशतगर्दों के निशाने पर प्रवासी मजदूर और कश्मीरी हिंदू हैं। 26 दिन में टारगेट किलिंग की 10 घटनाएं सामने आने के बाद घाटी से पलायन की खबरें भी आई थीं। लगातार हो रही टारगेट किलिंग की घटनाओं से कश्मीरी हिंदुओं में इस बात का डर है कि पता नहीं, कौन, कब, कहां से गोली मार दे।

#### दो दिन पहले मारा गया था हिजबुल का कमांडर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के रिशीपोरा इलाके में यह मुठभेड़ हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी कमांडर निसार खांडे के मारे जाने के दो दिन बाद हुई है।

### रेपिस्ट की हत्या

### पूर्व सरपंच का बेटा डेढ़ महीने से कर रहा था रेप, 3 पर केस दर्ज

## 14 साल की लड़की ने अपने रेपिस्ट को मार डाला

भिवाड़ी (अलवर)। राजस्थान के अलवर में 14 साल की रेप पीड़िता ने आरोपी युवक की हत्या कर दी। रेप करने वाला पूर्व सरपंच का बेटा था, जिसकी लाश 18 मई को अलवर के कोटकासिम इलाके में सड़क के किनारे मिली। पुलिस ने खुलासा किया है कि लड़के का मर्डर किया गया था।

पुलिस के मुताबिक पूर्व सरपंच का बेटा लड़की को काफी समय से ब्लैकमेल कर रेप कर रहा था। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ भी संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। यह लड़की से बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने खेत में बुलाकर लड़के को मार



डाला। वारदात के समय युवक शराब के नशे में था।

#### गांव की ही लड़की

भिवाड़ी ASP अतुल साहू ने बताया कि 17 मई की रात पूर्व सरपंच धनीराम यादव के बेटे विक्रम यादव (45) की हत्या कर दी गई थी। अगले दिन 18 मई को उसका शव गांव के पास सड़क पर मिला था। परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानकर शव घर ले गए। उन्हें लगा कि उसकी मौत गिरने से हुई है।

अंतिम संस्कार के समय विक्रम के गले पर निशान दिखा। खून के धब्बे भी मिले। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। जांच में गांव की ही 10वीं में पढ़ने वाली लड़की की भूमिका संदिग्ध मिली। लड़की की मां नहीं हैं। उसका भाई प्राइवेट जॉब करता है। पुलिस ने उससे सख्ती दिखाई तो सारा मामला सामने आ गया।

#### अफेयर का हुआ था खुलासा

ASP साहू ने बताया कि नाबालिग लड़की विक्रम यादव के घर पानी भरने जाया करती थी। डेढ़ महीने पहले नाबालिग ने अपने प्रेमी से बात करने के लिए विक्रम का फोन मांगा। दोनों के बीच की बात विक्रम के फोन में रिकॉर्ड हो गई थी। दरअसल पिछले एक साल से लड़की का गांव के ही किसी युवक के साथ अफेयर चल रहा था। इस पर विक्रम उसे ब्लैकमेल करने लगा और रेप किया। विक्रम नाबालिग पर अपने दोस्तों का भी संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर लड़की नाराज थी। उधर, विक्रम से पहले गांव के 2 अन्य युवक नाबालिग के साथ रेप कर रहे थे। करीब 6 महीने पहले इन युवकों को भी उसके अफेयर के बारे में पता चल गया था। इसी बात को लेकर दोनों युवक लड़की को ब्लैकमेल कर लगातार दुष्कर्म कर रहे थे।

#### इशारा कर खेत में बुलाया

17 मई की शाम को लड़की विक्रम के घर गई। उसने पानी भरने का बहाना बनाया था। आरोप है कि लड़की ने विक्रम को इशारा कर घर के पास वाले खेत में रात साढ़े नौ बजे बुलाया था। विक्रम शराब के नशे में पहुंच गया। इसी का फायदा उठा उसने चुन्नी से गला घोंट कर मार दिया और सड़क पर शव फेंक दिया।

## लखीमपुर खीरी में खाई में पलटी ट्रैक्टर-ट्राली, 2 की मौत

### एसएचओ की गाड़ी को साइड देने में हादसा, 40 लोग घायल, 9 की हालत गंभीर

गोला गोकर्ण नाथ। लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली खाई में पलट गई। एक बच्ची और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 40 लोग घायल हुए हैं। एसएचओ की गाड़ी को साइड देने में यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने विरोध में नारेबाजी भी की।

जिले के थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव उदयपुर से लोग मंगलवार की सुबह 9 बजे थाना मैलानी क्षेत्र के जंगल में लगने वाले मड़हा बाबा मेले के स्थान पर भंडारे के लिए गए थे। भंडारे का आयोजन गांव के मोतीलाल की ओर से कराया गया था। वहां से कार्यक्रम के बाद शाम 5 बजे करीब 42 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से गांव लौट रहे थे। ट्रैक्टर टॉली जमुआ गांव के निकट सेहुआ पुल के पास नहर की पटरी पर पहुंची थी कि पीछे से हैदराबाद थाने के प्रभारी की गाड़ी सायरन बजाते हुए पहुंच गई।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार पुलिस की गाड़ी स्पीड में थी। सायरन की आवाज सुनकर ट्रैक्टर चालक ने हड़बड़ी में साइड देने के लिए ट्रैक्टर टॉली को अचानक किनारे की तरफ मोड़ दिया। इससे वाहन खाई में पलट गया।

#### गंभीर घायल जिला अस्पताल रेफर

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। निकटवर्ती गांव में खेत मे काम कर रहे ग्रामीण मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे में 10 वर्षीय बच्ची अतीसा पुत्री रामू और महिला रेखा (50) पत्नी चन्दन की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा 4 महिलाओं व पांच पुरुषों को गंभीर अवस्था के चलते लखीमपुर रेफर किया गया है।

# मूसेवाला के पिता से मिले राहुल गांधी

## बोले- पंजाब में अमन शांति बनाए रखना 'आप' के बस की बात नहीं

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के परिजनों से मुलाकात कर राज्य की आप सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने मूसेवाला के परिवार से मंगलवार को उनके पैतृक गांव में मुलाकात की। राहुल गांधी ने कहा कि मारे गए रैपर के माता-पिता जिस दुख से गुजर रहे हैं, उसका वर्णन करना मुश्किल है, लेकिन यह सुनिश्चित करना कि उन्हें न्याय मिले यह पार्टी की जिम्मेदारी है। मूसेवाला पंजाब में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें मानसा जिले से मैदान में उतारा गया था जहां वे आप के उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे।

राहुल गांधी ने पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में शांति बनाए रखना उसके बस की बात नहीं। कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि मंगलवार सुबह चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर



उतरने के बाद राहुल सीधे पंजाब के मानसा जिले स्थित मूसेवाला के पैतृक गांव मूसा पहुंचे और उनके परिवार के साथ लगभग 50 मिनट बिताए। उन्होंने मूसेवाला को पुष्पांजलि भी अर्पित की।

### राहुल गांधी पहुंचे सिद्धू मूसेवाला के घर, माता-पिता से अकेले में भी की चर्चा

परिजनों से मिलने के बाद राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा, कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला जी के माता-पिता जिस दु:ख से गुज़र रहे हैं उसे बयान करना मुश्किल है। इन्हें इंसाफ दिलाना हमारा फ़र्ज़ है, और हम दिला कर रहेंगे। राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से भंग हो चुकी है। पंजाब में अमन और शांति बनाये रखना क्सरकार के बस की बात नहीं है।

### कौन हैं मूसेवाला हत्याकांड के संदिग्ध 3 मनप्रीत? एक पर चल रहे 10 केस

पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा और पूर्व उप मुख्यमंत्री ओपी सोनी सहित कई अन्य कांग्रेस नेता भी राहुल के साथ मूसेवाला के गांव पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, राहुल के दौरे के मद्देनजर मूसेवाला के घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी।

### मूसेवाला जैसा होगा हश्र, कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को मिली धमकी

मूसेवाला की 29 मई को मानसा में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जब यह वारदात हुई थी, तब राहुल विदेश में थे और वह पिछले सप्ताह स्वदेश लौटे हैं। विभिन्न पार्टियों के नेता और प्रमुख हस्तियां मूसेवाला के परिजनों से मिलने और उनके प्रति संवेदना जताने के लिए मूसा गांव का दौरा कर रही हैं।

राहुल के पहुंचने से कुछ देर पहले पटियाला से कांग्रेस सांसद परनीत कौर ने भी दिवंगत गायक के घर का दौरा किया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। परनीत कौर को पिछले साल उनकी कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

### मूसेवाला के परिवार से फीस नहीं लेंगे वकील, आरोपियों की पैरवी से किया इनकार

हालांकि, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के आने से पहले ही वह मूसेवाला के घर से चली गईं। परनीत कौर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की पत्नी हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मूसेवाला के माता-पिता से मुलाकात कर चुके हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मुख्यमंत्री मान को पत्र लिखकर मूसेवाला हत्याकांड की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को स्थानांतरित करने का आग्रह किया है, ताकि उनके परिवार को जल्द से जल्द इंसाफ मिल सके।

## मूसेवाला हत्या मामले में सहयोगी रहा केकड़ा 11 दिन और मन्ना नौ दिन के पुलिस रिमांड पर

मानसा। प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल संदीप उर्फ केकड़ा को पंजाब की मानसा अदालत ने 11 दिन और मनप्रीत मन्ना को नौ दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। दोनों को आज कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया जहां से केकड़ा को 11 दिन और मन्ना को नौ दिन के रिमांड पर दिया गया। संदीप केकड़ा की इस हत्याकांड में बड़ी भूमिका रही क्योंकि वह गायक सिद्धू मूसेवाला के घर तथा आसपास के इलाके की रेकी कर अपराधियों को जानकारी मुहैया करा रहा था। घटना वाले दिन केकड़ा मूसेवाला का फैन बनकर थार पर सवार होने से पहले गायक के साथ सेल्फी ली और जैसे ही मूसेवाला अपनी थार से रवाना हुये तो केकड़ा ने शूटरों तथा उनके आकाओं को इसकी जानकारी दे दी। उसके बाद कुछ मिनटों में ही बोलेरो तथा कोरोला ने उनका पीछा किया और जवाहरके गांव में उन्हें घेर कर ताबड़तोड़ गोलियों से उनका शरीर छलनी कर अपराधी फरार हो गये थे। दूसरे आरोपी मनप्रीत मन्ना ने हत्यारों को कोरोला गाड़ी मुहैया करायी थी।

## शार्ट न्यूज

### अरुणाचल में पंचायत उपचुनाव 12 जुलाई को

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश राज्य चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो स्तरीय पंचायत निकायों के लिए आगामी 12 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की है। राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) हेज कोजीन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पर्वतीय राज्य के 20 जिलों में फैले 130 ग्राम पंचायत निर्वाचन क्षेत्र (जीपीसी) और एक जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्र (जेडपीसी) का उपचुनाव शामिल हैं। यहां ग्रामीण स्थानीय निकायों के आम चुनाव दिसंबर 2020 में हुए थे। इन क्षेत्रों में विभिन्न कारणों से उपचुनाव कराने की जरुरत हुई है। जिनमें नामांकन पत्र की अस्वीकृति, योग्य उम्मीदवारों की अनुपलब्धता, कानून और व्यवस्था, और दलबदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता, मृत्यु और इस्तीफे (निर्वाचित सदस्यों के) जैसे विभिन्न कारण शामिल है। एसईसी ने कहा कि चांगलांग जिले के विजयनगर प्रशासनिक उप-मंडल में 40 जीपीसी और एक जेडपीसी के चुनाव कानून और व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक मुद्दों के कारण लंबित हैं। उन्होंने कहा कि 101 मतदान केंद्रों पर होने वाले उपचुनाव में मतपत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। उपचुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून होगी और इनकी जांच की तिथि 23 जून को होगी। इसके अलावा नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 27 जून है और मतगणना 16 जुलाई को होगी। चुनाव की सारी प्रक्रिया 20 जुलाई तक पूरी हो जायेगी।

### ओडिशा के राज्यपाल ने उत्तराखण्ड के राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

नैनीताल। ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह से मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। प्रो. लाल इन दिनों देवभूमि उत्तराखण्ड के दौरे पर हैं और इस दौरान वह कई स्थानों का भ्रमण करेंगे। नैनीताल राजभवन में हुई शिष्टाचार भेंट में दोनों राज्यपालों ने विभिन्न समसमायिक विषयों पर चर्चा की तथा राजभवन का भी भ्रमण किया। ओडिशा के राज्यपाल नैनीताल राजभवन की वास्तुकला से काफी प्रभावित हुए और इसे वास्तुकला का बेजोड़ और अद्भुत नमूना बताया। उन्होंने कहा कि नैनीताल राजभवन अपनी वास्तुकला के लिहाज से एक ऐतिहासिक इमारत है। इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने उन्हें बद्रीनाथ मंदिर की प्रतिकृति और राजभवन नैनीताल पर आधारित एक पुस्तक भेंट की।

### अगले पांच दिनों में भारी बारिश के आसार

कोहिमा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बंगाल की खाड़ी से पूर्वोत्तर भारत तक तेज दक्षिण पश्चिमी हवाओं के प्रभाव के कारण अगले पांच दिनों में अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी की नवीनतम जानकारी के अनुसार सात और आठ जनू को नागालैंड के मोन, लॉगलेंग, तुएनसांग, कोहिमा और पेरेन व्यापक बारिश होने की आसार हैं जबकि मोकोकचुंग, किफिर, फेक और दीमापुर में काफी ज्यादा और जुन्हेबोटो, वोखा में अलग-अलग स्थानों पर बारिश होने का अनुमान जताया है। इसके अलावा नौ और दस जून को दीमापुर, वोखा, मोकोकचुंग, जुन्हेबोटो, किफिर और फेक में भारी बारिश होने के आसार हैं। जबकि मोन, लोंगलेंग, त्युएनसांग, कोहिमा और पेरेन जिलों में भारी बारिश जारी रहने के अनुमान हैं।

### नाराज पति ने काटी पत्नी की कलाई

बर्द्धमान। पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को पुत्र द्वारा पुत्रवधू की कलाई काट दिए जाने पर एक बुजुर्ग दंपत्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान जिले में नर्सिंग में नौकरी नहीं करने को लेकर व्यक्ति ने अपनी पत्नी के कलाई काट दी। पुलिस ने बताया कि पूर्वी बर्द्धमान के केतुग्राम में उस व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ घटना को अंजाम उस वक्त दिया, जब रेणु खातून (23) सोमवार रात सो रही थी। उसी दौरान उसका पति सरीफुल शेख (26) उर्फ शेर मोहम्मद अपने दो साथियों के साथ आकर उसके दाहिने हाथ पर एक चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी कलाई कट गयी। हमलावर का शिकार हुई रेणु खातून को उसका पति अस्पताल ले गया और उसने अपने ससुराल वालों इसकी जानकारी दे दी। जब खातून के घर वाले अस्पताल पहुंचे तो वहां पर शेख को ना पाकर, महिला के पिता अजीजुल हक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की जांच में पता चला कि उसने रेणु की कलाई के कटे हिस्से को घर में ही छिपाकर रख दिया है। उन्होंने बताया कि रेणु को स्थानीय सरकारी अस्पताल से कोलकाता के लिए रेफर कर दिया, जिसके बाद उन्हें दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ध्रुबा दास ने कहा, महिला के पिता की शिकायत पर आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंचे लेकिन वह अपने दोस्तों के साथ फरार है। सभी आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने बताया कि महिला को एक सरकारी अस्पताल में नर्सिंग की नई नौकरी मिली थी, उसने अपने पति को इसके बारे में बताया था। पुलिस ने मंगलवार को केतुग्राम में एक बस में भाग रहे मुख्य आरोपी के पिता और मां को गिरफ्तार कर लिया ताकि उनसे मुख्य आरोपी का पता लगाया जा सके।

### बार्दोवाली के चुनाव अधिकारी को हटाया जाए

अगरतला। त्रिपुरा में विपक्षी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने मंगलवार को बार्दोवाली निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव अधिकारी को हटाने की मांग की। माकपा ने आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारी असीम साहा पक्षपाती हैं और उनका सीधा संबंध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं। राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 23 जून को मतदान होना है। माकपा के जिला सचिव जितेंद्र चौधरी ने मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) गित्ते किरन कुमार को लिखे पत्र में एसडीएम सदर उप-खंड असीम साहा को बतौर चुनाव अधिकारी के पद से हटाने की मांग की है। पत्र में असीम साहा को वर्ष 2019 में हुए आम चुनावों में पश्चिम त्रिपुरा संसदीय क्षेत्र के लिए सहायक चुनाव अधिकारी रूप में बदलने की ओर इशारा किया गया। पत्र में कहा, साहा को भाजपा के लिए काम करने के आरोप में हटा दिया गया था। उनके खिलाफ शिकायत थी कि साहा ने सदर सब-डिवीजन के तहत सभी बूथों में कैमरा रिकॉर्डिंग का डेटा बीएमएस को भेजने जो भाजपा की सत्तारूढ़ पार्टी की संस्थान है और यह चुनाव आयोग के निर्देशों के खिलाफ है। पत्र में कहा गया कि श्री साहा को दोबारा से उस निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव अधिकारी बनाना, जहां से मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहे हैं, मतदाताओं के बीच चुनाव प्रक्रिया पर संदेह पैदा कर सकता है। श्री चौधरी ने साहा की गतिविधियों को भाजपा के हक में बताया और कहा कि वह निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकते हैं और लोगों को उन पर भरोसा नहीं है। श्री चौधरी ने मांग रखी, चुनाव अधिकारी को तत्काल प्रभाव से किसी अन्य अधिकारी के साथ बदला जाए।

### मोबाइल झपट मार गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के काशीपुर में पुलिस ने मोबाइल झपट मार गैंग का भंडाफोड़ कर उनसे 14 मोबाइल बरामद किये हैं। आरोपी नशे के आदि हैं और नशा करने के लिये अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। उधमसिंह नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काशीपुर में कुछ दिनों से लगातार मोबाइल झपटमारी से जुड़े मामले सामने आ रहे थे। काशीपुर कोतवाली पुलिस की ओर से प्रकाश में आये चार मामलों में अभियोग दर्ज कर जांच की गयी। पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये घटनास्थल के आसपास के 100 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और उसके बाद सोमवार रात को कब्रिस्तान के पास से चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया। चारों का आपराधिक इतिहास है और चारों गिरोह बंद होकर घटना को अंजाम देते रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों में दानिश, अनीश, मोहम्मद और अमन उर्फ ढक्कन शामिल हैं। चारों आरोपी काशीपुर के बांसफोड़ान के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से झपटे गये 14 मोबाइल भी बरामद किये हैं। आरोपियों ने बताया कि वह काशीपुर व आईटीआई थाना क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। साथ ही झपटे गये फोन को ठाकुरद्वारा और रामपुर में औने-पौने दामों पर बेच देते थे। इससे वह स्मैक खरीदते थे।

## मंत्रिपरिषद ने उत्तराखंड दुर्घटना में मृत व्यक्तियों को अर्पित की श्रद्धांजलि

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने एक मिनट का मौन रख कर उत्तराखंड सड़क दुर्घटना में पन्ना जिले के मृत तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक वंदेमातरम के गान के साथ आरंभ हुई। श्री चौहान ने बैठक से पहले उत्तराखंड की सड़क दुर्घटना के संबंध में जानकारी दी। मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने एक मिनट का मौन रख कर उत्तराखंड सड़क दुर्घटना में पन्ना जिले के मृत तीर्थयात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम सहित तत्काल घटनास्थल पर पहुँचने और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा जिला प्रशासन की सक्रियता और तत्परता का ही परिणाम रहा कि दुर्घटनाग्रस्त बस के तीन यात्रियों को हम बचा पाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरे प्रदेश को परिवार मानती है।

परिवार के कुछ सदस्य, संकट में हों, तो हम चैन से कैसे बैठ सकते हैं। इस बेचैनी के कारण ही उन्होंने राहत और बचाओ कार्यों में सहभागी होने और उसकी निगरानी के लिए तत्काल उत्तराखंड जाने का निर्णय लिया। उन्होंने मंत्रीगण से चर्चा में प्रदेश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

## भारी पड़ी क्लास में हिजाब की मांग, कर्नाटक में 23 छात्राएं स्कूल से निलंबित, किया था प्रदर्शन

मंगलुरू। कर्नाटक में हिजाब को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में एक कॉलेज ने अपने यहां पढ़ने वाली 23 छात्राओं को निलंबित कर दिया है। यह फैसला कर्नाटक के उप्पीनांगड़ी गवर्नमेंट फर्स्ट ग्रेड कॉलेज ने लिया है। कॉलेज मैनेजमेंट के मुताबिक इन छात्राओं ने पिछले हफ्ते क्लास के अंदर हिजाब पहनने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इसके चलते ही इन्हें निलंबित करने का फैसला लिया गया है। पुत्तूर से भाजपा विधायक और कॉलेज विकास समिति के अध्यक्ष संजीव मतंदूर ने मंगलवार को कहा कि



छात्राओं ने प्रदर्शन किया। इसलिए उन्हें सोमवार को निलंबित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पिछले हफ्ते दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर तालुक स्थित कॉलेज में छात्राएं हिजाब पहनकर आई थीं। उन्होंने कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। सीडीसी ने सोमवार को हुई बैठक में इन छात्राओं को निलंबित करने का फैसला किया।

### पहले भी सात छात्राएं हो चुकी हैं निलंबित

इससे पहले समिति ने सात छात्राओं को हिजाब के साथ कॉलेज आने पर निलंबित कर दिया था। गौरतलब है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस साल मार्च में फैसला दिया था। इस फैसले में कहा गया है कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य धार्मिक हिस्सा नहीं है। बावजूद इसके ये छात्राएं कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति देने पर जोर दे रही हैं। बता दें कि पिछले काफी समय से कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद चल रहा है।

## पाकिस्तान ने छेड़ा ड्रोन वारफेयर: टिफिनों में भरकर भेजे बम, बीएसएफ ने नाकाम की साजिश

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में अशांति और आतंकवाद फैलाने की अकसर साजिशें रचने वाले पाकिस्तान ने अब भारत के खिलाफ ड्रोन वारफेयर छेड़ दिया है। बीते कुछ सालों में तेजी से ऐसे मामले आए हैं, जब ड्रोन्स के जरिए जम्मू-कश्मीर और पंजाब में हमले करने, विस्फोटक गिराने या फिर जासूसी करने की कोशिश की गई है। ऐसा ही एक मामला सोमवार देर रात कानाचक इलाके में सामने आया। रात को करीब 11 बजे बीएसएफ को एक ड्रोन उड़ता दिखा और जवानों ने सतर्कता दिखाते हुए उस पर फायरिंग शुरू की। कुछ देर में पुलिस को भी



बुलाया गया और एक बार फिर से फायरिंग की गई। यह ड्रोन फायरिंग के चलते नीचे आ गिरा और पाकिस्तान की नापाक साजिश का खुलासा हो गया। इस ड्रोन में तीन टिफिन थे, जिनमें आईईडी भरा हुआ था। यही नहीं इन बमों के साथ अलग-अलग वक्त पर टाइमर भी सेट किए गए थे। सुरक्षा बलों ने एक्सपर्ट्स की मदद से आईईडी को डिएक्टिवेट कर दिया और किसी भी घटना की आशंका को टाल दिया। हालांकि ऐसे मामले लगातार सुरक्षा बलों की चिंता बढ़ा रहे हैं। जमीन के साथ ही अब आसमान पर भी सुरक्षा बलों को नजर रखनी पड़ रही है। जून 2021 में भारतीय वायुसेना के स्टेशन पर ड्रोन अटैक किया गया था। भारत में ड्रोन अटैक का यह पहला मामला था। इस हमले में ड्रोन के जरिए एयरफोर्स स्टेशन के टेक्निकल एरिया में कम तीव्रता वाले दो बम गिराए गए थे। ये धमाके आधी रात को करीब डेढ़ बजे हुए थे। इसके चलते छत को थोड़ा नुकसान पहुंचा था और एक जवान भी घायल हुआ था। उसके बाद से ही लगातार सतर्कता बरती जा रही है। बता दें कि पिछले दिनों ड्रोन के जरिए पंजाब में भी विस्फोटक गिराए जाने का मामला सामने आ चुका है। सेना प्रमुख जनरल एम.एम नरवणे भी ड्रोन अटैक्स को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने पिछले दिनों कहा था कि अब युद्ध के तरीके बदल चुके हैं और पहली गोली चलने से पहले ही युद्ध शुरू हो सकता है।

## बीटीपी के दोनों विधायक पहुंचे कांग्रेस बाड़ेबंदी

उदयपुर। राजस्थान में दस जून को राज्यसभा की चार सीटों पर होने वाले चुनाव के मद्देनजर उदयपुर में चल रही कांग्रेस एवं उसके समर्थित विधायकों की बाड़ेबंदी में आज भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के दोनों विधायक भी पहुंच गये।

बीटीपी के दोनों विधायक राजकुमार रोत और रामप्रसाद ताज अरावली होटल पहुंचकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले।

गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव ने कहा कि दुर्भाग्यवश कांकर डूंगरी प्रकरण में दर्ज मुकदमों के कारण कई आदिवासी युवाओं पर मुकदमें लगने से उन्हें नौकरी नहीं लग पा रही, ऐसे में युवाओं पर दर्ज मामलों की पुन- जांच कराकर उनका निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा डूंगरपुर जिले के विकास में भी कोई कमी नहीं रखी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी सरकार के संकट के समय भी बीटीपी के दोनों विधायक सरकार के समर्थन में खड़े थे लेकिन कांकर डूंगरी प्रकरण के बाद उनके सरकार के समर्थन में रहने के प्रति बदलाव नजर आने लगा और अब राज्यसभा चुनाव के मौके पर बीटीपी विधायकों ने सरकार के समर्थन में आने से पहले आदिवासियों पर हुए मुकदमें वापस लेने की मांग कर रहे थे।

## मूंग दाल खरीदने के लिए गैप फडिंग के तौर पर मार्कफेड के लिए 66.56 करोड़ रुपए मंजूर

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब मंत्रिमंडल ने मूंग दाल खरीदने के लिए गैप फडिंग के तौर पर मार्कफेड के लिए 66.56 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है। इस आशय का निर्णय मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सरकार ने फसल बदलीकरण पर बल देते हुये किसानों से धान का रकबा कम करके अन्य फसलों की बुवाई पर बल देने का आग्रह किया था क्योंकि पिछले कुछ दशकों में धान की अंधाधुंध खेती करके भूजल स्तर तेजी से काफी नीचे चला गया और कुछ जिले रेड जोन तथा डार्क जोन में चले गये। प्राकृतिक जलस्रोत को बचाने तथा मिट्टी की सेहत में सुधार करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बैठक में मार्कफेड की तरफ से साल 2022 -23 के लिए ग्रीष्म ॠतु की मूँगी की फ़सल न्यूनतम समर्थन मूल्य 7275 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदने की मंजूरी दे दी है। मार्कफेड को यह फ़सल खरीदने के लिए राज्य की नोडल एजेंसी बनाया गया है। बैठक के अनुसार गैप फडिंग के तौर पर 1875 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब के साथ मार्कफेड को लगभग 66.65 करोड़ रुपए की राशि मुहैया करवाई जायेगी। बैठक में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए पंजाब ग्रामीण विकास एक्ट-1987 की धारा-7 में संशोधन करके पंजाब ग्रामीण विकास (संशोधन) बिल -2022 विधानसभा सत्र में पेश करने को मंजूरी दे दी है। बैठक में कोविड-19 महामारी कारण बुरी तरह प्रभावित रेहड़ी-छोटी दुकान वालों को राहत देते प्रधानमंत्री स्वनिधि स्कीम के तहत रेहड़ी-छोटी दुकान वालों के 50 हज़ार (थर्ड ट्रांच लोन) तक के कर्ज़ /हाईपोथीकेशन करारनामे पर लगती अष्टाम ड्यूटी से छूट दे दी है।

बैठक में लिये गये अन्य फैसले में पंजाब स्टेट लेजिजस्लेचर मेंबर्स (पेंशन और मेडिकल फैसिलटीज़ रेगूलेशन) एक्ट -1977 की धारा 3(1) में संशोधन करने की मंजूरी दे दी है जिससे विधायकों को एक पेंशन नयी दर अनुसार (60 हजार रुपए प्रति महीना महँगाई भत्ता जो पंजाब सरकार के पेंशनरों पर लागू होता है) के मुताबिक दी जायेगी।

## शोपियां आईईडी विस्फोट: दो 'हाइब्रिड' आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शोपियां जिले में पिछले हफ्ते हुए शक्तिशाली विस्फोट मामले का मंगलवार को पर्दाफाश कर लिया। इस घटना में एक सैनिक शहीद हो गया था और दो अन्य घायल हो गए थे।
पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल दो 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। विस्फोट की पूरी साजिश लश्कर-ए-तैयबा के एक सक्रिय आतंकवादी ने रची थी। पुलिस ने शुरुआत में कहा था कि इस मामले में चार उग्रवादियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। गत दो जून को आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शोपियां के सेडाव इलाके में किराए के एक निजी वाहन के अंदर एक विस्फोट में तीन सैनिक घायल हो गए थे। घायल सैनिकों में से एक उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल निवासी नायक प्रवीण बाद में वीरगति को प्राप्त हो गये थे।।
पुलिस और सेना ने कहा कि शुरुआत में विस्फोट की प्रकृति और स्रोत की जांच की जा रही है। सेना ने कहा था कि विस्फोट एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण या ग्रेनेड या वाहन में बैटरी की खराबी के कारण हुआ था। पुलिस ने हालांकि पुष्टि की है कि विस्फोट आईईडी द्वारा किया गया था।
पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि जिस वाहन में सेना के जवान जा रहे थे, उसमें आईईडी लगाई गई थी। जांच में जब यह बात सामने आई तो इस हमले के में शामिल आतंकवादियों का पता लगाना शुरू कर दिया। शोपियां के पुलिस अधीक्षक तनुशरे ने बताया कि जांच के दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई और तकनीकी सुराग एवं अन्य पुष्ट सबूतों के आधार पर दो लोगों शौकत अहमद शेख और परवाज़ अहमद लोन की भूमिका सामने आई। दोनों शोपियां के सेडाव इलाके के निवासी हैं।
उन्होंने कहा, तत्काल विस्फोट मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खुलासे पर, विस्फोट को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए इलेक्ट्रॉनिक सामानों सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। दोनों 'हाइब्रिड' आतंकवादी हैं। हाइब्रिड आतंकवादी वे होते हैं जो सुरक्षा एजेंसियों की आतंकवादियों की सूची में शामिल नहीं होते हैं लेकिन संबंधित संगठन के इशारे पर हमले करके अपना सामान्य जीवन बिताने लगते हैं। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान यह सामने आया कि पूरी साजिश लश्कर-ए-तैयबा के सक्रिय आतंकवादी आबिद रमजान शेख ने रची थी।

## वैश्विक बदलावों के अनुकूल शैक्षिक नवाचारों को दिया जाए बढ़ावा: मिश्र

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलाव के अनुकूल शिक्षा पद्धति का विकास करने के लिए शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा देने पर बल दिया है।
श्री मिश्र महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में माउंटआबू स्थित राजभवन से ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक महत्व नवाचार का है, इससे शिक्षा को व्यवसायोन्मुख बनाकर विद्यार्थियों के साथ देश के भविष्य को भी नई ऊंचाई दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को युगानुकूल बनाने के लिए सामाजिक, औद्योगिक और तकनीकी बदलावों को समाहित करते हुए शैक्षिक नवाचारों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।
उन्होंने कहा कि छात्राओं को अवसर मिलें तो वे आकाश छू सकती हैं। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में सर्वोच्च तीन स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई दी।
उन्होंने बालिका शिक्षा के लिए बेहतर परिवेश और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने पर बल दिया ताकि छात्राएं शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़कर देश और समाज का नाम रोशन कर सकें।
राज्यपाल ने कहा कि जो समाज शिक्षित होता है वहीं उन्नति करता है, इसलिए बगैर किसी भेदभाव के शिक्षा का सुदूर स्थानों तक प्रसार करने के लिए सभी स्तरों पर निरंतर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विद्यार्थी के ज्ञान का विस्तार करने के साथ उनकी स्मृति, निर्णय क्षमता एवं सर्जनात्मक क्षमता का विकास करने वाली होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो भारतीय संस्कृति के जीवन मूल्यों से विद्यार्थियों को जोड़कर उनके सर्वांगीण विकास की संवाहक बने।

नई दिल्ली
बुधवार 08 जून 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कोरोना महामारी में बेची गईं झारखंड की दो बहनों को नोएडा पुलिस ने बचाया, गुलामों की तरह कराया जाता था काम

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा में पुलिस ने एक कारोबारी के घर से कथित तौर पर बंधक बनाकर रखी गईं झारखंड की दो नाबालिग बहनों को मुक्त कराया है। कोरोना महामारी के दौरान झारखंड के कुछ लोगों पर इन बहनों को बेचे जाने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों नाबालिग बहनों से यहां घरेलू नौकरानी के रूप में काम कराया जा रहा था। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि 13 और 12 साल की लड़कियां झारखंड के गुमला जिले की रहने वाली हैं, जहां उनकी तस्करी से संबंधित एक एफआईआर भी दर्ज की गई थी, लेकिन दोनों का पता नहीं चल पाया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नोएडा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने रविवार को उन्हें मुक्त कराया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि इन किशोरियों के गांव का ही एक व्यक्ति बसंत अगस्त 2021 में उन्हें काम दिलवाने का झांसा देकर झारखंड से नोएडा लाया था। बसंत ने लड़कियों की की मां से सहमति ली थी। बड़ी लड़की अगस्त 2021 में आई थी, जबकि छोटी लड़की जनवरी 2022 में आई थी। वो यहां सेक्टर 27 में एक दंपति के घर में काम कर रही थीं। प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस के पास इनपुट था कि लड़कियों को गुलाम बनाकर रखा जाता था और जबरन घर में काम करने के लिए मजबूर किया जाता था, जिसके बाद कार्रवाई की गई। नोएडा एएचटीयू के प्रभारी विनोद पंवार ने कहा कि जब उन्हें घर से छुड़ाया गया तो बेहद गरीब इन बहनों ने उन्हें काम पर रखने वाले दंपति के खिलाफ किसी तरह के दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं की। पंवार ने कहा कि यह दंपति बड़ी बहन को 8,000 रुपये और छोटी बहन को 7,000 रुपये मासिक वेतन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लड़कियों ने अपने पैसे में से केवल एक छोटी राशि ली थी, जो कि जोड़े के पास ही रखी गई थी। हालांकि, हाल ही में जब लड़कियों ने घर जाने के लिए छुट्टी लेने की इच्छा व्यक्त की तो उन्हें जोड़े ने ऐसा करने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2014 में अपने पिता को खो दिया था। माना जाता है कि उनकी मां दिल्ली में काम करती है। उनका एक बड़ा भाई और एक बहन है, दोनों शादीशुदा हैं और झारखंड में ही रहते हैं। अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के दौरान, यह भी सामने आया कि झारखंड के गुमला में एफआईआर दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि तस्करों ने लड़कियों को बेच दिया था और इसके लिए तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया था।

### मुंडका अग्निकांड हादसा : फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने मृतकों की डीएनए रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी

नई दिल्ली । फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) ने मुंडका अग्निकांड में मारे गए लोगों के डीएनए नमूनों की कुछ रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंप दी हैं। फॉरेंसिक टीमों ने लापता व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों के डीएनए के साथ कई नमूनों का मिलान किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक टीमों ने लापता व्यक्तियों के परिजनों के डीएनए के साथ कई नमूनों का मिलान किया है। उन्होंने कहा कि कुछ रिपोर्ट सोमवार को दी गईं तथा कुछ मंगलवार को सौंपे जाने की उम्मीद है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा कि सोमवार को मुंडका थाने में केवल एक डीएनए रिपोर्ट प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि बाकी रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि रिपोर्ट लेने के लिए एफएसएल के रोहिणी कार्यालय में एक टीम मौजूद है। एफएसएल अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार को चार से पांच रिपोर्ट सौंपी जा सकती हैं। इससे पहले एफएसएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि प्रयोगशाला को डीएनए टेस्ट के लिए सौ से ज्यादा नमूने प्राप्त किए थे। दिल्ली के मुंडका इलाके में चार मंजिला एक इमारत में आग लग गई थी, जिससे 27 लोगों की मौत हो गई थी। बता दें कि, संजय गांधी मेमोरियल (एसजीएम) अस्पताल में कुल 27 शवों को संरक्षित किया गया था और पीड़ितों के परिवार के सदस्यों के रक्त के नमूने डीएनए प्रोफाइलिंग और मिलान के लिए एफएसएल भेजे गए थे। पुलिस ने कहा कि 27 में से आठ शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिए गए हैं। उन आठ पीड़ितों में से सात की डीएनए प्रोफाइलिंग उनके परिवार के सदस्यों के साथ की गई है। डीसीपी ने कहा कि चूंकि पीड़िता (रंजू देवी) का डीएनए प्रोफाइल उसके बेटे से मेल नहीं खाता, इसलिए डीएनए मिलान के लिए उसके माता-पिता के रक्त के नमूने लिए जा रहे हैं। इसके अलावा, एफएसएल अधिकारियों ने मंगलवार शाम को तीन अज्ञात शवों के डीएनए प्रोफाइल पुलिस को सौंपे। पुलिस ने बताया कि डीएनए प्रोफाइल की मदद से पीड़ितों की पहचान मुंडका निवासी मधु देवी, प्रेम नगर निवासी नरेंद्र और किरारी सुलेमान नगर निवासी मुस्कान के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि उनके परिवार के सदस्यों को पोस्टमॉर्टम के बाद शव लेने के लिए बुधवार को मंगोलपुरी के एसजीएम अस्पताल आने को कहा गया है।

### गाजियाबाद : पतंग उड़ाते समय तीसरी मंजिल से गिरकर किशोर की मौत, पिता की मौत के बाद मां का इकलौता सहारा था बेटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के सिहानी गेट थानाक्षेत्र के मालीवाड़ा में पतंग उड़ाते समय तीसरी मंजिल से नीचे गिरकर 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। हादसे के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है। मूलरूप से बुलंदशहर के गांव झिझौड़ा निवासी राधा मालीवाड़ा में एक वकील के मकान में किराये पर रहती है। राधा के पति की मौत हो चुकी है, जबकि बड़ी बेटी की शादीशुदा है। वह यहां 14 वर्षीय बेटे अमित के साथ रहकर घरों में कामकाज करके अपनी आजीविका चलाती हैं। सोमवार शाम को अमित मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान वह तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। स्थानीय लोग उसे आनन-फानन में अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अमित की मां व बहन को रो-रोकर बुरा हो गया। मंगलवार को परिजनों ने हिंडन श्मशान घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पति की मौत के बाद इकलौता बेटा अमित ही राधा का सहारा था। अब बेटे की मौत के बाद राधा पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बिलखते हुए राधा बार-बार बेहोश हो रही थीं। उनका कहना था कि वह अब किसके लिए जीएंगी। परिजनों के मुताबिक, घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण राधा अपने बेटे की पढ़ाई भी नहीं करवा पा रही थीं। सिहानी गेट थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी महेश शर्मा का कहना है कि ऐसी किसी घटना के संबंध में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 20 युवाओं से करोड़ों रुपये की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। बेरोजगार युवाओं को पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले जालसाज को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जालसाज नौकरी के नाम पर 20 युवाओं से करोड़ों रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी एक साल तक किसान आंदोलन में छिपा रहा और लगभग चार सालों से घर पर नहीं गया। एक साल तक आरोपी की तलाश की गई और आरोपी सुधीर चौहान निवासी रेवाड़ी को पहाड़गंज दिल्ली से गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश कर आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लिया गया, रिमांड के दौरान आरोपी से 40 हजार नकद बरामद किए गए। आरोपी को सोमवार कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इस धोखाधड़ी के मामले में उसके दो साथियों का भी पता चला,उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पूछताछ में पता चला कि पुलिस की नौकरी में आवेदन करने वाले बेरोजगार युवाओं को डेटा लिया। रुपये देने से पहले आरोपी ने युवाओं को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की फर्जी मेल बनाकर नियुक्ति पत्र भेजा गया और उसके बाद करोड़ों रुपये ठग लिए। आरोपी ने सबसे पहले साल 2019 में पीड़ित आशीष कुमार को फोन कर कहा कि उसकी पुलिस में नौकरी लग गई और उसको रुपये देने होंगे।

# डॉ. हर्ष वर्धन ने पत्र लिखकर की प्रधानमंत्री की तारीफ



नई दिल्ली। सर्वप्रथम मैं देशवासियों को पिछले 8 वर्षों में भारत के दूरदर्शी और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व को अपना अपार स्नेह और आशीर्वाददेने के लिए हार्दिक बधाई देना चाहता हूं।

मैं जानता हूं औरमुझे पूरा विश्वास है कि देशवासियों का माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दृढ़ विश्वास है और देशवासियों की इसी प्रेरणा से उन्होंने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए एक से बढ़कर एक कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के असाधारण नेतृत्व ने देशवासियों के सपनों और उनकी आकांक्षाओं को नई उड़ान दी है। आज 135 करोड़ देशवासियों के विश्वास के बल पर देश चहुंमुखी विकास के नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इन आठ वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने सत्ता को सेवा का माध्यम सिद्ध किया है। गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं समाज के वंचित लोगों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए श्री मोदी जी ने असाधारण प्रयास किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की जन केन्द्रित नीतियों के कारण लोगों में लोकतंत्र के प्रति एक नया विश्वास पैदा हुआ है और वे देश की विकास यात्रा में सहभागी बने हैं।

पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं जिस पर हर देशवासी को गर्व है। जन्मू-कश्मीर से धारा 370 का उन्मूलन, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, देश के करोड़ो लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत नि:शुल्क राशन, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा, कोरोना से देशवासियों के बचाव हेतु विश्व का सबसे बड़ा नि:शुल्क टीकाकरण, अफ़ग़ानिस्तान और यूक्रेन से देशवासियों की सुरक्षित वापसी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को सीधे लाभ पहुंचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को मकान उपलब्ध कराना, देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्षों को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में स्मरण करने के अलावा देश की सेनाओं के कल्याण तथा बेटियों और महिलाओं के लिए अनेक योजनाओं का शुभारम्भ आदि देशवासियों के हृदय को प्रफुल्लित कर देती है।

विश्व में 'थर्ड वर्ल्ड' के देश के नाम से जाना जाने वाला भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरा है। भारत आज तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना में हमारी मुद्रास्फीति दर बहुत कम है। वर्ष 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।हमारी विकास दर यूपीए के 6.7 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर 8 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। जो मुद्रास्फीति दर पहले 9-10 प्रतिशतके बीच हुआ करती थी, आज कोरोना संक्रमण और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद 5.5 प्रतिशत - 6.5 प्रतिशत के बीच है।

केन्द्र सरकार ने 'विकास' को ही अपना मूल मंत्र मानकर उसके अनुरूप इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया है। सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, कैपेक्स एवं समाज कल्याण के लिए 91 लाख करोड़ रूपये व्यय किया है। यदि सब्सीडी को इसमें शामिल किया जाए तो यह राशि बढ़कर 140 लाख करोड़ रूपये हो जाएगी। कोरोना काल के दौरान दो वर्षों में केन्द्र सरकार ने 80 करोड़ देशवासियों को नि:शुल्क राशन की व्यवस्था की। 3 करोड़ लोगों को आवास प्रदान किया गया। 9 करोड़ से अधिक गरीब महिलाओं को गैस सिलिन्डर उपलब्ध कराया गया। 9 करोड़ घरों में पानी के नये कनेक्शन की व्यवस्था की गयी। विश्व के सबसे बड़े हेल्थ केयर प्रोग्राम के तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया गया।अब तक 192 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की खुराक देशवासियों को दी जा चुकी है। वैक्सीन मैत्री प्रोग्राम के अंतर्गत 100 देशों को मेक इन इंडिया के तहत देश में निर्मित 20 करोड़ कोरोना वैक्सीन की खुराक भेजी गयी है।

जन धन योजना के अंतर्गत 44 करोड़ से अधिक नये बैंक खाते खुलवाये गये। वित्त मंत्रालय के अनुसार इन खातों में दिसंबर 2021 तक लगभग 1,50,939.36 करोड़ रूपये की धनराशि जमा थी।

श्री मोदी सरकार सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। महिलाओं, किसानों और वंचितों के कल्याण के लिए वे निरंतर प्रयत्नशील हैं। पिछले 8 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने एक भी दिन का अपने लिए अवकाश नहीं लिया है।यह देशवासियों के प्रति उनके प्रेम और देश के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण का परिचायक है।

वर्तमान भारत वैश्विक स्तर पर एक जिम्मेदार और जवाबदेह देश के रूप में स्थापित हुआ है। सैकड़ों जन कल्याणकारी योजनाएं सफलता के साथ देश में लागू की गयी हैं तथा इसका लाभ शत-प्रतिशत लोगों तक पहुंचे, यह भी सुनिश्चित किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' के मंत्र को समाज के अंतिम व्यक्ति तक तेज गति से पहुचाने के लिए सरकार ने निरंतर प्रयत्न किया है।

केन्द्र सरकार की सारी योजनाएं 'राष्ट्र प्रथम' की मूल भावना में समाहित हैं, जिसेदेश के लोगों ने स्वीकार किया है तथा इसका सुखद परिणामचुनावी नतीजों में देखने को मिला है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मेंदेशवासीदेश के भविष्य को लेकर उत्साहित एवं आश्वस्त हैं। आज के इस प्रेस कान्फ्रेन्स में मेरे साथ उपस्थित भाजपा केशवपुरम जिला के अध्यक्ष श्री राज कुमार भाटिया जी एवं भाजपा चांदनी चौक जिला के अध्यक्ष श्री विकेश सेठी जी आपको बता सकते हैं कि किस प्रकार केन्द्र सरकार की पिछले आठ वर्षों की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मेरे संसदीय क्षेत्र चांदनी चौक के जरूरतमंद निवासियों को मिला है।

पिछली सरकारों के 70 सालों के कार्यकाल में शिक्षा विभाग द्वारा देश में 6.37 लाख प्राथमिक स्कूल ही बनवाये गये थे जबकि श्री मोदी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में 6.53 लाख प्राथमिक स्कूल बनवाये गये हैं। केन्द्र सरकार सर्व शिक्षा अभियान को गतिमान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

गरीब कल्याण अन्न योजना, कोरोना महामारी के दौरान सभी की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी आर्थिक परेशानियों के निवारण हेतुकेन्द्र सरकार द्वारा किये गये प्रयासों को पूरे विश्व में सराहा गया है। पिछले दो वर्षों में 80 करोड़ गरीब लोगों को 5 किलोग्राम नि:शुल्क राशन प्रदान किया गया। यह भी संतोष का विषय है कि दूसरे देशों की तुलना में 135 करोड़ की आबादी वालेभारत में कोरोना से प्रभावित होने वाले लोगों का आंकड़ा कम है।

केन्द्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों जैसे-अयोध्या में राम मंदिर, काशी, महाभारत सर्किट, रामायण सर्किट, केदारनाथ का पुनरोद्धार, सोमनाथ मंदिर का विकास एवं अन्य तीर्थस्थलों के विकास की योजनाओं पर हर देशवासी को गर्व है। केन्द्र सरकार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़ी घटनाओं को 'पंच तीर्थ ' के रूप में विकसित किया है, जहांकोई भी जाकर उनके जीवन दर्शन का अनुभव कर सकता है।भारत विभाजन के विस्थापितों की स्मृति में भारत सरकार ने 14 अगस्त को 'पार्टिशन हॉरर्स रिमेम्बरेन्स डे' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

शुरू से उपेक्षित भारत के पूर्वोत्तर आठ राज्यों को देश की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए श्री मोदी जी ने ऐतिहासिक निर्णय लिया। उन्होंने अब तक पूर्वोत्तर भारत की कई दर्जन यात्राएं की हैं जो उनके पूर्वोत्तर भारत के समुचित विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सेवा के अपने मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के साथ देश के 739 जिलों के विकास और संपन्नता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनुपयोगी हो चुके पुराने नियमों को बदलकर उनके स्थान पर बहु-प्रतीक्षित नये सुधार कानून लाये गये हैं।

न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की भावना से आश्चर्यजनक परिणाम देश में देखने को मिले हैं तथा धरातल पर लोगों का सशक्तिकरण हुआ है। डिजिटल माध्यम से केन्द्र सरकार ने करोड़ों देशवासियों को सीधे तौर पर अपनी योजनाओं से लाभान्वित किया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार ने छोटे किसानों की मदद की है, जिसके तहत 1.5 लाख करोड़ रूपये 11 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पहुंचाये गये हैं। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि गरीब किसान सामर्थ्यवान बनें और इस दिशा में सरकार कार्य कर रही है। मित्रों!

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाना चाहते हैं। भारत ने अपनी विदेश नीति में परिवर्तन कर नये युग की शुरूआत की है। नई विदेश नीति और प्रधानमंत्री जी के विश्व के देशों के साथ स्थापित प्रगाढ़ संबंधों ने विश्व के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों के अंदरउनके भारतीय होने पर गौरव की अनुभूति करायी है।

आतंकवाद के खात्में की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। आतंकवाद के विरूद्ध लड़ने में पूरा विश्व एक होकर हमें सहयोग कर रहा है। यह केन्द्र सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ऊर्जावान नीतियों के परिणामस्वरूप ही पिछले आठ वर्षों में देश निराशा के माहौल से निकलकर विश्वास के साथ प्रगति के पथ पर तेजी से गतिमान हुआ है। श्री मोदी जी के नेतृत्वमें केन्द्र सरकार सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्त भारत और सतत् विकास का एक प्रतीक बन गयी है।

उनकी प्रतिबद्धता, समर्पण, निष्ठा, निर्णय क्षमता और सेवा भाव ने नये आयाम स्थापित किये हैं। हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

# दिल्ली में 'पब विवाद' के कुछ दिनों बाद द्वारका के डीसीपी शंकर चौधरी का तबादला

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के कैलाश कॉलोनी स्थित एक कैफे एवं बार में हुए हंगामें में द्वारका के डीसीपी शंकर चौधरी की कथित संलिप्तता के कुछ दिनों बाद मंगलवार को उनका तबादला कर दिया गया। उनका पुलिस प्रौद्योगिकी एवं क्रियान्वयन विभाग में ट्रांसफर किया गया है।

दिल्ली पुलिस की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, शंकर चौधरी को द्वारका जिले से हटाकर पुलिस प्रौद्योगिकी एवं क्रियान्वयन विभाग का पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) बनाया गया है।

अतिरिक्त डीसीपी (दक्षिण) एम. हर्षवर्धन अब द्वारका के नए पुलिस उपायुक्त बनाए गए हैं। शुक्रवार की रात



कैफे-सह-बार में एक निजी जन्मदिन पार्टी के दौरान टूटे शीशे से एक महिला के सिर में चोट लग गई थी। सामान्य डायरी प्रविष्टि (जीडी एंट्री) के अनुसार, महिला के पति ने पुलिस को फोन किया और डीसीपी की संलिप्तता का आरोप लगाया था।

महिला ने बाद में दावा किया कि गलतफहमी के कारण अधिकारी का नाम इस मामले में आ गया। महिला ने एक वीडियो में कहा कि यह व्यक्तिगत मामला था और इसे सुलझा लिया गया है।

इसके पहले ग्रेटर कैलाश थाने को सूचना दी गई थी कि दिल्ली पुलिस के डीसीपी रैंक के एक अधिकारी ने कैलाश कॉलोनी के एक क्लब में जन्मदिन पार्टी के दौरान एक महिला के साथ मारपीट की, लेकिन पुलिस ने बाद में कहा कि एक गलत जानकारी के कारण डीसीपी का नाम इस मामले में शामिल हो गया। हालांकि, अब मामला सुलझा लिया गया है।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने शनिवार को शंकर चौधरी को उनकी मौजूदा तैनाती से हटाने का आदेश देते हुए अगले आदेश के लिए पुलिस मुख्यालय में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया था।

पुलिस ने कैफे-सह-बार के खिलाफ कथित तौर पर रात एक बजे तक की तय समय सीमा से अधिक समय तक खोले रखने के लिए मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार को ग्रेटर कैलाश पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत बार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### 21 अगस्त को गिराए जाएंगे सुपरटेक के ट्विन टावर, प्राधिकरण की बैठक में फाइनल हुआ प्लान

नोएडा। नोएडा में सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट परिसर में बने ट्विन टावर 21 अगस्त को गिराए जाएंगे। इसके लिए 1 अगस्त से ही ट्विन टावर में बारूद लगाए जाने का काम शुरू हो जाएगा। मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण की सीईओ की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन टावरों को गिराने का पूरा प्लान तय किया गया। दरअसल, सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट परिसर में बने ट्विन टावर गिराने से संबंधित करीब 55 प्रतिशत काम अब तक पूरा हो चुका है। अब बारूद लगाने के लिए टावरों में ड्रिलिंग का काम किया जा रहा है। इन इमारतों को गिराने के लिए करीब 10 हजार जगह बारूद लगाया जाएगा। दोनों टावर में अभी ऊपर से 12वें तल तक ड्रिलिंग का काम पूरा किया जा चुका है। बचा काम 25 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद सुरक्षा से संबंधित काम शुरू होंगे। एमराल्ड कोर्ट परिसर में बने टावरों को 28 अगस्त 2022 तक ध्वस्त किया जाना प्रस्तावित है। इससे पहले 22 मई तक टावरों को ध्वस्त किया जाना था। बिल्डर व एजेंसी के प्रार्थना पत्र पर सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने का और समय दे दिया है। इससे पहले सात हजार छेद किए जाने थे। टावर ध्वस्त करने के लिए करीब 3400 किलो बारूद लगने का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया था कि 25 जून तक दोनों टावरों में ड्रिलिंग का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद ध्वस्तीकरण के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा को लेकर काम होगा। ध्वस्त किए जाने वाले कॉलम के चारों तरफ अब जाली वाली वायर एक की बजाय चार लगाई जाएंगी।

## बिना मान्यता वाले 22 निजी प्राइमरी स्कूलों को तुरंत बंद करने का आदेश

गाजियाबाद। बेसिक शिक्षा विभाग ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जनपद में बिना मान्यता के संचालित स्कूलों की पहचान कर 22 स्कूलों को नोटिस जारी किया है। इन स्कूलों के संचालकों को तुरंत इन्हें बंद करने के आदेश दिए हैं और जल्द से जल्द स्कूलों की मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए कहा है। यदि बिना मान्यता के कोई स्कूल संचालित होते पाया जाता है तो उन स्कूलों के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एक तरफ सरकार स्कूल चलो अभियान के तहत पूरे प्रदेश में बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। वहीं, दूसरी तरफ स्कूल माफिया भी जिले में सक्रिय हैं। ये स्कूल माफिया बगैर मान्यता के स्कूल चलाकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। अब इनके खिलाफ शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की शुरूआत कर दी है। जिले में शिक्षा विभाग की तरफ से बगैर मान्यता के चल रहे 22 स्कूलों को चिह्नित किया गया है। जिन्हें विभाग की तरफ से नोटिस दिए गए है।

**3 साल की बच्ची से बर्बर गैंगरेप और हत्या मामला**

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 दरिंदों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

नई दिल्ली। महज तीन साल की बच्ची का अपहरण करके उसके साथ हैवानियत के साथ गैंगरेप और हत्या करने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने तीन दोषियों को निचली अदालत से मिली उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने कहा है कि दोषियों ने न सिर्फ बर्बर तरीक से बच्ची के साथ गैंगरेप किया बल्कि उसकी हत्या भी कर दी।

जस्टिस मुक्ता गुप्ता और जस्टिस मिनी पुष्करणा की बेंच ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए अपने फैसले में कहा है कि तीनों दोषियों को




ताउम्र जेल में रहना होगा। बेंच ने कहा है कि तथ्यों से साफ है कि तीनों दोषियों ने 3 साल की बच्ची से गैंगरेप के बाद उसकी हत्या कर दी। बेंच ने कहा है कि दोषियों ने बर्बर तरीके से अपराध को अंजाम दिया और पीड़िता के साथ काफी क्रूरता से पेश आए। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दोषियों की अपील को खारिज कर दिया। इसके साथ ही हाईकोर्ट कहा कि ताउम्र (जीवन भर) कैद की सजा उचित है।

कोर्ट ने राजकुमार, बीरबल और जवाहर की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील को खारिज करते हुए यह फैसला है। निचली अदालत ने पिछले साल तीनों अपीलकर्ताओं को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

पुलिस के अनुसार, 6 जनवरी, 2012 में रमेश नगर इलाके में नगर निगम के एक सफाई कर्मचारी को 3 साल की बच्ची की लाश मिली थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था।

मामले की जांच के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण, गैंगरेप, हत्या और अप्राकृतिक यौनाचार के आरोपों मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में बच्चों को यौन उत्पीड़न से संरक्षण के लिए बने पॉक्सो कानून के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बीपीएससी पेपर लीक की जांच पर अभ्यर्थियों को भरोसा नहीं, सीबीआई से हो जांच: अनुपम

**एक महीने बाद भी बिहार सरकार की जाँच किसी नतीजे पर क्यों नहीं पहुँची है?, छोटे मोटे निरीह प्राणियों को गिरफ्तार करके बड़ी मछलियों को बचाने की साज़िश क्यों हो रही है?**

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** देशभर में युवाओं के हक़ के लिए संघर्षरत आंदोलन युवा हल्ला बोल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम ने बीपीएससी पेपर लीक मामले में बिहार की नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया है। मामले में हो रही जाँच पर गंभीर सवाल उठाते हुए अनुपम ने कई सवाल पूछा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक हुए आज एक महीना बीत चुका है, लेकिन अभी तक एसआईटी किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने में विफल रही है। बिहार के युवाओं के सपनों की सरेबाजार नीलामी हुई और सरकार में इच्छाशक्ति ही नहीं दिखती सच को सामने लाने की।

जाँच टीम को अब तक स्पष्ट कर देना चाहिए था कि प्रारंभिक परीक्षा से कितनी देर पहले व कहाँ से पेपर लीक हुआ?

गिरोह को प्रश्न-पत्र मुहैया कराने वाला कौन था और उसकी संलिप्तता सरकार में बैठे किन लोगों से है? ऐसे कई सवाल हैं जो बीपीएससी अभ्यर्थी ही नहीं, बिहार की जनता जानना चाहती है। लेकिन पेपर लीक के लगभग एक महीना बाद भी इन



- **नीतीश सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी किससे अनुमति लेकर बीपीएससी कोचिंग चला रहे थे?**
- **सवालों के घेरे में होने के बावजूद आईएएस अधिकारी अब तक जाँच के दायरे में क्यों नहीं?**
- **कहीं ऐसा तो नहीं कि सत्ता में सरगनाओं को बचाकर मामला रफा दफा करने की कोशिश हो रही है?**
- **आखिर कब तक मेहनतकश युवाओं के जीवन से सरकार इस तरह खिलवाड़ करती रहेगी?**

सवालों का जवाब आज तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने आगे कहा कि इस पूरे प्रकरण में मुख्यमंत्री के करीबी अधिकारी भी सवालों के घेरे में हैं। ऐसे में बिहार सरकार कोई निष्पक्ष जाँच कर पाएगी ऐसा भरोसा नहीं किया जा सकता।

इन्हीं कारणों से अभ्यर्थी एसआईटी जाँच की प्रगति से असंतुष्ट हैं। युवा नेता अनुपम ने पेपर लीक की निष्पक्ष सीबीआई जाँच की मांग करते हुए कहा कि इतने बड़े पैमाने पर लीक सत्ता में बैठे लोगों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं।

किसी साधारण निरीह कर्मचारी को गिरफ्तार कर मामले की लीपापोती करने की कोशिश करने की बजाए, सच की परतें खुलनी चाहिए ताकि फिर युवाओं के वर्षों की मेहनत के साथ खिलवाड़ न हो सके। यदि निष्पक्ष जाँच करके असल सरगनाओं को नहीं दबोचा जाता तो पेपर लीक की घटनाएं आगे भी होती रहेंगी।

अनुपम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि बिहार के युवाओं को हल्के में लेकर उनके धैर्य की परीक्षा न ली जाए।

## संपादकीय



# कोचिंग हब कोटा में बढ़ रही हैं छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं, आखिर समाज और सरकार कब जागेंगे?

कभी राजस्थान की औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाने वाला कोटा शहर बीते कुछ दशकों से शिक्षा नगरी के नाम से पहचान बना चुका है। आईआईटी और इंजीनियरिंग में प्रवेश दिलाने की कोचिंग के लिए कोटा शहर की पहचान पूरे देश में कोचिंग हब के रूप में है।

कोटा के कोचिंग हब में 4 जून को एक और होनहार छात्रा आयुषी ने जीवन लीला समाप्त कर ली। इस साल जनवरी से अब तक यह छठी आत्महत्या है। इंजीनियर या डॉक्टर बनने का सपना संजोए बच्चों का बीच राह में मौत के आगोश में समा जाना हृदय विदारक होने के साथ ही साथ कहीं गहरे तक सोचने को मजबूर कर देता है। आखिर क्या कारण है कि उज्ज्वल भविष्य व गरिमामय कॅरियर बनाने की तैयारी में नई पीढ़ी के युवा राह पर उतरते ही इस कदर निराशा के दलदल में फंस जाते हैं कि बिना आगे-पीछे सोचे मौत को गले लगाने में क्षण भर भी नहीं हिचकते हैं। कोटा में कोचिंग कर रहे छात्रों में जिस तेजी से आत्महत्याओं का दौर चला है वह अपने आप में गंभीर होने के साथ ही बच्चों के परिजनों, कोटावासियों या राजस्थान ही नहीं देश के मनोवैज्ञानिकों, राजनेताओं, प्रशासन, शिक्षाविदों को भी गहरी सोच में डाल रहा है। कोरोना काल में कोचिंग गतिविधियां बंद होने से आत्महत्याओं का यह अंतहीन सिलसिला कुछ कम अवश्य हुआ पर कोचिंग संस्थानों के चालू होते ही आत्महत्याओं का जो सिलसिला शुरू हो गया है वह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है।

पिछले दिनों कोटा में कोचिंग कर रही छात्रा कृति ने सरकार और अपने माता-पिता को मृत्युपूर्व अपने नोट में जो संदेश दिया है वह आंखें खोलने के लिए काफी है। उसने अपनी मां को लिखा कि "आपने मेरे बचपन और बच्चा होने का फायदा उठाया और मुझे विज्ञान पसंद करने के लिए मजबूर करती रहीं। इस तरह की मजबूर करने वाली हरकत 11वीं में पढ़ रही मेरी छोटी बहन के साथ मत करना, वो जो करना चाहती है, जो पढ़ना चाहती है वह उसे करने देना ।%% कुछ इसी तरह से सरकार को लिखा है कि अगर वे चाहते हैं कि "कोई बच्चा नहीं मरे तो जितनी जल्दी हो सके इन कोचिंग संस्थानों को बंद करवा दें, यह कोचिंग खोखला बना देती है ।%% कृति के इन संदेशों में कितनी सच्चाई और दर्द छिपा है यह अपने आप बयां कर रहा है। आखिर क्यों बच्चों का बचपन बड़ों की जिद के आगे टिक नहीं पा रहा है और गला काट प्रतिस्पर्धा का कारण बनने के साथ ही बच्चों को मानसिक दबाव और कुंठा की राह पर धकेल रहा है?

### 20 हजार करोड़ से अधिक का है कोचिंग कारोबार

कभी राजस्थान की औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाने वाला कोटा शहर बीते कुछ दशकों से शिक्षा नगरी के नाम से पहचान बना चुका है। आईआईटी और इंजीनियरिंग में प्रवेश दिलाने की कोचिंग के लिए कोटा शहर की पहचान पूरे देश में कोचिंग हब के रूप में है। कुकुरमुत्ते के छाते की तरह कोटा में कोचिंग व्यवसाय ने पांव पसारे हैं। अकेले कोटा में ही कोचिंग के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं की तादाद यही कोई दो से ढाई लाख तक है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में कोचिंग का व्यवसाय कोई 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का माना जा रहा है। इसमें से अकेले कोटा में कोचिंग का कारोबार एक हजार करोड़ रुपए से अधिक है। साफ है कोचिंग पूरी तरह से व्यवसाय का रूप ले चुकी है, ऐसे में मानवीय संबंध या गुरु-शिष्य के संबंध कोई मायने नहीं रखते। अपनत्व या आपसी संवेदना तो दूर-दूर की बात है। कोचिंग संस्थान पांच से छह घंटों तक कोचिंग कराते हैं शेष समय हॉस्टल में अध्ययन में बीतता है। पहले से ही मानसिक दबाव में रह रहे बच्चे कोचिंग संस्थानों की नियमित परीक्षाओं के माध्यम से रैंकिंग के दबाव में इस कदर रहते हैं कि संवेदनशील बच्चे तो इस दबाव को सहन ही नहीं कर पाते। कोचिंग संस्थानों के लिए तो यह निरा व्यवसाय बन कर रह गया है।

# मोहन भागवत ने वही कहा है जो गांधीजी और अटलजी कहा करते थे

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के तर्कों को अगर मुहावरों की भाषा में कहना है तो उनका तर्क यह है कि गड़े मुर्दे अब क्यों उखाड़ना? मंदिर हो या मस्जिद, दोनों ही पूजा-स्थलों पर भगवान का नाम लिया जाता है। हिंदू लोग किसी भी पूजा-पद्धति के विरोधी नहीं हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने एक ऐसा बयान दे दिया है, जिसे सुनकर देश के कांग्रेसी, वामपंथी और मुस्लिम संगठन दांतों तले उंगली दबा लेंगे। ये सभी लोग आरोप लगा रहे थे कि काशी और मथुरा में भी मंदिर और मस्जिद का झंगड़ा संघ के इशारों पर खड़ा किया जा रहा है लेकिन नागपुर के एक संघ-समारोह के समापन भाषण में उन्होंने दो-टूक शब्दों में यह स्पष्ट कर दिया कि मस्जिदों को तोड़कर उनकी जगह मंदिर बनाने के पक्ष में संघ बिल्कुल नहीं है।

यह ठीक है कि विदेशी आक्रमणकारियों ने अपना वर्चस्व जमाने के लिए सैंकड़ों-हजारों मंदिरों को भ्रष्ट किया। उनकी जगह उन्होंने मस्जिदें खड़ी कर दीं। लेकिन यह इतिहास का विषय हो गया है। उस इतिहास को अब दोहराना क्यों? यदि इतिहास को दोहराएंगे तो रोज़ एक नया मामला खड़ा हो जाएगा। "ज्ञानवापी के मामले में हमारी श्रद्धा परंपरा से चलती आई है। ...वह ठीक है लेकिन हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों देखना?"

मोहन भागवत के तर्कों को अगर मुहावरों की भाषा में कहना है तो उनका तर्क यह है कि गड़े मुर्दे अब क्यों उखाड़ना? मंदिर हो या मस्जिद, दोनों ही पूजा-स्थलों पर भगवान का नाम लिया जाता है। हिंदू लोग किसी भी पूजा-पद्धति के विरोधी नहीं हैं। यह ठीक है कि मुसलमानों की पूजा-पद्धति स्वदेशी नहीं है। उनकी पूजा-पद्धति चाहे विदेशी है लेकिन मुसलमान तो स्वदेशी हैं। मोहनजी ने वही बात दोहराई जो अटलजी कहा करते थे। अटलजी का एक प्रसिद्ध बयान था कि मुसलमानों की रगों में वही खून बहता है, जो हिंदुओं की रगों में बह रहा है। मोहन भागवत ने तो यहां तक कह दिया है कि भारत के हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए भी एक ही है।

हिंदू धर्म और अन्य पश्चिमी मजहबों में यही फर्क है कि हिंदू जीवन शैली सभी पूजा-पद्धतियों को बर्दाश्त करती है। मध्यकाल से यह वाक्य बहुत प्रचलित था कि 'अंदर से शाक्त हूं, बाहर शैव हूं और सभा मध्य मैं वैष्णव हूं।" भारतीयों घरों में आपको ऐसे अनगिनत घर मिल जाएंगे, जिनके कुछ सदस्य आर्यसमाजी, कुछ सनातनी, कुछ जैनी, कुछ राधास्वामी, कुछ रामसनेही और कुछ कृष्णभक्त होंगे। वे सब अपने-अपने पंथ को श्रद्धापूर्वक मानते हैं लेकिन उनके बीच कोई झगड़ा नहीं होता। मेरे ऐसे दर्जनों मित्र—परिवार हैं जिनमें पति—पत्नी अलग—अलग मजहबों और धर्मों को मानने वाले हैं। मोहनजी के कहने का सार यही है, जो गांधीजी कहते थे, सर्वधर्म समभाव ही भारत का धर्म है। भारत धर्म है।

इसी भारत धर्म को हमारे मुसलमान, ईसाई, यहूदी और बहाई लोग भी तहे-दिल से मानने लगें तो कोई सांप्रदायिक विवाद भारत में कभी हो ही नहीं सकता। यह ठीक है कि कई अभारतीय धर्मों के भारत में फैलने के मुख्य आधार भय, लालच और वासना रहे हैं लेकिन यह भी सत्य है कि इन विदेशी धर्मों ने उनके अपने देशों को कई अंधकूपों से निकालकर प्रकाशमान भी किया है। उनके अपने देशों में उनकी भूमिका काफी क्रांतिकारी रही है। यदि उस क्रांतिकारी भूमिका और भारत की परंपरागत धर्मदृष्टि में उचित समन्वय हो सके तो वह सर्वश्रेष्ठ मानव धर्म बन सकता है। वही सच्चा भारत धर्म कहलाएगा।

# बातचीत करें, बहस नहीं!



**डॉ. माध्वी बोरसे!**

**ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोये।**
**औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए।।**

भावार्थ : कबीर दास जी कहते हैं, कि प्रत्येक मनुष्य को ऐसी भाषा बोलनी चाहिए जो श्रोता (सुनने वाले) के मन को आनंदित करे। ऐसी भाषा सुनने वालो को तो सुख का अनुभव कराती ही है, इसके साथ स्वयं का मन भी आनंद का अनुभव करता है। ऐसी ही मीठी वाणी के उपयोग से हम किसी भी व्यक्ति को उसके प्रति, हमारे प्रेम और आदर का एहसास करा सकते है।

जबकि एक तर्क एक रिश्ते का एक स्वस्थ हिस्सा हो सकता है, चीजों को बहुत दूर ले जाना आसान है और संभावित रूप से कुछ ऐसा कह सकते हैं जिसके लिए आपको पछतावा होगा। ऐसे उदाहरण में, आप अपने आप को एक तर्क के बीच में पाएंगे जिसे भावनात्मक क्षति को रोकने के लिए तुरंत रोका जाना चाहिए। यदि आपको लगता है कि कोई तर्क हाथ से निकल रहा है, तो इसे और खराब होने से रोकने का एक तरीका खोजें। आप कमरे से बाहर निकलकर या अपने मनोस्थिति को संभालने के लिए एक अलग कार्य ढूंढकर तर्क को तुरंत रोक सकते हैं और इसे तर्क से हटा सकते हैं।

आपको और जिस व्यक्ति के साथ आप आसानी से बहस कर रहे हैं, उसे सेट करने के लिए एक मजाक बनाएं। यदि आप आम तौर पर उस व्यक्ति के साथ अच्छे संबंध रखते हैं जिसके साथ आप बहस कर रहे हैं, तो बातचीत में एक चुटकुला छोड़ कर तर्क को टाल दें। यह संकेत देगा कि आप बहुत अधिक क्रोधित नहीं हैं और तर्क को रोकने के लिए तैयार हैं। लेकिन, ऐसे चुटकुले बनाने से बचें जो मतलबी हों, व्यंग्यात्मक हों या दूसरे व्यक्ति की कीमत पर हों। इस तरह का हास्य केवल तर्क को और खराब करेगा।

दूसरे व्यक्ति की भावनाओं की वैधता को स्वीकार करें। यहां तक कि अगर आप जिस व्यक्ति से बहस कर रहे हैं, वह किसी महत्वपूर्ण विषय पर असहमत हैं, तब भी आप दिखा सकते हैं कि आप उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं। इससे पता चलता है कि आप दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से चीजों को देखने में रुचि रखते हैं और जानबूझकर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। कई मामलों में, यह तर्क को रोकने के लिए, या कम से कम बढ़ते क्रोध को कम करने के लिए पर्याप्त होगा।

अपनी भावनाओं के बारे में ईमानदार रहें। भावनात्मक ईमानदारी एक तर्क को शांत करने और इसे एक उत्पादक बातचीत में बदलने में मदद कर सकती है।

जिस व्यक्ति के साथ आप बहस कर रहे हैं, उसके सामने अपनी भावनाओं को उजागर करके, आप उन्हें यह समझने देंगे कि आप कहाँ से आ रहे हैं। मुझे ऐसा लगता है ... से शुरू होने वाले बयानों का उपयोग करके खुद को व्यक्त करने का प्रयास करें या एक विशिष्ट भावना का संदर्भ लें जो जिससे आप बहस की जगह बातचीत कर सकें!

सो जाए और सुबह अपनी भावनाओं का पुनर्मूल्यांकन करें। यदि आप अपने घर में बहस कर रहे हैं, तो अपने शयनकक्ष में जाएं और आराम करने के लिए लेट जाएं। हो सके तो सो जाए। रात आराम करने से आपको सुबह के तर्क पर एक बेहतर दृष्टिकोण रखने में मदद मिलेगी और जिस व्यक्ति से आप लड़ रहे हैं उसे शांत होने और उनकी भावनाओं पर पुनर्विचार करने में भी मदद मिलेगी। यदि आप एक साथी या पति या पत्नी के साथ बहस कर रहे हैं और आप में से आम तौर पर एक बिस्तर साझा करते हैं, तो आप में से 1 को सोफे पर या अतिथि कक्ष में सोने की आवश्यकता हो सकती है ताकि बहस बीच में फिर से शुरू न हो।

अपनी आवाज को सामान्य बोलने के स्तर पर रखें। यह स्पष्ट सलाह की तरह लग सकता है, लेकिन तर्कों को होने से रोकने का एक शानदार तरीका है अपनी आवाज उठाने से बचना। यदि आप अपनी आवाज उठाते हैं, तो आप जिस व्यक्ति से बात कर रहे हैं, वह इसे शत्रुता या आक्रामकता के संकेत के रूप में लेगा। यदि आप किसी पर चिल्लाना चाहते हैं, तो इसके बजाय आराम से बातचीत करके देखें। आप शांत दिखेंगे और बातचीत बहस नहीं बनेगी।यदि आप अपनी आवाज की मात्रा बढ़ाते हैं, तो दूसरा व्यक्ति भी अपनी आवाज उठाएगा और चीजों को चिल्लाने वाले मैच में बदल देगा।

अगर आप किसी बात को लेकर परेशान हैं या किसी ने आपको नाराज़ किया है, तो सबसे बुरा काम जो आप कर सकते हैं, वह है बात को नजरअंदाज कर देना।

बुढ़ापा निराशा की ओर ले जाता है और अंत में, आप अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होंगे। अनिवार्य रूप से आपकी भावनाएं समाप्त हो जाएंगी, और यदि आपने उन्हें स्वस्थ तरीके से संसाधित नहीं किया है, तो संभव है कि आप गुस्से में भड़क उठेंगे।

जब किसी चीज़ ने आपको परेशान किया हो, तो उसे आवाज़ दें, उसके बारे में बात करें, उसे हल करने का तरीका खोजें और आगे बढ़ें।

### कहना सीखें, चलाइए नहीं।

यदि आप इस बारे में उचित रूप से बात करने के लिए बहुत परेशान हैं कि आपको क्या परेशान कर रहा है, तो कहें %मैं अभी इस बारे में बात करने के लिए बहुत परेशान महसूस कर रहा हूं - क्या हम इसके बारे में बाद में बात कर सकते हैं?%। ऐसा करने से आप अपने आप को शांत होने के लिए समय देते हैं, अपने विचार एकत्र करते हैं और मामले को इस तरह से संबोधित करते हैं जिससे विवाद शुरू होने की संभावना न हो। किसी समस्या को हल करना बहुत आसान है यदि आप अपनी आवाज उठाने के बजाय शांति से इसके बारे में बात करते हैं। चिल्लाने से दूसरे व्यक्ति को रक्षात्मक होने की संभावना है और उनकी प्रतिक्रिया वापस चिल्लाने की हो सकती है।

### अतीत के बारे में बार-बार नहीं बात करें।

अगर आपने किसी को उसके अतीत में किए गए किसी काम के लिए माफ कर दिया है, तो अपनी बात पर कायम रहें और उसे अतीत में छोड़ दें! यह कहना उचित नहीं है कि आपने किसी को क्षमा कर दिया है और फिर जब भी कोई समस्या उत्पन्न होती है, तब भी वह शिकायत करना या उसे सामने लाना जारी रखता है। यदि आपको लगता है कि आप घटना से आगे नहीं बढ़ सकते हैं, तो शायद अपने और दूसरे व्यक्ति के साथ ईमानदार रहें। हो सकता है कि आप अभी के लिए एक-दूसरे के जीवन से बेहतर हों। जाने देना कठिन हो सकता है लेकिन कभी-कभी यह सबसे स्वास्थ्यप्रद काम होता है।

अपने आप को उनके स्थान पर रखें और उनके दृष्टिकोण को समझने की कोशिश करें, चाहे वह कितना भी कठिन क्यों न हो। उनकी राय का अवमूल्यन न करने का प्रयास करें। आप एक समझौता खोजने में सक्षम हो सकते हैं जो आप दोनों के लिए उपयुक्त हो।

### सहमत से असहमत।

यदि आपने बिंदु 4 को वास्तविक रूप से दिया है, लेकिन फिर भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वे कहाँ से आ रहे हैं; सहमत से असहमत। तो, एक ही विषय पर आपकी अलग-अलग राय है? इसके बारे में सोचो। क्या यह वास्तव में मायने रखता है? क्या यह एक-दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुँचाने लायक है या आप इसे एक तरफ रख कर आगे बढ़ सकते हैं?

### शांत हो जाएं।

यदि आप जानते हैं कि आप तर्क-वितर्क के मूड में हैं, तो अपने आप को स्वस्थ मुकाबला तंत्र से परिचित कराएं। किसी से ऊंचे स्वर में बात करने से पहले, या किसी ऐसी चीज को आवाज देने से पहले अपने सिर में धीरे-धीरे दस तक गिनने की कोशिश करें और गिनें - मूल्यांकन करें कि क्या यह इसके लायक है। जब आप खुद को नाराज़ महसूस करें तो गहरी सांस लें और उन चीजों की कल्पना करने की कोशिश करें जो आपको जीवन में खुश करती हैं। यह आपकी आत्माओं को उठा सकता है और आपको खुद को और किसी और को परेशान करने से रोक सकता है।

इसे शुरू करने से पहले इसे रोकने वाले बनें। यदि आप तनाव महसूस करते हैं, तो दूसरे व्यक्ति से पूछें कि क्या सब कुछ ठीक है या आपने उसे परेशान करने के लिए कुछ किया है।

### जब आप गलत हों तो स्वीकार करें।

कभी-कभी यह स्वीकार करना अविश्वसनीय रूप से कठिन होता है कि आप कब गलत हैं लेकिन यदि आप हैं, तो इसे स्वीकार करने का साहस खोजें। ऐसा करने से आप केवल दूसरे व्यक्ति से सम्मान प्राप्त करेंगे और सच्चाई को स्वीकार करने के लिए आप अपने बारे में बेहतर महसूस करेंगे। इसके लिए बहस करना व्यर्थ है। आप उन्हें सॉरी बोलें, सोचिए अपनी गलती पर सॉरी बोलना इंसानियत है या बहस बाजी करना चिल्लाना इंसानियत है?

स्थिति को शांत करें यदि आपको लगता है कि चीजें बढ़ रही हैं। एक अपेक्षाकृत नागरिक बातचीत के रूप में जो शुरू होता है, वह कुछ ही मिनटों में गुस्से वाले तर्क में बदल सकता है। बड़ी लड़ाई में बदलने से पहले बातचीत को बढ़ने से रोकने की कोशिश करें।

इसलिए, यदि आप जिस व्यक्ति के साथ बहस कर रहे हैं, वह अपनी आवाज उठाना शुरू कर देता है, अतिशयोक्तिपूर्ण दावे करता है, या ऐसी बातें कहता है जिन्हें आप जानते हैं, तो उन्हें बाद में पछतावा होगा, उन्हें शांत करने के लिए कदम उठाएं। कुछ ऐसा कहो, मैं आपको परेशान करने की कोशिश नहीं कर रहा हूं और इसके बजाय यह एक तर्क नहीं बनेगा। आइए मिनट का ब्रेक लें और फिर से बात करने का प्रयास करें।

देखिए हम सब इंसान हैं, जीव जंतुओं के पास बोलने के लिए बातचीत या उतना दिमाग नहीं होता है पर हम सभी के पास है तो हम होने के नाते, सभी से इंसानियत से पेश आए, प्रेम से बात करें, हर वक्त चिल्लाना या क्रोध करना राक्षसी गुण होता है!

# फास्ट-चार्जिंग सॉलिड-स्टेट बैटरी बनाने की नई रणनीति

**इंडिया साइंस वायर**

पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरी आपको अपने स्मार्टफोन या लैपटॉप में मिल सकती है। इसमें ट्रांजिशन मेटल (आयरन एवं कोबाल्ट) ऑक्साइड से बने धनात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रोड (कैथोड) और ग्रेफाइट से बने ऋणात्मक आवेशित इलेक्ट्रोड (एनोड) के बीच दबा एक तरल इलेक्ट्रोलाइट होता है।

एक नये अध्ययन में बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि नई पीढ़ी की सॉलिड-स्टेट बैटरियां कैसे विफल हो जाती हैं। आईआईएससी के शोधकर्ताओं ने इन बैटरियों को लंबे समय तक चलने और तेजी से चार्ज करने के लिए एक नई रणनीति भी तैयार की है।

सॉलिड-स्टेट बैटरी लगभग हर पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में उपयोग होने वाली लिथियम-आयन बैटरियों की जगह लेने के लिए तैयार हैं। लेकिन, एक समस्या यह है कि अत्यधिक उपयोग करने पर ये बैटरियां डेंड्राइट्स नामक पतले फिलामेंट्स विकसित करती हैं, जो बैटरी में शॉर्ट-सर्किट का कारण बन सकते हैं, और उन्हें बेकार कर सकते हैं।

नेचर मैटेरियल्स में प्रकाशित इस नये अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने डेंड्राइट गठन के मूल कारण की पहचान की है। उन्होंने एक इलेक्ट्रोड में सूक्ष्म छिद्रों की उपस्थिति का पता लगाया है। उन्होंने दिखाया है कि इलेक्ट्रोलाइट की सतह पर कुछ धातुओं की पतली परत जोड़ने से डेंड्राइट के निर्माण में काफी देरी होती है, जिससे बैटरी का जीवन बढ़ जाता है, और इसे तेजी से चार्ज किया जा सकता है।

पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरी आपको अपने स्मार्टफोन या लैपटॉप में मिल सकती है। इसमें ट्रांजिशन मेटल (आयरन एवं कोबाल्ट) ऑक्साइड से बने धनात्मक रूप से आवेशित इलेक्ट्रोड (कैथोड) और ग्रेफाइट से बने ऋणात्मक आवेशित इलेक्ट्रोड (एनोड) के बीच दबा एक तरल इलेक्ट्रोलाइट होता है। जब बैटरी चार्ज और डिस्चार्ज होती है (पावर का उपयोग करके), तो लिथियम आयन विपरीत दिशाओं में एनोड और कैथोड के बीच घूमते हैं। इन बैटरियों में एक सुरक्षा से जुड़ी एक प्रमुख समस्या यह है कि तरल इलेक्ट्रोलाइट उच्च तापमान पर आग पकड़ सकता है। ग्रेफाइट भी धात्विक लिथियम की तुलना में बहुत कम चार्ज स्टोर करता है।

सॉलिड-स्टेट बैटरियों को एक आशाजनक विकल्प के रूप में देखा जाता है, जो ठोस सिरेमिक इलेक्ट्रोलाइट के लिए तरल को स्विच करती हैं और धात्विक लिथियम के साथ ग्रेफाइट को बदल देती हैं। सिरेमिक इलेक्ट्रोलाइट्स उच्च तापमान पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं, जो भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देशों में विशेष रूप से उपयोगी है। लिथियम भी हल्का है और ग्रेफाइट की तुलना में अधिक चार्ज स्टोर करता है, जो बैटरी की लागत को काफी कम कर सकता है। सॉलिड स्टेट एंड स्ट्रक्चरल केमिस्ट्री यूनिट (एसएससीयू) में सहायक प्रोफेसर और इस अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता नागा फानी एतुकुरी बताते हैं, दुर्भाग्य से, जब लिथियम जोड़ते हैं, तो यह इन फिलामेंट्स को ठोस इलेक्ट्रोलाइट में विकसित करता है, और एनोड और कैथोड को शॉर्ट कर देता है।

इस घटनाक्रम की जाँच करने के लिए, एतुकुरी के पीएचडी छात्र विकल्प राज ने सैकड़ों बैटरी सेल बार-बार चार्ज करके, लिथियम-इलेक्ट्रोलाइट इंटरफेस के पतले वर्गों को काटकर, और स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से उन्हें देखकर कृत्रिम रूप से प्रेरित डेंड्राइट गठन किया है। जब उन्होंने इन खंडों को करीब से देखा, तो पाया कि डेंड्राइट के बनने से बहुत पहले कुछ घटित हो रहा था - डिस्चार्ज के दौरान लिथियम एनोड में सूक्ष्म रिक्तियां विकसित हो रही थीं।

# बिजनेज का चुनाव और बिजनेज कैसे करें पर व्याख्यान

### 30 दिन के प्रशिक्षण शिबीर में पहले दिन प्रो डॉ दिनेश गुप्ता ने किया मार्गदर्शन



मुम्बई- दादर। महाराष्ट्र शासन के ई डी पी डेवलोपमेन्ट के अंतर्गत राज्य के व्यापार करने वाले प्रशिक्षुक को प्रशिक्षण देने के लिए 30 दिवसीय शिबिर का आयोजन किया गया है। जिसमे अलग अलग क्षेत्र से प्रशिक्षणार्थीयों ने प्रवेश लिया। इसी शिबिर के पहले दिन प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ प्रदीप सावंत ने कार्यक्रम की रूप रेखा तथा शासन नियम के बारे में जानकारी दी।

प्रो दिनेश गुप्ता- आनंदश्री ने इसी उपरांत व्यापार के नियम, प्रोडक्ट की खोज, सेल्स, लीगल, सिस्टम, प्रचार और कैश फ्लो के बारे में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने पर्सनल एम बी ए पर भी प्रशिक्षण देकर प्रक्षिशनार्थीयों का मनोबल बढ़ाया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 30 प्रशिक्षणार्थी थे।

# विश्व महासागर दिवस 8 जून 2022 पर विशेष



**आओ एक साथ मिलकर नीली पृथ्वी की रक्षा करें**

**महासागर हमारे ग्रह के फेफड़े हैं - ऑक्सीजन, भोजन, दवाओं के प्रमुख स्त्रोत सहित जीवन मंडल का महत्वपूर्ण हिस्सा है - यूएन का सराहनीय मंथन - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - अंतरराष्ट्रीय स्तरपर दुनिया के महासागर सृष्टि में उपस्थित 84 लाख योनियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। मेरा मानना है कि शायद यह बात अधिकतम मानवीय जीवों के समझ के बाहर होगी कि कैसे महासागर मानवीय व सृष्टि में विचरित अन्य जीवों के लिए उनका जीवन को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण योगदान देतें है!! इसकी चर्चा हम आज इस आर्टिकल में विश्व महासागर दिवस 8 जून 2022 के उपलक्षमें करेंगे इसमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सहायता ली गई है। साथियों, दुनिया के महासागर पृथ्वी पर जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वे हमारे ग्रह के फेफड़े हैं, जो हम सांस लेते हैं, अधिकांश ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, भोजन और दवाओं का एक प्रमुख स्रोत और जीवमंडल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पिछले कुछ दशकों में, प्रदूषण, अत्यधिक मछली पकड़ने और समुद्री आवासों के शोषण के अन्य रूपों के खतरों में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 3 अरब से अधिक लोग महासागर आधारित उद्योगों में कार्यरत हैं जो समय के अनुसार बढ़ते रहेंगे इसलिए महासागरीय संसाधनों को समाप्त होने से बचाने, इनके सतत उपयोग व सुरक्षा की आवश्यकता है जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में जीवो पौधों की अनगिनत प्रजातियां मौजूद हैं। साथियों बातअगर ह ममहासागरों के महत्व और उसकी जानकारी की करे तो, केवल एक वैश्विक महासागर है। यह पाँच भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित है -प्रशांत महासागर अटलांटिक महासागर, हिंद महासागर, आर्कटिक महासागर और दक्षिणी महासागर। जीवन सागर में शुरू हुआ। और महासागर पृथ्वी पर अधिकांश पौधों और जानवरों का घर है, एकल-कोशिका जीवों से लेकर ब्लू व्हेल तक। समुद्री पौधे हमें सांस लेने के लिए 70 फ़ीसदी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। समुद्र जलवायु को नियंत्रित करता है, सर्दियों में गर्मी और गर्मियों में ठंडी हवा प्रदान करता है। यह हमें भोजन और दवाओं के साथ-साथ परिवहन भी प्रदान करता है।कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप ग्रह पर कहाँ रहते हैं, समुद्र से कितनी भी दूर क्यों न हो, आपका जीवन समुद्र पर निर्भर है।

साथियों बात अगर हम विश्व महासागर दिवस मनाने के उद्देश्यों की करें तो यह प्रक्रिया हमारे सभीके जीवन में महासागरों द्वारा निभाई जाने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका, हमारे महासागरों के सामने आने वाले खतरों और उनकी रक्षा के लिए हम जो कदम उठा सकते हैं, उसके बारे में सोचने का दिन है। महासागर पर मानवीय क्रियाओं के प्रभाव के बारे में जनता को सूचित करना, महासागर के लिए नागरिकों का एक विश्वव्यापी आंदोलन विकसित करना, और दुनिया के महासागरों के सतत प्रबंधन के लिए एक परियोजना पर दुनिया की आबादी को जुटाने और एकजुट करने के लिए हैं। साथियों बात अगर हम महासागरों को एकल उपयोग प्लास्टिक से बचाने की करें तो, दशकों के अति प्रयोग और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक में वृद्धि के कारण वैश्विक पर्यावरणीय तबाही हुई है। प्लास्टिक के तिनके और थैले समुद्र में मिल रहे हैं और तबाही मचा रहे हैं। विश्व महासागर दिवस प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ किए गए और किए जा रहे प्रयासों को स्वीकार करने और पहचानने का एक अवसर है। यह जानना ज्ञानवर्धक और निराशाजनक है कि आज, हर साल 13,लाख टन प्लास्टिक का समुद्र में रिसाव होता है, जो अन्य नुकसानों के अलावा, सालाना 1 लाख समुद्री जानवरों को मारता है!! साथियों बात अगर हममहासागरों के उपयोग की करें तो दुनिया का 66 फ़ीसदी हिस्सा समृद्ध, जीवंत नीले रंग के एक कंबल में ढका हुआ है, इसकी गहराई से एक बार पृथ्वी पर सारा जीवन आ गया, और इसमें जीवन की एक बड़ी मात्रा है। यह कंबल दुनिया का महासागर है, और वे दुनिया में सबसे लोकप्रिय छुट्टी स्थलों में से एक के रूप में काम करते हैं और दुनिया भर के देशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हर साल चमकदार गहरी भारी मात्रा में कार्गो क्रॉस के पार, और यह अभी भी व्यापार के लिए प्राथमिक मार्ग के रूप में कार्य करता है। विश्व महासागर दिवस महासागर और हमारे जीवन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाता है। साथियों बातअगर हम महासागरों के सामने आने वाले खतरों की करें तो, इस समय समुद्र के सामने सबसे जरूरी समस्या प्लास्टिक प्रदूषण है। प्लास्टिक की थैलियों और प्लास्टिक की बोतलों सहित एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक को कम करना, विश्व महासागर दिवस के लिए कई वर्षों से एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। जलवायु परिवर्तन और समुद्र का बढ़ता तापमान भी बड़ी चिंता का विषय है। समुद्र के बढ़ते तापमान का मौसम के मिजाज पर सीधा प्रभाव पड़ता है और इसे चरम मौसम की स्थिति में वृद्धि के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार माना जाता है। कार्बन डाइऑक्साइड में वृद्धि समुद्री जल के अम्ल स्तर को बढ़ा रही है और कई समुद्री जीवों को खतरे में डाल रही है। साथियों बात अगर हम इस वर्ष 2022 की थीम की करें तो पुनरोद्धार - महासागर के लिए सामूहिक कार्यवाही रखा गया है तथा पिछले वर्ष 2021 में महासागर- जीवन और आजीविका रखा गया था, जल संतुलन को संरक्षित करना और समुद्र और समुद्री संसाधनों के साथ-साथ ग्रह पर मानव जीवन की रक्षा करना है।

## दिखा नही मेले में मुझको

ऐसा कुछ भी
दिखा नही मेले में मुझको
बहुत समय तक जिसके पास ठहर जाऊँ मैं।
रंग बिरंगे दृश्य चतुर्दिक् पाँव पसारे
मुझको बाँहों में भर लेने को इच्छुक थे।
मूल्य गिरा सकने की कला अगर होती तो
सुविधाओं के ठाटबाट मेरे सम्मुख थे।
तोल-मोल में
माहिर व्यापारी थे सारे
सोचा ख़ाली हाथ लिए ही घर जाऊँ मैं।
रामकथा का मंचन करती हुई मण्डली
दूर गोलबंदी करने में जुटा मदारी।
मुझे आगमन से लेकर प्रस्थान बिंदु तक
या तो अभिनय दिखा, दिखी या फिर लाचारी।
करतब जादू
खेल-तमाशा देख लिया सब
खड़ा भीड़ में उलझन लिए, किधर जाऊँ मैं!
जाते जाते सोचा चलो पूछ लेता हूँ
शायद कोई हो जो उससे मिलकर आया।
चकाचौंध में डूबा हुआ एक भी मानुष
अक्षय आकर्षण का पता नहीं दे पाया।

## शार्ट न्यूज

### जेएनएम छात्रा ने सुसाइड नोट में लिखा-'परेशान हूं', मालगाड़ी के आगे कूदकर दे दी जान

**गोरखपुर।** गोरखपुर के चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी खुर्द के पास जेएनएम की छात्रा ने गोरखपुर जा रही मालगाड़ी के सामने कूद कर खुदकुशी कर ली। छात्रा के शव के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। चौरीचौरा पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। छात्रा की पहचान इसी क्षेत्र के ग्राम बाल खुर्द के टोला पहाड़पुर निवासिनी अंकिता सिंह (20) पुत्री अरविंद सिंह के रूप में हुई है। वह गोरखपुर के एक प्राइवेट संस्थान से जेएनएम की पढ़ाई कर रही थी। सब इंस्पेक्टर विनय कुमार ने बताया कि अंकिता के पास एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने लिखा है कि वह जिंदगी से बहुत परेशान होकर आत्महत्या कर रही है। इसमें उसके मां-बाप कोई दोष नहीं है। पुलिस ने परिवारीजनों को घटना की जानकारी दे दी है। छात्रा के खुदकुशी करने को लेकर परिवारीजन भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं। यह नहीं तय हो पा रहा है कि किस वजह से वह जिंदगी से परेशान थी। अंकिता बाल खुर्द के पहाड़पुर में नेवासे पर ननिहाल में माता-पिता के साथ रहती थी। घर वाले उसे सोमवार को ही हॉस्टल में छोड़कर आए थे। वह कब चौरीचौरा वापस आई और आत्महत्या कर ली किसी को जानकारी नहीं हो सकी। अंकिता का मूल गांव हाटा कोतवाली क्षेत्र के बाल्डीहा में है। उसके बड़े चाचा के बेटे का बाल्डीहा में तिलक होना था। अंकिता के माता पिता भी तिलक समारोह में गए थे। अंकिता ने तिलक में जाने से मना कर दिया और हॉस्टल जाने को कहा था।

### गाजियाबाद में 5 साल की बच्ची को नहीं है मंकीपॉक्स, पुणे लैब से आई निगेटिव रिपोर्ट

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक पांच वर्षीय बच्ची में मंकीपॉक्स बीमारी जैसे लक्षण मिलने के बाद टेस्ट के लिए पुणे स्थित आईसीएमआर - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी लैब में भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट आ गई है। सूत्रों के अनुसार, बच्ची को मंकीपॉक्स बीमारी नहीं है और उसकी टेस्ट रिपोर्ट निगेटिव आई है। जानकारी के अनुसार, पिछले सप्ताह गाजियाबाद में एक पांच वर्षीय बच्ची में मंकीपॉक्स बीमारी जैसे लक्षण पाए जाने के बाद उसका मंकीपॉक्स टेस्ट किया गया था। बच्ची के शरीर पर खुजली और चकत्ते की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसके सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे भेजे थे। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने पहले ही यह साफ कर दिया था कि टेस्ट सिर्फ एक एहतियाती उपाय है, क्योंकि लड़की को कोई अन्य स्वास्थ्य समस्या नहीं है, और ना ही उसका किसी ऐसे व्यक्ति के साथ निकट संपर्क है जिसने पिछले महीने विदेश यात्रा की है। बच्ची के शरीर पर सिर्फ खुजली और चकत्ते की शिकायत थी।

### काशी में स्मृति ईरानी ने उठाया फावड़ा, साफ किया महीनों से जमा गोबर



**वाराणसी।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार सुबह काशी में स्वच्छता अभियान से कदमताल किया। उन्होंने सिकरौल वार्ड के भीमनगर में एक महिला की शिकायत पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महीनों से जमा गोबर साफ कर दिया। दरअसल, भीमनगर में केंद्रीय मंत्री ने बहुत देर तक बस्ती और उसके लगायत क्षेत्रों की गलियों में घूम-घूम कर ऐसा क्षेत्र तलाशना चाहा, जहां स्वच्छता अभियान चलाया जा सके लेकिन उन्हें प्रत्येक स्थान पर स्वच्छता दिखाई दी। उन्होंने इसके लिए नगर निगम की सराहना भी की। इसी दौरान एक महिला उनके पास आई और उन्हें बताया कि उसके आवास के सामने वाले मैदान में उनकी सुपुत्री का विवाह होना है। कुछ गौपालकों द्वारा उस मैदान में गोबर का ढेर लगाया गया है, अच्छा होता कि विवाह के पूर्व वह हट जाता। भाजपा नेत्री ने फावड़ा और बेलचा उठाया और गोबर साफ करने चल पड़ीं। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी हाथ बंटाया। उन्होंने वहां उपस्थित अन्य लोगों से भी वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उनके साथ कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, महानगर महामंत्री द्वय जगदीश त्रिपाठी व नवीन कपूर, मंत्री मधुप सिंह, क्षेत्रीय पार्षद दिनेश यादव, मदन दूबे, संदीप त्रिपाठी, संदीप रघुवंशी आदि थे।

### बरेली में सड़क हादसा : रोडवेज बस हुई अनियंत्रित, मॉर्निंग वॉक कर रहे बुजुर्ग की मौत

बरेली। बरेली के पास पीलीभीत बाई पास पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। रोडवेज बस से हुए सड़क हादसे में बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बस हादसा पीलीभीत बाईपास सौ फुटा तिराहे पर हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क हादसे के दौरान कौशांबी डिपो की रोडवेज बस पीलीभीत की ओर से सेटेलाइट जा रही थी। मंगलवार सुबह अचानक बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे झाड़ियों में घुस गई। इसी दौरान हादसा हुआ और एक बुजुर्ग की बस से कुचले जाने पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बस के नीचे झाड़ियों में गिरने पर एक बुजुर्ग उसकी चपेट में आ गए। मॉर्निंग वॉक पर निकले बन्नू बाल नगर के बुजुर्ग हरेंद्र अग्रवाल बस की चपेट में आने से हादसे का शिकार हुए और मौके पर उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय रोडवेज बस में चार सवारी भी मौजूद थी। बस के नीचे गिरने और बुजुर्ग की मौत के हादसे के बाद चालक और परिचालक बस छोड़कर फरार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मौके पर पहुंची इज्जतनगर पुलिस ने हादसे में मरे बुजुर्ग हरेंद्र अग्रवाल के शव को बाहर निकाला। थाना पुलिस ने हरेंद्र अग्रवाल के परिवार वालों को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने आस-पास के लोगों से घटना की जानकारी ली है।

### योगी ने ब्रज के मंदिरों के किये दर्शन, खुशहाली की दुआ मांगी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ब्रज के प्रमुख मन्दिरों में पूजन अर्चन कर प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उधर, जन्मस्थान सेवा संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य एवं हिन्दूवादी नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने पूर्व घोषित कृष्ण जन्मभूमि तीर्थ के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। श्री योगी ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि की दस किलोमीटर परिधि के क्षेत्र को 10 सितम्बर 2021 को तीर्थस्थल घोषित किया था जिसमें श्रीकृष्ण जन्मस्थान को केन्द्र मानकर दस किलोमीटर परिधि क्षेत्र को तीर्थस्थल घोषित किया गया था। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिसूचना में वार्ड 19, 40, और 48 छूट गए है जबकि ये सभी वार्ड मथुरा की पौराणिक पंचकोसी परिक्रमा में आते हैं तथा इन वार्डों में धार्मिक संस्थान भी हैं। मुख्यमंत्री ने आज सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि स्थिति विभिन्न मन्दिरों समेत केशवदेव मन्दिर में विस्तार से पूजन किया। इसके बाद भागवत भवन मन्दिर में विधि विधान से पूजा की। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने मुख्यमंत्री के पूजन आदि कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। योगी ने बरसाना के श्रीजी मन्दिर में भी विधिवत पूजन अर्चन किया तथा संत विनोद बाबा के आश्रम में जाकर आध्यात्मिक चर्चा की। चर्चा में मौजूद संत के एक शिष्य ने बताया कि चर्चा के दौरान यमुना को निर्मल करने पर भी विचार विमर्श हुआ और मुख्यमंत्री ने संत कों भरोसा दिलाया कि इस दिशा में शीध्र ही कुछ किया जाएगा।

# बुलडोजर चला तो फिर कफन बांध निकलेंगे

## कानपुर के काजी ने दिया विवादित बयान; पुलिस ऐक्शन पर सवाल

कानपुर। कानपुर में हिंसा के बाद पुलिस का ऐक्शन जारी है और अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बीच शहर के काजी हाजी अब्दुल कुद्दूस ने विवादित बयान देते हुए पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। कुद्दूस ने कहा कि पुलिस इस मामले में एकतरफा ऐक्शन ले रही है। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह से ऐक्शन हुआ और बुलडोजर चलाने जैसा ऐक्शन हुआ तो लोग कफन बांध मैदान में आएंगे। अब तक जिन लोगों को गिरफ्तार किया गयाहै, उनमें 90 से 95 फीसदी तक मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में केवल मुसलमानों की ही गलती नहीं है। इन लोगों की सिर्फ यही गलती थी कि जुलूस निकाला था और बाजार बंद करवाया। मुस्लिम धर्मगुरु ने कहा कि जुलूस के दौरान उनके ऊपर पत्थर फेंके गए थे।

उन्होंने कहा कि मुस्लिमों पर पत्थर फेंके जाने का वीडियो भी मौजूद है।



काजी हाजी ने कहा कि अगर बुलडोजर चलाने जैसी कार्रवाई की गई तो लोग कफन बांध कर मैदान में आएंगे। उन्होंने कहा कि अगर यही होना है तो हम मरने के लिए निकल पड़ेंगे। इस बीच यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि पुलिस इस बारे में जल्दी ही नया पोस्टर जारी करेगी। इसमें कुछ और आरोपियों की तस्वीरें होंगी। उन्होंने कहा कि जो लोग इस मामले में दोषी थे, उन पर ही कार्रवाई होगी। पुलिस के ऊपर पथराव करने वाले लोगों पर ऐक्शन लिया जाएगा। किसी भी निर्दोष पर ऐक्शन नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि इन लोगों के ऊपर गैंग्सटर ऐक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सार्वजनिक संपत्ति को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी भरपाई भी उपद्रवियों से की जाएगी। प्रशांत कुमार ने कहा कि डीसीपी की लीडरशिप में टीम बनाई गई है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर हिंसा कराई गई थी। यह सभी बातें जांच में सामने आ जाएंगी कि किसने हिंसा का आदेश दिया था और कौन लोग ले जाए गए। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की और हालात को नियंत्रित किया। निर्दोषों को पकड़े जाने के आरोपों पर प्रशांत कुमार ने कहा कि हमने तो पोस्टर लगाए हैं और उसके आधार पर ही कार्रवाई की जा रही है। यदि किसी को दिक्कत है तो फिर पुलिस कमिश्नर से मिलें और उनकी शिकायत का संज्ञान लिया जाएगा।

### सपा नेता बोले- मुसलमान ही हैं भाजपा सरकार के निशाने पर

इस बीच समाजवादी पार्टी के नेता अमीक जमई ने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार मुसलमानों के विरोध में जुटी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार मुस्लिमों पर एकतरफा कार्रवाई कर रही है, जबकि भाजपा के उन कार्यकर्ताओं पर ऐक्शन नहीं लिया जा रहा है, जो भगवा पहनकर वहां उपद्रव कर रहे थे।

# सिम क्लोन करके लखनऊ के परिवार से हुई 16 लाख रुपये की ठगी

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के एक व्यक्ति और उसके दो बेटों से 16 लाख रुपये ठगे गए।

बदमाशों ने क्लोन सिम की मदद से ठगी की। जालसाजों ने एक गुम सिम की ई-एफआईआर दर्ज करके और फर्जी आधार कार्ड जमा करके उसके मोबाइल नंबर का नया सिम कार्ड निकलवा लिया। इसके बाद उन्होंने पीड़ित के बैंक खातों से राशि निकाल ली।

पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है।

अलीगंज के चांद गार्डन के दिव्यांश सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्होंने 3 जून को अपने बैंक खाते की शेष राशि की जांच की और पाया कि किसी ने पैसे निकाले हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि मैंने बाद में पाया कि बदमाशों ने मेरे पिता और भाई के बैंक खाते से पैसे भी निकाल लिए थे। उन्होंने तीनों बैंक खातों से कुल 16.04 लाख रुपये निकाले। पीड़ित ने बैंक से संपर्क किया और बताया गया कि बदमाशों ने 31 मई को नेट बैंकिंग के जरिए पैसा निकाल लिया जिसमें उसका बीएसएनएल मोबाइल नंबर इस्तेमाल किया गया था।

उन्होंने कहा, मैंने दूरसंचार महानगर कार्यालय से इसके बारे में और पूछताछ की और बताया गया कि किसी ने ई-एफआईआर का उपयोग करके मेरे मोबाइल नंबर के लिए एक नए सिम कार्ड के लिए आवेदन किया है। एसपी साइबर सेल त्रिवेणी सिंह ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि सिम कार्ड हासिल करने के बाद आरोपी ने पीड़ितों का आधार कार्ड और डेबिट कार्ड भी अपने कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने धोखाधड़ी में बैंक कर्मचारियों और दूरसंचार ऑपरेटरों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया।

# बस्ती मंडल में लगेंगे इस साल बारिश से पहले एक करोड़ से अधिक पौधे

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती मंडल में बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर जिलों के वन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा एक करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

वन संरक्षक आनंद प्रकाश पाठक ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि मंडल के तीनों जिलों में 1.40 करोड़ पौधे लगाए जायेंगे। इस मुहिम में वन विभाग सहित अन्य विभाग भी पौधरोपण में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। पाठक ने बताया कि हर विभाग को पौधारोपण के लिये लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सागवान, सहजन सहित फलदार प्रजातियों के पौधे पर्याप्त मात्रा में वन विभाग के पास मौजूद हैं। इनका उपयोग वृक्षारोपण के लिए किया जाना है।

पाठक ने बताया कि लक्ष्य के मुताबिक बस्ती जिले में 36 लाख 72 हजार 9 सौ 50 पौधे, संतकबीर नगर जिले में 28 लाख 19 हजार 68 पौधे तथा सिद्धार्थनगर जिले में 39 लाख 11 हजार 54 पौधे लगाए जाएंगे।

पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के भी उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे।

# लखनऊ में फ्रेंडली क्रिकेट मैच में समाजवादी पार्टी ने बीजेपी को हराया

नई दिल्ली। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मंगलवार सुबह समाजवादी पार्टी, सपा के विधायकों और भारतीय जनता पार्टी, भाजपा के विधायकों के बीच एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल के बीच हुए मैच को सपा ने 7 विकेट से जीत लिया। दोनों टीमों में दोनों पार्टियों के सदस्य थे। राजनीति के साथ अब पार्टियों के विधायक क्रिकेट के मैदान पर भी भिड़ते दिखे। मैच 20-20 ओवर का था।

टीम ए यानी बीजेपी की टीम में सोमेंद्र तोमर (कप्तान), दानिश आजाद अंसारी, प्रकाश द्विवेदी, संजय शर्मा संग अन्य शामिल थे। वहीं टीम बी



यानी सपा की टीम में राम सिंह पटेल (कप्तान), मोहम्मद फहीम इरफान, रमेश (भाजपा), पंकज पटेल संग अन्य थे। मैच में भारतीय जनता पार्टी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी। बीजेपी की टीम ने मैदान में 89 रन बनाए। सपा को 90 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए सपा की टीम ने केवल 14 ओवर में अपना लक्ष्य हासिल किया और बीजेपी को हराया। मैच जीतने के बाद विधायकों ने सपा पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करके विजेता ट्रॉफी उन्हें सौंपी। समाजवादी पार्टी के विधायक राम सिंह पटेल प्लेयर ऑफ द मैच बने। इस मैच की जीत के बाद विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने ट्वीट करके अखिलेश यादव से मुलाकात की फोटो शेयर की और जीत की जानकारी दी।

विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने ट्वीट में फोटो शेयर की और लिखा, केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में भाजपा और सपा विधायकों के बीच हुआ मैत्री क्रिकेट मैच, विधायक राम सिंह (कप्तान) और विधायक मोहम्मद फहीम इरफान (उपकप्तान) के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने जीता मैच।

# उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर कसेगी नकेल, राज्य पुलिस की रडार पर अब 62 गैंगस्टर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने 62 नए गैंगस्टरों की सूची जारी की है जो अब उनकी रडार पर हैं। पुलिस ने कहा कि वह इन गुंडों की गतिविधियों पर करीब से नजर रख रही है, जिन पर जल्द ही गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। एडीजी (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा कि पिछले तीन महीनों में, हमने सूची तैयार की है और हम जल्द ही कार्रवाई की योजना बना रहे हैं। मई में, पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत 788 गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई की और कानूनी प्रावधान के तहत उनकी संपत्ति को कुर्क किया।

उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस ने इस साल मार्च से मई के बीच अब तक



गैंगस्टर एक्ट के तहत 662 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। इसमें से अकेले मेरठ में 250 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई। कार्रवाई के लिए चिन्हित 62 अपराधियों के अलावा 30 भू-खनन माफिया, 228 शराब माफिया, 168 पशु माफिया 347 भू-माफिया, 18 शिक्षा माफिया और 359 अन्य भी हैं जिन पर जल्द कार्रवाई होगी।

बता दें कि सोमवार को लखनऊ और उन्नाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालयों में बम विस्फोट की धमकी दी गई। इसी के कुछ घंटों बाद मंगलवार सुबह लखनऊ के मड़ियाओं पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। लखनऊ पुलिस ने कहा कि लखनऊ और उन्नाव में आरएसएस कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी के संबंध में मड़ियां थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सोमवार रात को आरएसएस कार्यालयों को उड़ाने की धमकी वाला एक व्हाट्सएप संदेश भेजा गया था। इसकी मदद से साइबर सेल, जिस नंबर ने मैसेज भेजा है, उसका पता लगाया जा रहा है।

# जाति जनगणना से ज्यादा जरूरी है रोजगार सृजन : लोग पार्टी

लखनऊ। लोग पार्टी ने राज्य में अधिक से अधिक रोजगार सृजन के प्रयास करने की तुलना में सामान्य जनगणना अभ्यास के साथ-साथ जाति जनगणना पर अधिक जोर देने के लिए बिहार में सत्तारूढ़ प्रतिष्ठानों की आलोचना की। लोग पार्टी ने कहा कि ऐसा लगता है कि इस कदम का उद्देश्य भाजपा के हिंदुत्व का मुकाबला करना है, जिस तरह से 1990 के दशक में मंडल की राजनीति की गई थी। लोग पार्टी के प्रवक्ता ने कहा कि देश जीवन के हर क्षेत्र में सबसे खराब जगारी, कृषि, औद्योगिक, आर्थिक संकट और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से गुजर रहा है, लेकिन विशुद्ध रूप से राजनीतिक कारणों से और एनडीए सरकार की डायवर्सनरी रणनीति का पालन करते हुए, बिहार ने इसका सहारा लिया है। असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए जातिगत जनगणना की जा रही है। लोगों से जातिवाद और सांप्रदायिकता की ताकतों को दूर करने का आह्वान करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि सभी के लिए भ्रष्टाचार मुक्त ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था की बहाली के प्रयास किए जाने चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि लोग पार्टी उच्च स्थानों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ अडिग लड़ाई के लिए जानी जाती है और यह व्यवस्था से भ्रष्टाचार, जातिवाद और सांप्रदायिकता को खत्म करके नई राजनीति के लिए काम कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि जनता को भ्रष्ट राजनीतिक दलों द्वारा जनोन्मुखी मुद्दों को ढकेलने के प्रयासों को विफल करना चाहिए और लोग पार्टी यूपी और देश के अन्य हिस्सों में मौजूदा स्थिति के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास कर रही है। यह बताते हुए कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोग कई समस्याओं के कारण कराह रहे हैं, प्रवक्ता ने कहा कि वे अब बदलाव के लिए तरस रहे हैं, लेकिन उन्हें उचित मंच नहीं मिल रहा है, जो लोग पार्टी ने अब प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि नौकरी और कृषि क्षेत्र के संकट ने लोगों को बुरी तरह प्रभावित किया है लेकिन सत्ताधारी दल इन मुद्दों पर राजनीतिक आख्यान को कुचलने का प्रयास कर रहा है।

### रोडवेज बस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ओवर ब्रिज पर परिवहन निगम की एक बस में अचानक आग लग गई। इससे मची अफरा तफरी के बीच यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र में ओवर ब्रिज पर दोपहर की तपती धूप में अचानक बेवर डिपो की रोडवेज बस में आग लग गई। बस चालक और कंडक्टर ने यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये। तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

# अमेठी में डीजे पर डांस को लेकर मचा बवाल, मारपीट में एक की गई जान

अमेठी। अमेठी में जायस कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जगदीशपुर थाना क्षेत्र से आई बारात में शराब के नशे में धुत बारातियों ने डीजे डांस पर परफ्यूम स्प्रे छिड़कने के लिए जमकर उपद्रव मचाया। पहले बारातियों ने आपस में मारपीट की फिर बीच बचाव कराने गए अपने साले को बारातियों के चंगुल से छुड़ाने पर रामदेव की बुरी तरह से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल रायबरेली ले जाया गया। घायल युवक की इलाज के समय मंगलवार की तड़के जिला अस्पताल में मौत हो गई।

कोतवाली जायस क्षेत्र के गांव पूरे लोधन में सोमवार को रामकुमार के लड़की की बारात अमेठी जनपद के थाना क्षेत्र जगदीशपुर के गांव करी डीह से आई थी। मांगलिक कार्यक्रम के दौरान देर रात करीब 11 बजे जनवासे से द्वार पूजा के लिए बारात जाते समय रास्ते में नशे में धुत बारातियों ने डीजे डांस पर स्प्रे को लेकर आपस में मारपीट की।

मामला शांत कराने के लिए गांव के ही कुछ लोग उपद्रव मचा रहे बारातियों को शांत कराने पहुंचे तो राकेश और पप्पू की भी बारातियों ने पिटाई कर दी। नाराज ग्रामीणों ने घटना के बाद उपद्रव मचा रहे लोगों को चिन्हित करने के लिए बारात को रास्ते में रोका तो बराती और आक्रामक हो गए। देखते ही देखते मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। उसी गांव में अपनी ससुराल थाना क्षेत्र नसीराबाद के गांव जमालपुर हुरैया निवासी रामदेव पुत्र राम आसरे भी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आया था। रामदेव रिश्ते में लगने वाले साले पप्पू और रमेश की बारातियों द्वारा पिटाई किये जाने की खबर सुनकर वहां पहुंच कर उनके चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया तो उसे भी जमकर बुरी तरह मारा पीटा।

घटना में रामदेव बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना में घायल रामदेव को उनके ससुर राम ललन ने आनन फानन में कस्बे के एक निजी क्लीनिक में इलाज कराने के बाद गम्भीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल रायबरेली ले गए। सूचना पर गांव पहुंची डायल 112 पुलिस के साथ कोतवाली पुलिस ने स्थित को नियंत्रण में किया। जिला अस्पताल रायबरेली में घायल का इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे मौत हो गई। रामदेव की मौत की खबर सुनकर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस मंगलवार की सुबह गांव पहुंचकर तहकीकात में जुट गई।

उधर कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस भेज दिया गया है, वहीं पुलिस मृतक के ससुर राम ललन से मिली तहरीर पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के गांव करी डीह निवासी अर्जुन सहित उसके आधा दर्जन अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

### तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

ससुराल में आये युवक की बारातियों द्वारा की गई।

मारपीट में युवक की इलाज के दौरान हुई मौत से तीन मासूम बच्चे क्रमश: नंदनी (12), संजनी (10) व रमन (6) के सर से पिता का साया उठ जाने से मृतक को पत्नी रीता का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्वामी विवेकानन्द ने विश्व को करायी सनातन धर्म से पहचान: योगी

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारत के सनातन धर्म की पहचान पूरी दुनिया को करायी।

रामकृष्ण मिशन अस्पताल वृन्दावन में सोमवार शाम कैथ लैब का उदघाटन करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने मानवता, शिक्षा आदि के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह अभिनन्दनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म का मतलब केवल पूजा ही नही है। एक सन्यासी अपने आपको समाज के प्रति समर्पित करता है तो वह अपने धर्म का पालन करता है। वह हर समय यह सोंचता है कि किस प्रकार प्राणीमात्र का कल्याण कर सकूं और जब वह ऐसा सोंचता है तो धर्म का पालन करता है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से विश्व में भारत की पहचान बनाई। जब समर्पण के साथ सुविधा बढ़ती है तो बहुत अधिक प्रभावी होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा क्योंकि यहां पर सुपरस्पेशिलिटी सुविधाएं बेहतर है। ब्रजवासियों को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

योगी ने रामकृष्ण मिशन अस्पताल वृन्दावन को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि दस करोड़ लोग आयुष्मान योजना से जुड़े हुए हैं यदि यह अस्पताल उस योजना से जुड़ जाय तो लोगों को सस्ती और विश्वसनीय चिकित्सा सुविधा मिल जाएगी।

उन्होंने इस अस्पताल को मुख्यमंत्री सहायता कोष और मुख्यमंत्री राहत कोष से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के व्यवस्थापकों से इसके साथ ही पैरा मेडिकल कोर्सेज, बीएससी नर्सिंग आदि के खोलने का सुझाव दिया और कहा कि इससे सेवा के साथ रोजगार भी दिया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने पूर्व में करोना महामारी का जिक्र किया और कहा कि इस बीमारी ने सही सेवा करने वालों एवं सेवा का प्रचार करने वालों के अन्तर को स्पष्ट कर दिया। भारत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व को दिखा दिया कि इस बीमारी से किस प्रकार निपटा जा सकता है। उन्होंने वास्तव में जीवन और जीविका के समन्वय का आदर्श विश्व के सामने पेश किया।

योगी आज शाम वृन्दावन आने के बाद सीधे पहले बांकेबिहारी मन्दिर वृन्दावन पहुंचे जहां पर उन्होंने प्रदेश और राष्ट्र के कल्याण के लिए पूजन अर्चन किया।

पूजन की रश्म निभाते हुए शयनभोग सेवायत आचार्य शशांक गोस्वामी ने उन्हें न केवल बांकेबिहारी महराज का प्रसादी अंगवस्त्रम भेंट किया बल्कि वैदिक मंत्रों के मध्य ठाकुर की पूजा भी कराई। मुख्यमंत्री ने इसके बाद कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के पुत्र के विवाह में शामिल होकर वर वधू को आशीर्वाद भी दिया।

# हमीरपुर में नौ हजार बच्चे कुपोषित व 175 बच्चे अतिकुपोषित

हमीरपुर। बच्चों में कुपोषण को रोकने के लिये सरकार के स्तर पर किये जा रहे तमाम प्रयासों के बावजूद उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में करीब 9000 बच्चे कुपोषित हैं और 175 बच्चे अति कुपोषण के शिकार हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि जिले में माह मई में हुये सर्वे में यह स्थिति उजागर हुयी है। इसमें पता चला है कि हमीरपुर जिले में शहर समेत तीन ब्लाक में अति कुपोषित बच्चों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। सर्वे की मासिक रिपोर्ट के अनुसार गोहांड ब्लॉक में छह साल तक के बच्चों की कुल संख्या 10,500 है। इनमें 816 बच्चे कुपोषित पाये गये है। इसी प्रकार कुरारा ब्लॉक में 10,418 बच्चों में से 787 और मौदहा ब्लॉक में 18,218 बच्चो में से 828 बच्चे कुपोषित पाये गये है। इस प्रकार जिले में कुल 8598 बच्चे कुषोषित पाये गये है। सिंह ने बताया कि कुरारा ब्लॉक में अप्रैल माह में 10 बच्चे अतिकुपोषित पाये गये थे, जबकि मई में इस स्थिति में कोई सुधार नही हो पाया है और अतिकुपोषित बच्चों की संख्या जस की तस बरकरार है। इसी प्रकार मौदहा ब्लॉक में अप्रैल माह में 18 बच्चे अतिकुपोषित थे, जबकि मई में यह संख्या बढ़कर 20 हो गयी है। राठ ब्लॉक में अतिकुपोषित बच्चों की संख्या अप्रैल में 12 थी और मई में यह 18 हो गयी। सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी हमीरपुर शहर में हुई है, जिसमें अप्रैल में 11 बच्चे अतिकुपोषित थे और यह मई में 21 हो गयी।

## शार्ट न्यूज

### सोना सस्ता चांदी महंगी

मुंबई। वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ग्राहक कमजोर पड़ने से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 100 रुपये प्रति दस ग्राम सस्ता हो गया वहीं चांदी 663 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.58 प्रतिशत की तेजी लेकर 1851.69 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी सोना वायदा 0.48 प्रतिशत उछलकर 1848 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 0.20 प्रतिशत चमककर 22.15 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। इस दौरान देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 100 रुपये सस्ता होकर 50870 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 84 रुपये फिसलकर 50875 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। वहीं, इस दौरान चांदी 663 रुपये चमककर 62332 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 595 रुपये चढ़कर 62556 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### हमदर्द लैबोरेट्रीज ने चिकित्सीय पेयपदार्थ की रेंज की पेश

नयी दिल्ली। हमदर्द लेबोरेटरीज ने चिकित्सीय पेयपदार्थ की एक रेंज पेश करने की घोषणा की है जो चिकित्सीय उपयोग के लिए है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि प्रत्येक पेय पदार्थ प्रकृति के गुणों से भरा हुआ है जिससे न केवल स्वाद अच्छा होता है बल्कि इसके कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। हमदर्द ने हमेशा ऐसे उत्पादों की श्रृंखला तैयार करने के लिए प्रकृति के उपहारों का इस्तेमाल किया है जो चिकित्सीय लाभों से भरपूर हैं और शरीर को स्वस्थ रखते हैं। उसने कहा कि जो नयी रेंज पेश की गयी है उसमें आंवला, तुतसियाह, बेलगिरी, गुलाब शामिल है।

### एसबीआई के प्रबंध निदेशक बने अलोक कुमार

मुंबई। देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मंगलवार को अलोक कुमार चौधरी को प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। जिनका कार्यकाल मंगलवार से शुरू हो गया। एसबीआई ने एक बयान में कहा कि श्री चौधरी इससे पहले बैंक में वित्त के उप प्रबंध निदेशक थे और नए एमडी के रूप में वह खुदरा व्यापार और संचालन को संभालेंगे। चौधरी एक अनुभवी बैंकर हैं जो साढ़े तीन दशकों से एसबीआई से जुड़े हैं। वह वर्ष 1987 में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में जुड़े थे। उन्होंने बैंक के लिए विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में काम किया है।

### मोदी गुरुवार को करेंगे बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो-2022 का उद्घाटन

नयी दिल्ली। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को नयी दिल्ली में दो दिवसीय बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो - 2022 का साढ़े दस बजे उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार दो दिन का यह आयोजन प्रगति मैदान में आयोजित किया गया है। बयान में कहा गया है बायोटेक स्टार्टअप एक्सपो - 2022 9 और 10 जून को आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन जैव प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) द्वारा उसकी स्थापना के दस साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो का विषय 'जैवप्रौद्योगिकी स्टार्टअप नवप्रवर्तन~ आत्म निर्भर भारत की ओर' है। बयान के मुताबिक यह आयोजन उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, जैव-इनक्यूबेटरों, निर्माताओं, नियामकों, सरकारी अधिकारियों आदि के बीच सम्पर्क के एक मंच के रूप में कार्य करेगा। एक्सपो में स्वास्थ्य देखभाल, जीनोमिक्स, बायोफार्मा, कृषि, औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी, अपशिष्ट-से-मूल्य, स्वच्छ ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों जैव प्रौद्योगिकी से जुड़े लगभग 300 स्टाल लगाए जाएंगे, जो जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करेंगे।

### प्रिस्टिन केयर ने किया हेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म लाइब्रेट का अधिग्रहण

गुरुग्राम। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रिस्टिन केयर ने मंगलवार को रतन टाटा और टाइगर ग्लोबल द्वारा समर्थित हेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म (स्वास्थ्य तकनीकी मंच) लाइब्रेट का अधिग्रहण कर लिया। इस अधिग्रहण के साथ प्रिस्टिन केयर देश के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क में शामिल हो गयी है। प्रिस्टिन केयर ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के कारोबार की विस्तार योजनाओं की गति को तेज करेगा। क्योंकि इसके साथ हमारी पूर्ण-शल्य चिकित्सीय माध्यमिक सर्जरी देखभाल केंद्रों की संख्या 800 से अधिक हो गई है। कंपनी ने इस सौदे से डिजिटल एवं ऑनलाइन परामर्श सेवाओं के माध्यम से प्रारंभिक देखभाल के क्षेत्र में भी प्रवेश कर लिया है। इस समझौते के तहत लाइब्रेट के 150 कर्मचारी प्रिस्टिन केयर में शामिल होंगे। प्रिस्टिन केयर के सह-संस्थापक हरसिमरबीर सिंह ने कहा, ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए अपने रोगियों को प्रारंभिक देखभाल प्रदान करने की हमारी आकर्षक योजना में लाइब्रेट पूरी तरह से ठीक बैठता है। हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा में नवाचार और वृद्धि की बहुत ज्यादा आवश्यकता है और इसी तरह के अधिग्रहण से स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाले परासंपत्ति को मजबूत करने, बढ़ाने और विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, इस साझेदारी का अर्थ योग्य डॉक्टरों के माध्यम से प्रारंभिक देखभाल और ऑनलाइन परामर्श सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ रोगियों के लिए एक बढ़िया अनुभव होगा। संपूर्ण हेल्थकेयर ईकोसिस्टम को लाभ पहुंचाने के लिए संयुक्त समाधान भी तैयार किए जाएंगे।

### 'ड्रग डिस्ट्रक्शन डे' पर 42 हजार किलो नशीले पदार्थों को नष्ट किया जायेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा कल स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को चिन्हित करने के लिए वित्त मंत्रालय के "आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) सप्ताह के एक हिस्से के रूप में ड्रग डिस्ट्रक्शन डे आयोजित किया जाएगा जिसमें देश भर में 14 स्थानों पर लगभग 42000 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट किया जाएगा। केंद्रीय वित्त तथा कंपनी मामले मंत्री निर्मला सीतारमण गुवाहाटी, लखनऊ, मुंबई, मुंद्रा/कांडला, पटना तथा सिलीगुड़ी में आयोजित होने वाली प्रक्रिया का वर्चुअल रूप से अवलोकन करेंगी तथा अधिकारियों को संबोधित करेंगी। ये नशीले पदार्थ सीबीआईसी द्वारा जब्त किये गये हुये हैं।

### आयकर विभाग के रिटर्न भरने वाले पोर्टल में आ रही दिक्कत

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने ई फाइलिंग पोर्टल का प्रबंधन करने वाली कंपनी इंफोसिस को इस पर आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए कहा है। विभाग ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि पोर्टल में दिक्कत आने की उसे जानकारी मिली है। इसकी सूचना इंफोसिस को दी गयी है और इसे यथाशीघ्र सही करने के लिए कहा गया है। पोर्टल के सर्च वाले हिस्से में कुछ दिक्कत आ रही है। विभाग ने इसके कारण किसी तरह के डेटा के चोरी होने से इंकार किया है।

### पीट्रॉन ने लॉंच किया नया स्मार्टवॉच फोर्स एक्स 10 ई

नयी दिल्ली। किफायती डिजिटल लाइफस्टाइल और ऑडियो एक्सेसरीज ब्रांड के निर्माता पीट्रॉन ने भारत में नया स्मार्टवॉच फोर्स एक्स 10 ई लॉंच करने की घोषणा की है जिसकी कीमत 1799 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसने अपने वियरेबल्स प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। स्टाइल, परफॉर्मेंस और कनेक्टिविटी के वादे के साथ पीट्रॉन के लगातार बढ़ते पोर्टफोलियो के नवीनतम प्रोडक्ट में वास्तविक चलने वाली सुइयाँ होंगी, जो 1.7 बड़े एचडी डिस्प्ले में चलतीं हैं। इसके लॉंच के अवसर पर कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ अमीन ख्वाजा ने कहा फोर्स एक्स 10 ई हमारे स्मार्ट वियरेबल्स कैटलॉग में एक आदर्श उत्पाद है क्योंकि यह भारत के टियर-1 और टियर-2 शहरों में लाखों ग्राहकों के साथ प्रतिध्वनित होता है, जो अत्याधुनिक, चलाने में आसन, विश्वसनीय, टिकाऊ और स्टाइलिश स्मार्टवॉच की तलाश में हैं।

## शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत, दालें महंगी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। आज पाम तेल सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा बिका। दलहनो में मजबूती रही। दालें महंगी बोली गई। चावल में कामकाज सुधार लिए रहा।

### किराना बाजार

शक्कर में मांग से भाव ऊंचे रहे। आज शक्कर में कामकाज 3590 से 3630 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा सस्ता बिका। हल्दी तथा साबूदाना में उठाव बढ़ा बताया गया।

### तेल -तिलहन

खाद्य तेल में मांग से उछाल दर्ज की गई। आज पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा बिका। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से भाव तेजी लिए बताए गए।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में चना, मसूर तथा मूंग में मजबूती रही। समर्थन स्वरूप दालें भी बढ़कर बिकी। चावल में उठाव बना रहा। चना बेसन सस्ता बिका।

### किराना

शक्कर 3590 से 3630 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 165 से 185 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 1950 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4850 से 5450, पैकिंग में 5800 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल।



### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6000 से 6200, रायडा 6100 से 6300 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1620 से 1630, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1525 से 1530, सोयाबीन साल्वेंट 1500 से 1505, पाम तेल 1570 से 1575 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 4700 से 4750, मसूर 6650 से 6700, तुअर निमाड़ी 5500 से 5900, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 6200 से 6500, तुअर (कर्नाटक) 6400 से 6600, मूंग 6200 से 6350, मूंग हल्की 5200 से 5700, उड़द 6500 से 7000, उड़द मीडियम 5500 से 6200, उड़द हल्की 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 5700 से 6200, तुअर दाल सवा नंबर 8000 से 8200, तुअर दाल फूल 8200 से 8400, तुअर दाल नई 8700 से 9400, आयातित तुअर दाल 7800 से 7900, मसूर दाल 8000 से 8300, मूंग दाल 7900 से 8200, मूंग मोगर 8600 से 8900, उड़द दाल 8200 से 8500, उड़द मोगर 8900 से 9300 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 10000 से 11000, तिबार 8000 से 8500, दुबार 7000 से 7500, मिनी दुबार 6500 से 7000, मोगरा 3500 से 4500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 7500 से 8000, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2500 से 2650, हंसा सैला 2450 से 2650, हंसा सफेद 2350 से 2450, पोहा 3700 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1390 से 1400, मैदा 1320 से 1330, आटा 1280 से 1300, चना बेसन 3140 से 3150 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

## एक्सिस बैंक, इंडियन ऑयल ने पेश किया कॉन्टैक्टलेस को-ब्रांडेड रुपे क्रेडिट कार्ड

नयी दिल्ली। एक्सिस बैंक और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ साझेदारी में मंगलवार को एक को-ब्रांडेड कॉन्टैक्टलेस (संपर्क रहित) इंडियन ऑयल एक्सिस बैंक रुपे क्रेडिट कार्ड पेश किया।




संयुक्त बयान में बताया गया कि इस कार्ड के माध्यम से पेट्रोल पंपों पर अधिभार में छूट और ईंधन खर्च पर कैशबैक (धन वापस) हासिल किया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को दैनिक लेन-देन पर अन्य अनेक लाभ भी प्रदान करता है, जिनमें प्रमुख हैं- तुरंत इनाम अंक, मूवी टिकटों पर तत्काल छूट और साझीदार रेस्तरां में खान-पान का आनंद उठाना है। ग्राहकों को शुरुआत में कार्ड जारी होने के पहले 30 दिनों के भीतर सभी प्रकार के ईंधन खर्च पर 250 रुपए तक 100 प्रतिशत कैशबैक के हकदार होंगे। यह 200 रुपए से 5000 रुपए के बीच ईंधन खर्च पर 1 प्रतिशत के अधिभार में छूट और इंडियन ऑयल पेट्रोल-पंप पर ईंधन पर खर्च किए गए प्रत्येक 100 रुपए के लिए 4 प्रतिशत के इनाम अंक भी प्रदान करेगा। इंडियन ऑयल के विपणन निदेशक वी सतीश कुमार ने कहा, इसके साथ इंडियन ऑयल डिजिटल इंडिया की दिशा में एक और ठोस कदम उठा रहा है।

मुझे विश्वास है कि एक्सिस बैंक और रुपे के साथ यह सहयोग हमारी ग्राहक सेवाओं को और बेहतर और मजबूत करेगा। हमें यकीन है कि हम महानगरों के बाहर, टियर 2-3 शहरों में और उससे आगे नए विकास केंद्रों में पहले से अधिक गहराई से प्रवेश करने में सक्षम होंगे।

एक्सिस बैंक के कार्ड और भुगतान के अध्यक्ष और प्रमुख संजीव मोघे ने कहा, हम ग्राहकों को उनकी बदलती जरूरतों को पूरा करने और अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए नए और नवाचार उत्पाद पेश करने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

इस प्रयास में, हमें एनपीसीआई के साथ सहयोग करने और अपने क्रेडिट कार्ड नेटवर्क पर रुपे लॉन्च करने की खुशी है। अपनी श्रेणी में सबसे अधिक फायदेमंद क्रेडिट कार्डों में से एक, को-ब्रांडेड कार्ड विशेष लाभ और पुरस्कार प्रदान करेगा जो पूरे भारत में ग्राहकों को पसंद आएगा।

### एडिडास ने प्लास्टिक कचरे को समाप्त करने की अपनी पहल में रन फॉर द ओशंस 2022 का किया आयोजन

मुंबई। एडिडास इंडिया ने मुंबई में अपने वहनीयता अभियान रन फॉर द ओशन्स (समुद्र के लिए दौड़) के पांचवें संस्करण के लिए पूरे शहर के 1500 से अधिक उत्साही धावकों को एकजुट किया। इस दौड़ में यहां के वर्सोवा तट के आसपास तीन किलोमीटर का एक चक्कर शामिल था जिसके बाद धावकों ने समुद्र तट की सफाई अभियान में हिस्सा लिया। एडिडास इंडिया के दल में अनुषा दांडेकर, सैयामी खेर, करणवीर बोहरा, तीजे सिद्धू, आदित्य सील, आकाश गौरव और अंगद बेदी सहित कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में बताया कि एडिडास रंटैस्टिक ऐप के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए प्रत्येक 10 मिनट की दौड़ के लिए एक प्लास्टिक की बोतल के बराबर वजन को साफ करने की कसम खाई थी जिससे इस वर्ष के लक्ष्य के साथ अधिकतम संग्रह 2,50,000 किलोग्राम रहा। एडिडास इंडिया के वरिष्ठ निदेशक सुनील गुप्ता ने कहा, रन फॉर द ओशन्स प्लास्टिक कचरे को समाप्त करने में मदद करने के लिए इस प्रतिबद्धता में सबसे आगे है। इस पहल की शुरुआत के बाद से कंपनी ने ओशन प्लास्टिक के साथ पांच करोड़ जोड़ी से अधिक जूते और अकेले 2021 में 1.8 करोड़ के करीब जोड़े बनाए हैं। रन फॉर द ओशन्स एक वैश्विक आंदोलन है लेकिन भारत में एडिडास ने अफरोज शाह, यूएन चैंपियन ऑफ अर्थ 2016 के साथ जुड़कर इस आंदोलन को गति दी है। एडिडास इंडिया वर्ष 2018 से समुद्र तटों और महासागरों से प्लास्टिक को हटाने के प्रयास में अफरोज शाह का समर्थन कर रहा है। इस पहल ने भारत और विश्व स्तर पर महासागरों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दृष्टि के साथ स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता और सकारात्मक का प्रभाव पैदा किया है।

### स्ट्राइकर का भारत में नया टेक्नोलॉजी सेन्टर

नयी दिल्ली। मेडिकल टेक्नोलॉजी कंपनी स्ट्राइकर ने आज इंटरनेशनल टेक पार्क गुरूग्राम में अपनी नई रिसर्च एवं डेवलपमेंट फैसिलिटी स्ट्राइकर्स ग्लोबल टेक्नोलॉजी सेन्टर (एसजीटीसी) के शुभारंभ की घोषणा की। कंपन ने यहां जारी बयान में कहा कि 150,000 वर्ग फुट में फैली यह फैसिलिटी भारत और विश्व स्तर पर इनोवेशन में तेजी लाने में मदद करेगी और स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के कंपनी के मिशन में सहयोग करेगी। कंपनी के मेडसर्ग एवं न्यूरोटेक्नॉलोजी के ग्रुप अध्यक्ष एंडी पियर्स ने कहा कि स्ट्राइकर के मूल सोच इनोवेशन आधारित है। एसजीटीसी नए प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस को विकसित करने की हमारी क्षमता को मजबूती प्रदान करता है जो पूरे विश्व में जीवन को बेहतर बनाने और बचाने में मदद करते हैं। हमें गर्व है कि स्ट्राइकर हर साल 10 करोड़ से अधिक रोगियों की जिन्दगी में सकारात्मक प्रभाव लाता है और हमारे ऑफर्स की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सेन्टर को ऐसे डिजाइन किया गया है कि उनसे हेल्थ प्रोफेशनल जुड़ाव महसूस कर सकें और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए नई तकनीकें विकसित कर सकें।

## वोल्वो की इलेक्ट्रिक कार एक्ससी40रिचार्ज की असेम्बली भारत में

नयी दिल्ली। वॉल्वो कार इंडिया ने मंगलवार को घोषणा की कि वह विद्युत बैटरी वाली कार एक्ससी40 रिचार्ज को भारतीय बाजार के लिए भारत में ही असेंबल करेगी।

कंपनी ने कहा कि प्रति चार्ज 418 किलोमीटर की रेंज वाली इस कार को कंपनी के बेंगलुरु के समीप होसाकोटे कारखाने में असेंबल किया जाएगा।



वोल्वोकार इंडिया के प्रबंध निदेशक ज्योति मल्होत्रा ने कहा, हम भारतीय बाजार को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और बेंगलुरु में हमारे संयंत्र में एक्ससी40 रिचार्ज की हमारी नवीनतम पेशकश असेम्बल करने की हमारी योजना इस संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय विद्युत बैटरी वाली कारों का है और वोल्वो पहले ही कह चुकी है 2030 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक कार कंपनी बन जाएगी। स्थानीय असेंबली पर हमारा ध्यान इस दिशा में एक कदम है।

वोल्वो ने हाल ही में भारत में अपना पहला प्योर-इलेक्ट्रिक वाहन एक्ससी40 रिचार्ज प्रदर्शित किया है और जुलाई में लॉन्च की योजना है, जिसकी डिलीवरी इस साल अक्टूबर में शुरू होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक वोल्वो कार इंडिया 2022 से हर साल एक नया ऑल-इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। वैश्विक स्तर पर कंपनी ने घोषणा की है कि 2030 तक वोल्वो केवल इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन करेगी। कंपनी ने 2017 में भारत में स्थानीय असेंबली शुरू की और तब से स्थानीय रूप से असेंबल किए गए लाइन-अप में मॉडल जोड़ना जारी रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## लद्दाख की पैंगोंग झील इलाके में जियो की 4जी कनेक्टिविटी शुरू

नयी दिल्ली। देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी रिलायंस जियो ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील पर स्थित स्पंगमिक गांव में 4जी वॉयस और डेटा सेवाओं की शुरुआत कर दी है।

कंपनी ने मंगलवार को यहां जारी बयान में बताया कि पैंगोंग झील के आसपास 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाला जियो पहला दूरसंचार ऑपरेटर बन गया है।




लद्दाख के सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने जियो मोबाइल टॉवर का उद्घाटन कर क्षेत्र के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि इलाके के लोग लंबे समय से 4जी कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे। रिलायंस जियो की 4जी सेवाओं के लॉन्च होने के साथ ही उनकी मांग पूरी हो गई है। जियो की 4जी सेवा इलाके की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा क्षेत्र में पर्यटकों और सैनिकों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

रिलायंस जियो लद्दाख क्षेत्र में अपने नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रहा है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद इस इलाके में टावर लगाकर जियो ने इसे अपने नेटवर्क से जोड़ लिया है। इलाके के लोग अब देश के बाकी हिस्सों से 4जी नेटवर्क के माध्यम से जुड़ गए हैं इस वर्ष मई में जियो ने खालसी ब्लॉक के कांजी, उरबिस और हनुपट्टा गांवों और दिस्कित ब्लॉक के चुंगलुंगखा गांव में भी अपनी सेवाएं शुरू की थी। जियो ने पहले ही इस क्षेत्र में कारगिल, ज़ांस्कर और डेमचोक जैसे क्षेत्रों में 4जी नेटवर्क स्थापित कर दिया है। लद्दाख के सबसे बड़े शहर लेह में जियोफाइबर ब्रॉडबैंड सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

### तोशिबा सॉफ्टवेयर और बियोंड नेक्स्ट वेंचर्स इंडिया ने पेश किया आईडियाथॉन

नयी दिल्ली। तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (टीएसआईपी) और बियोंड नेक्स्ट वेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (बीएनवीआई) ने सोमवार को 'आइडियाथॉन' की शुरूआत की। संयुक्त बयान में बताया गया कि आइडियाथॉन 12 सप्ताह का नवाचार प्रोग्राम है जो टीएसआईपी कर्मचारियों के उद्यमिता कौशल विकास को बढ़ावा देगा तथा ऐसे अभिनव समाधानों के निर्माण में मददगार साबित होगा जिनसे देश की व्यापारिक एवं सामाजिक समस्याओं को हल किया जा सके। तोशिबा सॉफ्टवेयर इंडिया प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक रामदास बालिगा ने कहा भारतीय स्टार्टअप्स का क्षेत्र उद्यम निवेश एवं तकनीकी उद्यमशीलता के पहलुओं पर अभूतपूर्व बढ़त का गवाह बन रहा है। टीएसआईपी में क्षमता है की वह उन्नत प्रौद्योगिकियों जैसे ए.आई., मशीन लर्निंग, आईओटी, क्लाउड सॉल्यूशंस, डाटा साइंस आदि के साथ नवाचार को आगे बढ़ा सके तथा स्टार्टअप इंडिया व मेक-इन-इंडिया के ध्येय की दिशा में अग्रसर हो।

## भारतीय एयरलाइनों की अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की यात्री संख्या मई में कोविड-पूर्व के स्तर के पार : इकरा

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इकरा की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मई 2022 में भारतीय एयरलाइनों की अंतर्राष्ट्रीय मार्ग की उड़ानों में यात्री संख्या बढ़ कर 22 लाख रही। यह संख्या न केवल 27 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू होने करने के बाद सबसे अधिक है बल्कि कोविड महामारी से पहले से भी अधिक है।

इकरा की रपट में कहा गया है कि भारतीय एयरलाइनों ने मई 2019 की तुलना में मई 2022 में 24 प्रतिशत अधिक अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को ढोया। मई, 2019 में इनकी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों की संख्या 18 लाख रही थी।

रपट के मुताबिक कोविड-19 संक्रमण घटने से घरेलू हवाई मार्गों पर मई, 2022 में एक साल पहले की तुलना में यात्री संख्या में 4.4 गुना की वृद्धि दर्ज की गयी।

इस बार मई में घरेलू उड़ानों पर 114 लाख यात्रियों ने यात्रा की। मई 2021 में यह संख्या 21 लाख और मई 2019 में 122 लाख थी। इसतरह इस बार मई में घरेलू यात्रियों की संख्या कोविड पूर्व के इसी माह से मात्र सात प्रतिशत कम है।

इकरा के अनुसार मई 2022 में घरेलू हवाई यात्री संख्या इससे पिछले माह के 109 लाख की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक रही।

रिपोर्ट के अनुसार मई 2022 में एयरलाइंस की सीट क्षमता मई 2021 की तुलना में 2.1 गुना अधिक थी। मई 2021 में इन एयरलाइनों ने 27,725 उड़ानों के प्रस्थान के मुकाबले मई 2022 में 86,289 प्रस्थान किए।

आईसीआरए के उपाध्यक्ष और एयरलाइन क्षेत्र पर अध्ययन करने वाले प्रभाग के प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा, मई 2022 के लिए, औसत दैनिक प्रस्थान 2,784 था, जो मई 2021 के दैनिक 894 प्रस्थान और अप्रैल 2022 में 2,726 प्रस्थान की तुलना में अधिक था। बनर्जी ने बताया कि मई 2022 के दौरान प्रति उड़ान यात्रियों की संख्या 132 थी। यह अप्रैल 2022 में प्रति उड़ान औसतन 133 यात्रियों और मई 2019 में प्रति उड़ान औसतन 139 यात्रियों से कम रही।

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले शेयर बाजार धराशायी

मुंबई। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों को लेकर निवेशकों की सतर्कता बरतते हुए की गई बिकवाली से आज शेयर बाजार धराशायी हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 567.98 अंक लुढ़ककर 55,107.34 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 153.20 अंक टूटकर 16,416.35 अंक पर आ गया। बीएसई का मिडकैप 0.77 प्रतिशत गिरकर 22,564.47 अंक और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत उतरकर 26,065.30 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3418 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2011 में गिरावट जबकि 1286 में तेजी रही वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 36 कंपनियों में बिकवाली वहीं शेष 14 में लिवाली हुई।

बीएसई के 13 समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा वहीं शेष छह में तेजी रही। इस दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.71, बेसिक मैटेरियल्स 1.17, सीडीजीएस 1.15,




एफएमसीजी 1.42, वित्त 0.93, हेल्थकेयर 0.94, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी 1.42, बैंकिंग 0.85, कैपिटल गुड्स 1.53, धातु 0.83, टेक 1.32 और रियल्टी समूह के शेयर 1.57 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13, जर्मनी का डैक्स 1.00 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 प्रतिशत उतर गया जबकि जापान का निक्केई 0.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.17 प्रतिशत की बढ़त रही।

विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई की चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा रिपोर्ट कल जारी होने वाली है। बाजार ने रेपो दर और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 50 आधार अंक तक की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है लेकिन बढ़ती महंगाई के कारण तरलता को सोखने के लिए और सख्त उपायों का बाजार पर असर पड़ेगा। मौद्रिक उपायों के अलावा विकास और मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान पर आरबीआई का रुख भी बाजार की दिशा निर्धारित करेगा। इन सब कारकों को ध्यान में रखते हुए निवेशकों ने सतर्कता बरती और उनकी बिकवाली से सेंसेक्स और निफ्टी दबाव में रहे।

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 302 अंक की बड़ी गिरावट लेकर 55,373.18 अंक पर खुला लेकिन थोड़ी देर मामूली लिवाली के बल पर 55,387.77 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। बिकवाली के दबाव में यह दोपहर से पहले 54,882.41 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 55,675.32 अंक के मुकाबले 1.02 प्रतिशत गिरकर 55,107.34 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी की शुरुआत भी कमजोर रही और यह 100 अंक उतरकर 16,469.60 अंक पर खुला। कारोबारी सत्र के दौरान यह 16,487.25 अंक के उच्चतम जबकि 16,347.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 16,569.55 अंक की तुलना में 0.92 प्रतिशत टूटकर 16,416.35 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की 25 कंपनियों ने नुकसान उठाया वहीं पांच कंपनियों में बढ़त रही। टाइटन के शेयर सबसे अधिक 4.48 प्रतिशत गिरे जबकि एनटीपीसी सर्वाधिक 1.35 प्रतिशत की तेजी में रही। गिरावट पर रहने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में एलटी 3.00, टीसीएस 1.99, आईसीआईसीआई बैंक 1.56, इंफोसिस 1.51, एचसीएल टेक 1.39, टेक महिंद्रा 1.28, विप्रो 1.19, टाटा स्टील 0.90 और एसबीआई 0.04 प्रतिशत शामिल है।

# शार्ट न्यूज

## ऑस्ट्रेलिया दौरे की आमदनी सरकार को दान करेगा श्रीलंका क्रिकेट

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने फैसला किया है कि अपने देश को आर्थिक संकट से निकालने में मदद करने के लिये वह ऑस्ट्रेलिया दौरे की टिकट बिक्री से होने वाली आमदनी सरकार को दान देगा। एसएलसी के सचिव मोहन डि सिलवा ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन राणासिंघे की अपील के बाद कार्यकारी समिति ने यह फैसला लिया। डि सिल्वा ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि यह दौरा हमारे देश के लिये न सिर्फ क्रिकेट के मोर्चे पर, बल्कि इस दौरान होने वाले विदेशी मुद्रा राजस्व के कारण आर्थिक मोर्चे पर भी महत्वपूर्ण है। एसएलसी ने निर्णय लिया है कि वह पूरी आमदनी को लोगों के हित के लिये दान करेगा। 52 दिवसीय घरेलू दौरे पर आस्ट्रेलिया की मेजबानी करके श्रीलंका 25 लाख डॉलर कमाएगा। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच मंगलवार को यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

## भारत से शुरू होगा ओलंपियाड का मशाल रिले

चेन्नई। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड से प्रत्येक ओलंपियाड में मशाल रिले को शामिल किया जाएगा। फिडे ने कहा कि ओलंपिक-शैली की परंपरा के अनुसार, मशाल रिले हमेशा शतरंज की जन्मभूमि भारत से शुरू होगी। इसके बाद मशाल मेजबान शहर तक पहुंचने से पहले सभी महाद्वीपों में यात्रा करेगी।बयान में कहा गया कि समय की कमी के कारण, इस साल शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले केवल भारत में ही चलेगी। फिडे के अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच ने कहा, यह पहल शतरंज के खेल को लोकप्रिय बनाने और दुनिया भर में प्रशंसकों के समर्थन को बढ़ाने में मदद करेगी। ओलंपिक खेलों की परंपरा के अनुरूप, ओलंपियाड के अगले संस्करण से मशाल सभी महाद्वीपों में फिडे के सदस्य देशों का दौरा करते हुए अंतत: शतरंज ओलंपियाड के उद्घाटन से पहले मेजबान देश और शहर पहुंचेगी। शतरंज ओलंपियाड का आगामी संस्करण 28 जुलाई से 10 अगस्त तक महाबलीपुरम में होने वाला है। इस ऐतिहासिक आयोजन को पहले ही 187 देशों की ओपन और महिला वर्गों में रिकॉर्ड 343 टीमें मिल चुकी हैं। भारत शतरंज के इतिहास में लगभग 100 वर्षों में पहली बार ओलंपियाड की मेजबानी करेगा।

## भारतीय टीम में शामिल हुए फ़िज़ियो कमलेश जैन

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व फिज़ियो कमलेश जैन सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम के सपोर्ट स्टाफ में शामिल हुए। करीब 10 साल तक नाइट राइडर्स के साथ रह चुके जैन को हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नितिन पटेल की जगह नियुक्त किया था। पटेल बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में शामिल हो गये हैं। क्रिकबज़ के अनुसार, बीसीसीआई सूत्रों ने जैन की नियुक्ति की पुष्टी की है। चेन्नई से आने वाले फिज़ियो सोमवार को नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में देखे गये थे, जहां भारतीय टीम ने करीब तीन घंटे तक नौ जून को दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले मैच के लिये अभ्यास किया।

## पोकरबाज़ीडॉटकॉम ने द एशियन पोकर टूर के साथ अपनी खास साझेदारी का विस्तार किया

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म पोकरबाज़ीडॉटकॉम ने एशिया में पोकर इवेंट्स के प्रमुख ब्रैंड एशियन पोकर टूर के साथ अपनी एक्सक्लूसिव इंडिया पार्टनरशिप को अगले दो वर्ष के लिए बढ़ाकर अपने सफल सहयोग को बरकरार रखा है। इस भागीदारी के तहत पिछले 2 सालों में पोकरबाजी ने तीन सफल एपीटी इंडिया ऑनलाइन इवेंट्स की मेजबानी की। इस साझेदारी का विस्तार एपीटी इंडिया के अगले ऑनलाइन संस्करण के साथ किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 1 जुलाई 2022 से होगी। इसका विस्तृत विवरण ब्रैंड की ओर से कल जारी किया जाएगा। यह इवेंट जनवरी 2022 में हुए पिछले संस्करण की तुलना में ज्यादा विशाल और भव्य होने की संभावना है। इस साझेदारी से पोकर के भारतीय खिलाड़ियों कोपोकर बाज़ी डॉटकॉम की मेजबानी में आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता पोकर बाज़ी डॉटकॉम में भाग लेने की इजाजत मिलेगी और वह सम्मानित एपीटी ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। एशियन पोकर टूर एशिया के उन महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स में से एक है, जिसने पोकरबाज़ी डॉटकॉम के साथ साझेदारी में 2020 में भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक्सक्लूसिव ऑनलाइन सीरीज की घोषणा की थी। एपीटी इंडिया ऑनलाइन सीरीज के तीसरे संस्करण की मेजबानी 2022 में 30 जनवरी 2022 से 6 फरवरी 2022 के बीच की गई। इसमें हिस्सा लेने के लिए देश भर से कुल 56 हजार लोगों ने आवेदन किया। इस टूर्नामेंट के लिए कुल 7 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई थी। अब जब महामारी के बाद पोकर टूर्नामेंट धीरे-धीरे ऑफलाइन आयोजित किए जाने लगे हैं, एपीटी की योजना इन इवेंट्स को वियतनाम और फिलीपींस जैसी जगहों पर आयोजित करने की है। दुनिया भर में होने वाले पोकर इवेंट्स में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी बढ़ रही है, ऐसे में यह एक्सक्लूसिव साझेदारी भारतीय खिलाड़ियों को पोकरबाज़ी डॉटकॉम पर ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा करने और ग्लोबल एपीटी टूर्नामेंट में पैकेज जीतने का अवसर प्रदान करेगी।

## सुवेद पारकर का दोहरा शतक, मुंबई का विशाल स्कोर

कुर्नूल। सुवेद पारकर (252) के दोहरे शतक और सरफ़राज़ ख़ान (153) के शतक की बदौलत मुंबई ने उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को दूसरे दिन पहली पारी आठ विकेट पर 647 रन पर घोषित कर दी। दूसरे दिन बल्लेबाज़ी करने उतरे सुवेद और सरफ़राज़ ने चौथे विकेट के लिये 267 रनों की साझेदारी की। सरफ़राज़ के 153 रन पर आउट होने के बाद विकेटकीपर आदित्य तारे भी एक रन के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गये, मगर सुवेद ने शम्स मुलानी के साथ 106 रन की साझेदारी कर पारी को आगे बढ़ाया। शम्स (59) के आउट होने के बाद सुवेद ने तनुष कोटियान (28) और तुषार देशपांडे (20 नाबाद) के साथ भी क्रमश- 53 रन और 44 रन की साझेदारी की। अंतत-, सुवेद मुंबई के आठवें विकेट के रूप में कुनाल चंदेला के हाथों रन आउट हो गये और मुंबई ने अपनी पारी 647 रन पर घोषित कर दी। उत्तराखंड के लिये दीपक धपोले ने तीन विकेट लिये, जबकि अग्रिम तिवारी, स्वप्निल सिंह, मयंक मिश्रा और कमल सिंह ने एक-एक विकेट हासिल किया। दूसरे दिन की समाप्ति तक उत्तराखंड ने महज़ 39 रन बनाकर दो विकेट खो दिये हैं। कप्तान जय गोकुल बिस्ता शून्य रन पर और मयंक मिश्रा चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये हैं।

## अक्षदीप और बरोका की बदौलत दिल्ली चैलेंजर्स ने जीता रघुबीर क्रिकेट खिताब

नयी दिल्ली। मैन ऑफ द मैच अक्षदीप नाथ के शानदार नाबाद शतक (नाबाद 107, 94 गेंद, 14/4, 3/6), राजेश शर्मा (60), तेजस सिंह बरोका (3/48), प्रशांत भाटी (2/43) के शानदार खेल की बदौलत मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड में खेले गए 45वें अखिल भारतीय रघुबीर सिंह हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट के फ़ाइनल में दिल्ली चैलेंजर्स ने प्लेयर्स क्रिकेट अकादमी को मंगलवार को 5 विकेट से हारकर शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सनत सागंवान ने आज भी शानदार 54 रन और ध्रुव सिंह ने 65 रनो का योगदान दिया पर अपनी टीम को हार से न बचा सके। जीतने वाली टीम को 2 लाख 50 हजार रुपए का इनाम और पराजित टीम को 1 लाख 50 हजार रुपए का इनाम दिया गया। टूर्नामेंट का पुरस्कार रोहन जेटली (डीडीसीए के अध्यक्ष), डॉ विजय दत्ता (प्रिंसिपल मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड), पवन गुलाटी और अंतरराष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी द्वारा वितरित किये गए।

# अपनी ही सलाह पर अमल करने का प्रयास कर रहे हैं ब्रॉड




लंदन। एशेज़ के बाद नाटकीय रूप से टीम से बाहर किए जाने के बाद तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने जो एक चीज़ सीखी है वह है अगले मैच से अधिक किसी भी बात के बारे में ना सोचना। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ ट्रेंट ब्रिज में शुक्रवार से शुरु होने वाले टेस्ट मैच से पहले ब्रॉड की ख़ुद को यह सलाह है कि वह इस मुक़ाबले को अपने घरेलू मैदान पर अपने आख़िरी टेस्ट मुक़ाबले के तौर पर ना देखें।

हालांकि नॉटिंघम में अगले साल इंग्लैंड टीम का कोई टेस्ट मैच निर्धारित नहीं है लेकिन न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ 2-0 की अजेय बढ़त लेने की ताक में लगी इंग्लैंड टीम के सदस्य ब्रॉड और जेम्स एंडरसन साथ में लय में आने का लुत्फ़ उठा रहे हैं जिन्हें वेस्टइंडीज़ दौरे पर टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

ब्रॉड ने कहा, होबार्ट के बाद और सर्दियों के दौरान मेरी सोच में काफ़ी परिवर्तन आया है। मैं बहुत आगे की सोचने का प्रयास नहीं कर रहा हूं। मेरा ध्यान सिर्फ़ हर हफ़्ते का आनंद उठाने और अगले हफ़्ते के लिए ख़ुद को वापस तैयार करने पर है। जिमी (एंडरसन) इस वर्ष 40 के हो रहे हैं। चार साल पहले, 2018 में क्या वह यह सोच रहे थे कि ओल्ड ट्रैफ़र्ड में वह अपना आख़िरी टेस्ट मैच खेल रहे हैं? संभवत: नहीं। इस तरह की सोच सिर्फ़ आपसे उस हफ़्ते के आनंद को छीन लेती है। इस सीज़न की शुरुआत मैंने यह सोच कर नहीं की कि मुझे आगे इंग्लैंड की शर्ट पहनने का अवसर मिल पाएगा या नहीं। मैं सिर्फ़ और सिर्फ़ हर दिन का लुत्फ़ उठा रहा हूं।

न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ लॉर्ड्स में इंग्लैंड की पांच विकेटों से जीत दस टेस्ट मैचों के बाद आई थी और यह नए कप्तान बेन स्टोक्स और टेस्ट के नए मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ नए दौर में प्रवेश करने की शुरुआत थी। इससे पहले इंग्लैंड पिछले साल अगस्त महीने में हेडिंग्ले में भारतीय टीम के ख़िलाफ़ जीत दर्ज की थी।

पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद इंग्लैंड खेमे के माहौल के बारे में ब्रॉड ने कहा, एक टीम के तौर पर यह हमारे लिए मज़ेदार हफ़्तों में से एक था। आरामदायक माहौल, जिस तरह से हम एक टीम के रूप में बात कर रहे थे। जिस तरह से हमने टारगेट को भेदा वह हमारी मानसिकता को दर्शाता है। चीज़ें हमारे पक्ष में गईं, नो बॉल इसे एक अलग खेल बना देता है। ब्रॉड उस नो बॉल की बात कर रहे थे जो कॉलिन डि ग्रैंडहोम ने सिर्फ़ एक रन के निजी स्कोर पर खेल रहे स्टॉक्स को फेंकी थी और वह उस गेंद पर बोल्ड हो गए थे।

ब्रॉड पहली बार स्टोक्स की कप्तानी में खेल रहे थे। उन्होंने नए दौर में प्रवेश कर रही इंग्लैंड टीम के संबंध में कहा, जीत के साथ स्टोक्स-मैकुलम दौर की शुरुआत हमारे लिए काफ़ी बड़ी है। 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करना एक समूह के तौर पर हमारे लिए काफ़ी अच्छा है। मुझे नहीं लगता कि लॉर्ड्स में आने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इनकार कर सकता है कि उसने लुत्फ़ उठाया। हम इसे ट्रेंट ब्रिज तक ले जाना चाहते हैं।

ब्रॉड ने पूर्व कप्तान जो रूट के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों पर बात करते हुए कहा, जो ने जब कप्तानी छोड़ी तो मेरी उनसे बात हुई थी। मैंने उन्हें बताया था कि वह एक कप्तान के तौर पर मेरे लिए कितना मायने रखते थे और उनकी कप्तानी में खेलना कितने सम्मान की बात थी। मैंने उन्हें कहा था कि वह अब बिना किसी दबाव के खेल सकते हैं और मुझे उम्मीद है कि वह अगले कुछ साल भरपूर आनंद लेते हुए खेलेंगे। जो और मैं बहुत अच्छे मित्र हैं, मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो पेशे और रिश्तों को अलग रखता है। मैं किसी से इसलिए ख़फ़ा नहीं हो सकता कि उसने मुझे टीम में क्यों नहीं चुना, यह बेहद दयनीय है। ब्रॉड इस महीने 36 वर्ष के होने वाले हैं, रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद वह कप्तानी के लिए एक विकल्प हो सकते थे अगर टीम में उनकी जगह सुरक्षित होती। हालांकि न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ पहले टेस्ट के दौरान वह मैदान के भीतर और बाहर कप्तान की भूमिका में ज़रूर नज़र आए। उन्होंने लॉर्ड्स में मौजूद दर्शकों के जोश को तब बढ़ा दिया जब उन्होंने तीसरे दिन अपनी तीन गेंदों से मैच में नाटकीय मोड़ ला दिया। ब्रॉड ने शतकवीर डेरिल मिचेल को पवेलियन भेजने पर मजबूर किया, डि ग्रैंडहोम के विरुद्ध लेग बिफ़ोर की असफल अपील के दौरान उन्हें रन आउट करवाने के बाद ब्रॉड ने काइल जेमीसन को शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया।

लॉर्ड्स टेस्ट में अपने प्रदर्शन को लेकर ब्रॉड ने कहा, कल मैं शायद अपने अनुभव का भरपूर उपयोग यह सोचकर कर पा रहा था कि टीम को यहां क्या चाहिए। हालांकि इससे अधिक दबाव आता है लेकिन मुझे यह दबाव काफ़ी पसंद है।

लोग कहते हैं कि देश में ट्रेंट ब्रिज और एजबैस्टन में टेस्ट का सबसे अच्छा माहौल होता है। लॉर्ड्स में वास्तव में दिलचस्प जीत के बाद, यह देखना चाहिए कि जो लोग ट्रेंट ब्रिज की ओर जा रहे हैं, उनमें आने वाले समय को लेकर बहुत उत्साह है।

## देश की पहली राष्ट्रीय वायु क्रीड़ा नीति जारी की सिंधिया ने

नयी दिल्ली। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश की पहली राष्ट्रीय हवाई खेल नीति को आज यहां जारी किया जिसमें 11 प्रकार के हवाई खेलों के लिए देश के विभिन्न स्थानों पर अलग अलग हवाई क्लस्टर समेत पूरा ईकोसिस्टम बनाने का प्रावधान किया गया है और इससे देश में पर्यटन, यात्रा, विनिर्माण और अवसंरचना विकास को और बल मिलेगा।

सिंधिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इस नीति को जारी करते हुए कहा कि आज का दिन देश के नागर विमानन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक अवसर है जब भारत में हवाई खेलों को बढ़ावा देने के लिए बहुत शोध एवं अध्ययन के बाद एक राष्ट्रीय वायुक्रीडा नीति को जारी किया जा रहा है।

देश में इस समय करीब पांच हजार लोग हवाई खेलों से जुड़े हुए हैं और इससे करीब 80-100 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होता है। नयी वायुक्रीड़ा नीति के बाद इस क्षेत्र में करीब एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने और राजस्व 10 हजार करोड़ रुपए तक होने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में भारतीय वायु क्रीडा महासंघ का गठन किया जाएगा जो देश में हवाई खेलों की सर्वोच्च शासकीय निकाय होगा।

## धोनी से प्रेरित होकर उनके ही पदचिन्हों पर चलना चाहते हैं प्रिटोरियस

नयी दिल्ली। एमएस धोनी की बदौलत ड्वेन प्रिटोरियस को विश्वास होने लगा है कि वह क्रिकेट के मैदान पर कुछ भी कर सकते हैं। इस सीज़न में धोनी के साथ समय गुज़ारने के बाद प्रिटोरियस को लक्ष्य का सफल पीछा करने के लिए ज़रूरी शांत स्वभाव और आत्मविश्वास प्राप्त हुआ है।

भारत के ख़िलाफ़ नौ जून को शुरु होने वाली टी20 सीरीज़ से पहले प्रिटोरियस ने कहा, मैंने उनसे जो सबसे बड़ी बात सीखी है, वह है कि वह क्रीज़ पर कितने शांत हैं और खुद से दबाव हटाकर गेंदबाज़ पर डालने की कितनी कोशिश करते हैं। उन्होंने मुझे महसूस कराया है कि डेथ ओवर्स के समय बल्लेबाज़ अधिक दबाव में नहीं होता है, जबकि वास्तव में गेंदबाज़ अधिक दबाव में होता है। उन्होंने आगे कहा, एक गेंदबाज़ के रूप में, आप तब भी मैच हार सकते हैं यदि आपको अंतिम तीन गेंदों पर 18 रन का बचाव करना है और एक बल्लेबाज़ के रूप में आप इसे जीत सकते हैं। यह मेरे लिए एक नई मानसिकता थी। वह ज़्यादा उत्तेजित नहीं होते। वह बहुत आशावादी हैं, उन्हें विश्वास है कि वह कुछ भी कर सकते हैं।

प्रिटोरियस और धोनी के बीच सबसे यादगार साझेदारी 21 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ डीवाई पाटिल स्टेडियम में 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हुई। जब प्रिटोरियस जब बल्लेबाज़ी करने आए तब चेन्नई को जीत के लिए 26 गेंदों में 50 रनों की दरकार थी। बुमराह ने उनका यॉर्कर के साथ स्वागत किया लेकिन अगले दो मौक़ों पर प्रिटोरियस ने चौका जड़ दिया। प्रिटोरियस जब पवेलियन लौटे तब चेन्नई को जीत के लिए पांच गेंदों में 17 रन चाहिए थे और धोनी ने इस मैच को चेन्नई के नाम कर दिया।

इस मुक़ाबले में प्रिटोरियस ने देखा कि धोनी गेम को कैसे अंत तक लेकर जाते हैं। ख़ुद प्रिटोरियस का मानना है कि वह भी ज़रूरत पड़ने पर इस भूमिका को निभा सकते हैं। प्रिटोरियस ने कहा, मैं इस शांत स्वभाव और आत्मविश्वास को अपने खेल में आत्मसात करना चाहता हूं जिसकी बदौलत खेल को किसी भी स्थिति से जीता जा सकता है।

हालांकि इस सीज़न में चेन्नई के खेमे में जश्न के अवसर नहीं थे। गत चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में जाने के बाद चेन्नई अंक तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रही। निराशाजनक परिणाम के बावजूद प्रिटोरियस ने कहा कि उनके खेमे में आत्मविश्वास नहीं डगमगाया है।


प्रिटोरियस ने कहा, सीएसके फ्रैंचाइज़ी के बारे में अच्छी बात यह है कि यह बहुत अनुभवी है। हम सभी समझते हैं कि क्रिकेट हमेशा आपके हिसाब से नहीं चलता है। यह अगले साल या अगले तीन साल के लिए निर्माण के बारे में है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश भी है कि ख़राब सीज़न का मतलब दीर्घकालिक नुक़सान नहीं होता।

टी20 में स्ट्रैटेजिक टाइम आउट पर प्रिटोरियस ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा, मैंने इसका काफ़ी आनंद उठाया। इससे खेल थोड़ा लंबा ज़रूर खिंच जाता है, लेकिन यह खेल को तीन हिस्सों में बांटता है। एक पहले, एक बीच में और एक बाद में।

# कश्मीर मसले के समाधान से जुड़ी है दक्षिण एशिया में शांति

## बोले पाक विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने एक बार कश्मीर का राग अलापा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि वह भारतीय अधिकृत कश्मीर मसले को अमेरिकी विदेश मंत्री सहित दुनिया भर के देशों के सामने उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा है कि भारत के कदमों के कारण कश्मीर की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। भारत मुस्लिम बहुसंख्यक को हाशिए पर रखकर और अवैध कदमों के जरिए उन्हें अल्पसंख्यक में बदलने की कोशिश कर रहा है।



### फासीवादी देश बन गया है भारत: बिलावल भुट्टो

बिलावल ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और भारत में बढ़ते इस्लामोफोबिया पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने हाल ही में बीजेपी नेताओं के भड़काऊ बयानों का हवाला देते हुए कहा कि इस तरह के अपमानजनक और बेहद निंदनीय बयानों ने दुनिया भर के मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। ताजा प्रकरण इस बात का सबूत है कि भारत एक फासीवादी देश बन गया है और यह अब एक धर्मनिरपेक्ष भारत नहीं है, बल्कि हिंदुत्व की विचारधारा का प्रभुत्व है।

### भारत के साथ शांति चाहता है पाकिस्तान बोले बिलावल


बिलावल ने कहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति चाहता है लेकिन उसे नई दिल्ली की ओर से एक तर्कसंगत दृष्टिकोण की आवश्यकता है लेकिन भारतीय तर्कहीन कदमों से शांति के लिए जगह को निचोड़ा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि दक्षिण एशिया में शांति कश्मीर मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान से जुड़ी हुई है।

## इराक में पांच आईएस आतंकवादी मारे गए

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद के पास एक ग्रामीण इलाके में हुई मुठभेड़ में कट्टरपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के पांच आतंकवादी मारे गए। इराकी सरकारी समाचार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि बगदाद से करीब 30 किलोमीटर उत्तर तरमियाह इलाके में सोमवार देर रात एक अर्धसैनिक हाशद शाबी बल और आईएस के आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच आतंकवादी मारे गए। एजेंसी के अनुसार, पिछले महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने कट्टरपंथी उग्रवादियों के खिलाफ उनके बढ़ते हमले को रोकने के लिए अभियान चलाए हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2017 के बाद से इराक में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन इसी बीच आतंकवादियों का जत्था ऊबड़-खाबड़ और रेगिस्तानी इलाकों से होकर शहरी इलाकों में अपनी धाक जमाने लग गए हैं। वे सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार हमला जारी रखे हुए हैं।

## नूपुर शर्मा को मिला नीदरलैंड के सांसद का साथ, बोले- कुछ भी गलत नहीं कहा, मांफी मांगने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** पैगंबर मोहम्मद को लेकर बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान के बाद विवाद जारी है। इस बीच नीदरलैंड के प्रतिनिधि सभा के सदस्य और पार्टी फॉर फ्रीडम, नीदरलैंड के चेयरमैन गीर्ट विल्डर्स नूपुर शर्मा का समर्थन किया है। सांसद गीर्ट विल्डर्स का बयान सुर्ख़ियों में है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भारत को इस्लामिक देशों से माफी मांगने की कोई जरूरत नहीं है।



### भारत माफी क्यों मांग रहा है?

एक ट्वीट में गीर्ट विल्डर्स ने कहा है कि तुष्टीकरण कभी काम नहीं अता है। यह सिर्फ चीजों को और खराब करेगा। इसलिए भारत के मेरे प्यारे दोस्तों, इस्लामिक देशों से डरो मत। आजादी के लिए खड़े हो जाओ और अपने नेता नूपुर शर्मा का बचाव करने में गर्व और दृढ़ रहो, जिन्होंने मोहम्मद के बारे में सच बोला था।

उन्होंने आगे कहा है कि यह हास्यास्पद है कि अरब और इस्लामी देश भारतीय नेता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद के बारे में सच बोलने के लिए नाराज हैं। उन्होंने वास्तव में आयशा से शादी की थी, जब वह छह साल की थी। भारत माफी क्यों मांग रहा है?

### गीर्ट विल्डर्स को जान से मारने की धमकी?

सांसद गीर्ट विल्डर्स दक्षिणपंथी पार्टी के नेता हैं।

उन्होंने दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा है कि मोहम्मद के नाम पर मुझे हर दिन जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। धमकी देने से कुछ हासिल नहीं होने वाला क्योंकि मैं सच कहना बंद नहीं करूंगा।

### बीजेपी ने नूपुर को किया निष्कासित

बता दें कि इस्लाम और पैगंबर को लेकर नूपुर ने ऐसा कुछ विवादित कह दिया था कि पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया है। बीजेपी ने दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता नवीन कुमार जिंदल को भी निष्कासित कर दिया है।

## नाइजीरिया चर्च हमले में 22 उपासक मारे गए

अबूजा। नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ओन्डो में एक चर्च पर हुए हमले में कम से कम 22 उपासक की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। एक आपातकालीन प्रबंधन आधिकारिक द्वारा मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। अबूजा में रविवार को राष्ट्रपति पद की ओर से जारी एक बयान में नाइजीरियाई राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी ने उपासकों की जघन्य हत्या की निंदा की। उन्होंने मृतकों पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। ओंडो के राज्यपाल अरकुनरिन अकेरेडोलू ने सोमवार को मृतकों के सात दिन के शोक की घोषणा की और आदेश दिया कि पीड़ितों के सम्मान में सभी सार्वजनिक भवनों पर झंडे आधे झुकाए जाएं। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, ओंडो राज्य के एक शहर ओवो में सेंट फ्रांसिस कैथोलिक चर्च में हमला हुआ, जहां रविवार सुबह सामूहिक प्रार्थना के दौरान कई उपासक चर्च में एकत्र हुए थे। राष्ट्रीय आपात प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) ने कहा कि बचावकर्मियों को घटनास्थल पर करीब सात सौ उपासकों, सेवाकारों का पता चला। उन्होंने बताया कि इस हमले में करीब 150 लोगों के प्रभावित होने की आशंका है।

## रुस-यूक्रेन-संरा की बैठक की मेजबानी करेगा तुर्की

अंकारा। यूक्रेन के खाद्यानों के जहाजों को काला सागर में अनब्लॉक करने पर विचार के लिए तुर्की, रुस, यूक्रेन और संयुक्त राष्ट्र (संरा) के प्रतिनिधिमंडल की बैठक इस सप्ताह इंस्ताबुल में होगी। तुर्की के ब्रॉडकॉस्टर टीआरटी हैबर ने मंगलवार को बताया कि यूक्रेन ने रुस पर अनाज की आपूर्ति में बाधा डालने का आरोप लगाया लेकिन बाद में कहा कि काला सागर में यूक्रेन के माइंस लगाने के कारण जहाज बंदरगाह नहीं छोड़ पा रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अनाज निर्यात फिर से शुरु करने के लिए एक रोडमेप प्रणाली बनायी है जो 80-90 प्रतिशत तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार बैठक का दिन रुस के जवाब मिलने के बाद तय होगा। तुर्की और यूक्रेन ने उनके भाग लेने की पुष्टि की है। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि अगर रूस के साथ अनुबंध होगा तो रोडमैप जल्द ही लागू होगा।

## भारतीय मूल के दो भाई दुबई में गिरफ्तार

दुबई। दक्षिण अफ्रीका में मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) और आपराधिक मामलों में वांछित अतुल और राजेश गुप्ता को दुबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जो मूल रूप से भारतीय हैं। खलीज टाइम्स ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि ये दोनों भाई मूल रूप से भारत में उत्तर प्रदेश के रहने वाले है और दक्षिण अफ्रीका के वांछित हैं। पुलिस ने इंटरपोल से रेड नोटिस मिलने के बाद गुप्ता बन्धुओं को गिरफ्तार कर लिया। दक्षिण अफ्रीका के न्याय मंत्रालय ने पुष्टि की है कि उसे संयुक्त अरब अमीरात में कानून प्रवर्तन अधिकारियों से सूचना मिली है कि राजेश और अतुल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुप्ता बंधुओं पर बड़े पैमाने पर अनुबंधों के लिए रिश्वत देने और दक्षिण अफ्रीका में मंत्रिस्तरीय नियुक्तियों पर प्रभाव डालने का आरोप है।

## जापानी सरकार ने की लोगों से बिजली की खपत कम करने की अपील

टोक्यो। जापान सरकार ने मंगलवार को एक जुलाई से 30 सितंबर तक स्वेच्छा से ऊर्जा संरक्षण के लिए वर्ष 2015 के बाद से पहली राष्ट्रव्यापी अपील जारी करते हुए लोगों से बिजली की खपत और बिल कम करने की उम्मीद जतायी है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की सरकार ने बिजली के दृष्टिकोण पर चर्चा करने के लिए वर्ष 2015 के बाद से पहली राष्ट्रीय बैठक बुलाई, जिससे आने वाले महीनों और सर्दियों में बिजली की खपत के लिए आपूर्ति पर चर्चा की गयी। व्यापार मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जापानी सरकार ने पांच वर्षों में पहली बार बिजली की कमी पर चर्चा करते हुए एक विशेष बैठक की। जिसमें औसत से अधिक गर्मी और सर्दियों के दौरान ऊर्जा की भारी कमी की आशंका जताई गई थी। जापानी सरकार ने पांच वर्षों में पहली बार ऊर्जा असुरक्षा पर चर्चा करते हुए एक विशेष बैठक की, जिसमें औसत से अधिक गर्मी और सर्दियों के दौरान ऊर्जा की भारी कमी की आशंका जताई गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा




# बीबीए के बाद क्या है कॅरियर ऑप्शन

**मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है।**

बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। बीबीए यानी बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, हाल के दिनों में बेहद तेजी से यह कोर्स लोकप्रिय हुआ है। दुनिया में छोटे से लेकर बड़े व्यापार लोग कर रहे हैं, तो गवर्नमेंट भी चाह रही है कि लोग-बाग बिजनेस करें, ताकि देश की इकोनॉमी तेज गति से आगे बढती रहे।

इन तमाम चीजों में अगर एक कॉमन फैक्टर खोजा जाए तो वह यह है कि नए-पुराने सभी व्यापारों में मैनेजमेंट के स्टूडेंट्स की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। चूंकि ह्यूमन रिसोर्स से लेकर सेल्स डिपार्टमेंट, परचेज डिपार्टमेंट, तकनीकी डिपार्टमेंट, नेटवर्किंग और दूसरे विभाग बगैर मैनेजमेंट के चल ही नहीं सकते हैं। चाहे आप आईटी की बात कर लें, चाहे आप सर्विस की बात कर लें, या फिर किसी और डिपार्टमेंट की, जाहिर है कि मैनेजमेंट का रोल बढ़ जाता है। और ऐसी स्थिति में बीबीए को एक स्टूडेंट कॅरियर के रूप में बेहतरीन ऑप्शन के तौर पर चुन सकता है। ऐसी स्थिति में आपको कारपोरेट लीडर बनने का मौका मिल जाता है। अगर साधारण तौर पर भी बात की जाए, तो कॅरियर ग्रोथ के लिए बीबीए के बाद कैंडिडेट्स को एमआईएस अर्थात मैनेजमेंट इनफॉरमेशन सिस्टम का सर्टिफिकेशन कोर्स करने की सलाह भी एक्सपर्ट देते है। सॉफ्टवेयर की जानकारी से आपका कॉन्फिडेंस तो बढ़ेगा ही, साथ ही कारपोरेट वर्ल्ड में इन चीजों का बेहतर से बेहतर प्रयोग होता है, जिससे आपको काफी आसानी होगी। इसी प्रकार कम्युनिकेशन पर भी आपको खासा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि प्रबंधन वही कर सकता है, जो तमाम पक्षों से बेहतरीन कम्युनिकेशन करने की दक्षता रखता हो।



मार्केट के कई पक्ष होते हैं, और उनके साथ आप तभी ठीक तरह से कम्युनिकेट कर पाएंगे, जब आप बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल अपने भीतर रखते हैं। इसके लिए आपको अपने कलीग्स के साथ इंटरेक्शन करते रहना चाहिए, तो भिन्न न्यूज पेपर्स भी पढ़ते रहना चाहिए। इतना ही नहीं, मार्केट ट्रेंड को आप अपने ध्यान में हमेशा बनाए रखें, जिससे चीजों को समझने की आपकी दक्षता काफी बढ़ेगी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीबीए करने के बाद आपको एमबीए में एडमिशन लेने के अतिरिक्त मास कम्युनिकेशन, एनिमेशन, इवेंट मैनेजमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग इत्यादि में अपने पैशन और इंटरेस्ट के मुताबिक शॉर्ट टर्म कोर्स भी करते रहना चाहिए। इससे आपकी दक्षता तो बढ़ती ही है, आपका फोकस क्लियर होने से आप सफलता की राह पर इतनी ही तीव्रता से आगे की ओर बढ़ सकते हैं।

ध्यान दीजिये कि अगर आप साधारण कॉलेज से बीबीए करते हैं, और मार्केट ट्रेंड्स पर नजर बनाए रखते हैं, तो शुरुआत में 12000 से 18000 तक की मासिक वेतन पर आपको शुरुआत मिल सकती है, और जैसे-जैसे आप अनुभव में दक्ष होते जाएंगे, वैसे-वैसे लीडर्स की पोजीशन आपको अपनाती चली जाएगी। हालाँकि बीबीए के बाद आपको एमबीए करने की सलाह भी कई एक्सपर्ट आपको देंगे और यह बेहद नॉर्मल है। बीबीए के बाद एमबीए तकरीबन 2 वर्ष का है और तमाम टॉप कॉलेज आपको आसानी से एक से बढ़कर एक आप्शन देते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कैट और मैट जैसे एंट्रेंस एग्जाम पास करने पड़ते हैं, और फिर एमबीए में आप मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस और इंटरनेशनल ट्रेड इत्यादि दूसरे स्पेशलाइजेशन कोर्स कर सकते हैं, और अपने कैरियर को चुन सकते हैं। अगर आप के पास समय कम है और आप जॉब कर रहे हैं, तो एग्जीक्यूटिव एमबीए में भी आपको बेहतरीन ऑप्शन उपलब्ध हो सकते हैं, और फिर बाद में आप हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट एजेंसी, मैन्युफैक्चरिंग एनजीओ और एफएमसीजी ऑर्गेनाइजेशंस में काम करके अपने कैरियर को सेप दे सकते हैं, तो बेहतरीन पैसे कमा सकते हैं। अगर आप एमबीए नहीं कर पाते हैं, तो मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। हालांकि कई जगह पर इन दोनों के बीच में कोई फर्क नहीं है, लेकिन एमबीए जहाँ डिग्री कोर्स है, जबकि पीजीडीएम एक डिप्लोमा कोर्स माना जाता है। परंतु अगर आपने किसी बेहतरीन कॉलेज से डिप्लोमा भी किया हुआ है, तो बीबीए के बाद इसका काफी महत्व होता है। एमबीए और पीजी डिप्लोमा के अलावा आप एमएस कोर्स भी कर सकते हैं और मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री ले सकते हैं। 2 वर्ष के इस कोर्स को किसी भी यूजीसी से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा सकता है। सबसे बेहतरीन है कि आप कितनी तत्परता से इन कोर्सेज को सीखते हैं और कितनी स्पीड के साथ अपने कॅरियर में अपनाते हैं। अगर आप सावधानीपूर्वक और फोकस तरीके से इसे करते हैं, तो ना केवल एंटरप्रेन्योरशिप में, बल्कि फाइनेंस एंड अकाउंटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सप्लाई चैन मैनेजमेंट, एचआर मैनेजमेंट, टूरिज्म मैनेजमेंट इत्यादि क्षेत्रों में भी अपने झंडे गाड़ सकते हैं। प्राइवेट सेक्टर में तो एडवरटाइजिंग, बैंकिंग, कंसलटेंसी, एविएशन, फाइनेंस, एंटरटेनमेंट, आईटी, इंश्योरेंस, ऑनलाइन मार्केटिंग, मैन्युफैक्चरिंग इत्यादि इंडस्ट्रीज आपको हाथों हाथ ले सकती हैं।

**एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है।**



# एमबीए की पढ़ाई की है तो ऐसे मिल सकता है मोटा वेतन

एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। कॅरियर की चाहे जितनी भी संभावनाएं सामने आ जाएँ, ट्रेडिशनल कोर्सेज का अपना स्वैग है। आप इतना जान लीजिए कि एमबीए स्टूडेंट की डिमांड आज भी काफी ज्यादा है, और तमाम कंपनियां प्रबंधन में अलग-अलग बैकग्राउंड के एमबीए लड़कों को लेना प्रीफर करती हैं, क्योंकि कार्य करने वाले तमाम लोग तो किसी भी जगह पर उपस्थित होते हैं, पर बेहतरीन ढंग से प्रबंधन करना और कार्य कराना हर कंपनी की प्राथमिकता में सबसे ऊपर होता है। इसीलिए एमबीए करने वाले लड़कों को अच्छी खासी सैलरी भी मिलती है। हालांकि अगर आप अपने कॅरियर से लापरवाही बरतते हैं, इंटरव्यू को लेकर लापरवाही बरतते हैं, तो आप सैलरी के मामले में पिछड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि एमबीए करते समय और उसके पहले क्या सावधानियां आपको अच्छा खासा वेतन दिला सकती हैं।

## विषय का रखें ध्यान

जी हां! 12वीं के तत्काल बाद आपको विषयों के चुनाव में सावधानी बरतना चाहिए। अगर आप बाद में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन में ही उन विषयों को चुनकर रखना चाहिए, जो बाद में एमबीए करने में आपकी मदद करें। साथ ही इंग्लिश पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि मल्टीनेशनल कंपनियां इंग्लिश को अच्छा खासा प्रेफरेंस देती हैं, तो शुरु से ही अगर आप इसकी तैयारी करते हैं, तो बाद के दिनों में आप इसमें महारत हासिल कर सकते हैं।

## बिजनेस वर्ल्ड पर नजर रखें

शेयर मार्केट की उठापटक, मार्केट ट्रेस करना, कंपनी को रिस्ट्रक्चर किस तरह से किया जाता है, कंपनी के संभालने-रजिस्ट्रेशन इत्यादि से संबंधित कानून इत्यादि बिजनेस वर्ल्ड की तमाम बातों को आप अनदेखा ना करें, बल्कि उन पर केस स्टडी करें। ऑनलाइन तमाम मैटेरियल अवेलेबल हैं, किंतु आप अपने दूसरे फ्रेंड्स, कलीग्स इत्यादि से भी इन विषयों पर गहराई से बात कर सकते हैं। यह आपके नॉलेज को बढ़ाने में अच्छा खासा सहायक सिद्ध होगा, क्योंकि आखिरकार आपको बिजनेस वर्ल्ड में ही जाना और उसके अनुरूप कार्य करना है। ध्यान रखिए एमबीए का मतलब प्रबंधन से जुड़ा हुआ है, तो प्रबंधन आप तभी करेंगे जब लोगों के बीच में रहेंगे। लोगों के बीच में रहने का मतलब नेटवर्किंग से भी जुड़ा होता है और ऐसी स्थिति में पार्टी- गैदरिंग इत्यादि में आपकी मौजूदगी जरूरी है। जाहिर तौर पर आप इस तरह की टीम स्पिरिट विकसित करके नेटवर्किंग बढ़ा सकते हैं, और इस मामले में अपनी स्किल को धार दे सकते हैं।

## ग्रुप स्टडी

यह आपकी काफी मदद कर सकती है, क्योंकि एक विषय को जब आप पढ़ते हैं, तो आपका अपना एक नजरिया होता है, एक दिशा होती है, वहीं जब आप ग्रुप स्टडी करते हैं, तो कई सारे पक्ष आपके सामने आते हैं। इसके अलावा ग्रुप स्टडी का एक फायदा यह भी नजर आता है कि कई बार जो चीज आप नहीं पढ़े होते हैं, वह भी ग्रुप स्टडी में सुन-सुनकर आपका सबकॉन्शियस माइंड उन चीजों को ऐड कर लेता है।

## लक्ष्य क्लियर रखें

ध्यान रखिए! प्रबंधन के विषयों में उद्देश्य समझना जरूरी है। आप क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, आप खुद से क्या चाहते हैं? अगर यह सारी चीजें आपके दिमाग में पहले से क्लियर हैं, तो उन उद्देश्यों को पाने से आपको कोई नहीं रोक सकता, किंतु अगर आप खुद ही क्लियर नहीं हैं, तो आप मुश्किल में पड़ने वाले हैं, और आप को नहीं समझ में आएगा कि आप जिंदगी से वास्तव में चाहते क्या हैं? सोचिये-समझिये कि आप अपने कॅरियर से चाहते क्या हैं और अपना लक्ष्य क्लियर रखें, और उसी के अनुरूप तैयारी करें। इसी के माध्यम से अगर आप इन विषयों में महारत हासिल कर लेते हैं, तो दुनिया की कोई ताकत आपको मोटा वेतन से और एक सफल कैरियर बनाने से नहीं रोक सकती। जहाँ तक एमबीए में प्रवेश के लिए योग्यता की बात है तो आपको ग्रेजुएशन में डिग्री के साथ-साथ कम से कम 50% मार्क्स होने आवश्यक हैं और अलग-अलग पैटर्न के एग्जाम देकर आप इस में प्रवेश ले सकते हैं।

मुख्य रूप से एमबीए इन फाइनेंस, एमबीए इन मार्केटिंग, एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, एमबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस, एमबीए इन ऑपरेशन मैनेजमेंट, एमबीए इन इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के कोर्स मौजूद हैं। इसके लिए ऊपर बताये गए पॉइंट्स को अवश्य ही ध्यान में रखें और तभी आपका कांसेप्ट क्लियर रहेगा और आप एक सफल कॅरियर और मोटी तनख्वाह की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।



# इन तरीकों से भी आप जुड़ सकते हैं ब्यूटी इंडस्ट्री से

**इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।**

जब भी ब्यूटी इंडस्टी में कॅरियर बनाने की बात होती है तो सबसे पहले मेकअप आर्टिस्ट बनने का ही ख्याल आता है। यकीनन यह कॅरियर ऑप्शन हर किसी के मन को लुभाता है और आजकल तो सिर्फ महिलाएं ही नहीं, पुरूष भी बतौर मेकअप आर्टिस्ट बनकर अच्छा खासा पैसा और नाम कमा रहे हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सिर्फ मेकअप आर्टिस्ट बनकर ही अपना कॅरियर संवारें। अगर आप भी खुद को खूबसूरती की इस दुनिया में स्थापित करना चाहते हैं तो इसके लिए आप अन्य कई राहों को चुन सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको इनमें से कुछ के बारे में बताते हैं-

## मेकअप आर्टिस्ट

इसके बारे में तो हर कोई जानता है। एक मेकअप आर्टिस्ट पार्टी वियर मेकअप से लेकर ब्राइडल, फोटोशूट, मीडिया मेकअप आदि करता है। इनका मुख्य काम कॉस्मेटिक्स का सही तरह से एप्लीकेशन करना होता है और इन्हें कलर्स व शेड्स की काफी अच्छी जानकारी होती है। बतौर प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट आप सैलून, फिल्म, थिएटर, मॉडलिंग एजेंसी या फैशन डिजाइनर्स आदि के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## ब्यूटी ब्लॉगर

अगर आप अपने टैलेंट व स्किल को दुनिया के सामने लाना चाहते हैं तो इसमें इंटरनेट की मदद लें। आप बतौर ब्यूटी ब्लॉगर खुद को स्थापित कर सकते हैं। आप लेखन या वीडियोज के जरिए अपने स्किल्स को लोगों के साथ बांट सकते हैं। अगर आप सच में मेकअप व ब्यूटी केयर की गहरी समझ रखते हैं तो यकीनन लोग आपको काफी पसंद करेंगे। आप अपने ब्लॉग में किसी मेकअप प्रॉडक्ट का रिव्यू करने से लेकर ब्यूटी व मेकअप करने की तकनीक, मेकअप ट्यूटोरियल, ब्यूटी टिप्स व टेंड के बारे में बता सकते हैं। बस आप अपना ब्लॉग या चैनल शुरू करें और अपना ज्ञान दूसरों के साथ बांटें। बतौर ब्यूटी ब्लॉगर आप खुद को काफी फेमस भी कर सकते हैं।

## हेयर स्टाइलिस्ट

कभी भी मेकअप तभी अच्छा लगता है, जब हेयरस्टाइलिंग भी अच्छी हो। जहां कुछ समय पहले तक मेकअप आर्टिस्ट ही हेयर स्टाइलिंग करते थे, वहीं अब अलग से प्रोफेशनल हेयर स्टाइलिस्ट की डिमांड होने लगी है। हेयर स्टाइलिस्ट बालों को कटिंग, ट्रिमिंग, स्टाइलिंग और अन्य तरीकों से आपको एकदम परफेक्ट लुक देते हैं। बतौर हेयरस्टाइलिस्ट आप एक्टर्स, थिएटर प्रॉडक्शन, टेलीविजन सेट्स या मेकअप आर्टिस्ट के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं।

## नेल टेक्नीशियन

पिछले कुछ समय से नेल आर्ट का क्रेज काफी बढ़ गया है। आजकल नाखूनों को एक कैनवास के रूप में देखा जा रहा है, जिस पर आप अपनी क्रिएटिविटी को आसानी से उकेर सकते हैं। प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन की मार्केट में अलग से डिमांड है। यह नाखूनों पर बेहद खूबसूरत नेल डिजाइन्स बनाते हैं। बतौर नेल टेक्नीशियन आप खुद का नेल सैलून खोल सकते हैं या फिर अन्य सैलून, स्पा या रिसॉर्ट आदि में काम कर सकते हैं।

# इन प्रश्नों की मदद से आप किसी की भी पर्सनैलिटी के बारे में जान सकते हैं

अक्सर हम किसी भी व्यक्ति की पर्सनैलिटी के विषय में जब जानना चाहते हैं तो हम उससे कुछ सवाल पूछते हैं। उन सवालों के आधार पर हम ये जानने और समझने का प्रयास करते हैं कि व्यक्ति की पर्सनैलिटी कैसी है। आइए जानते हैं उन सैम्पल प्रश्नों के विषय में जिन्हें आधार बनाकर किसी की पर्सनैलिटी के विषय में पता लगाया जा सकता है।

## आपका रोल मॉडल कौन है?

यह प्रश्न आपको किसी व्यक्ति की प्राथमिकताओं, आकांक्षाओं और उद्देश्यों के बारे में बहुत कुछ बताएगा। आप लोगों की लिस्ट पेश करके पूछ सकते हैं कि आप किस व्यक्ति की सबसे अधिक सराहना करते हैं और आपका रोल मॉडल कौन है। प्रत्येक विकल्प किसी व्यक्ति के लिए एक निश्चित प्रवृत्ति या प्राथमिकता की ओर निर्देशित कर सकता है। इस प्रश्न के जरिए किसी की पर्नैलिटी का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

## आपको सबसे बेहतर कौन जानता है?

व्यक्ति के खुलेपन और घनिष्ठ संबंध बनाने की इच्छा के बारे में बहुत कुछ जानना चाहते हैं तो यह प्रश्न उस व्यक्ति के बारे में यह बताएगा। यदि उनकी अपनी मां उन्हें सबसे अच्छी तरह से जानती है, तो आप एक अंतर्मुखी के साथ बात कर रहे हैं। यदि कोई कहता है कि उन्हें अपनी बहन और एक दोस्त सबसे अच्छी तरह से जानते हैं, तो आप शायद किसी ऐसे व्यक्ति से बात कर रहे हैं जो मतभेदों और असहमति के बावजूद लोगों को जानने और उनके साथ बंधने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

## आपने अपनी सबसे बड़ी असफलता से क्या सीखा?

यह प्रश्न बताता है कि क्या कोई व्यक्ति क्रिएटिव तरीके से अपनी असफलता से निपटता है। इन प्रश्न के उत्तर के बाद आप जान सकते हैं कि व्यक्ति पॉजिटिव पर्सनैलिटी का है या नेगेटिव पर्सनैलिटी का।

## अगर आपके घर में कोई चीज टूट जाती है, तो आप सबसे पहले क्या करते हैं?

यह आपको दिखाएगा कि एक व्यक्ति समस्याओं से कैसे निपटता है और काम में बाधा आने पर उनके कार्य करने की संभावना कैसे होती है। पर्सनैलिटी जांचने के लिए यह सबसे बेहतर तरीका हो सकता है।

## वह कौन सा तरीका है जो आपको शांत करने में मदद करता है?

किसी के व्यवहार के बारे में जानना है तो ये जरूर जानिए कि व्यक्ति विषम परिस्थितियों में खुद को शांत कैसे रखता है। जो व्यक्ति विषम परिस्थियों में खुद को शांत रख सकता है वह जीवन में कुछ भी कर सकता है।

